बुधवार

28 अगस्त 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




पटना सिटी के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल का निर्माण तेजी से करें पूरा: नीतीश

2


प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


# डॉक्टर रेप मर्डर केस... कोलकाता में विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज, पानी की बौछार

- पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हजारों छात्र नबन्ना मार्च को निकले थे
- छात्र सीएम ममता बनर्जी के इस्तीफे की कर रहे थे मांग

**एजेंसी/कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए मंगलवार को हजारों छात्र 'नबन्ना मार्च' के तहत सचिवालय भवन का घेराव करने निकले, तो कोलकाता पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे... छात्र इतने पर भी पीछे नहीं हटे तो उन पर तेज पानी की बौछार की। दरअसल विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने सचिवालय के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए थे। सचिवालय जाने वाली सड़कों पर जगह जगह बैरिकेड्स लगाए गए थे। इससे पहले नबन्ना प्रोटेस्ट के लिए निकले छात्रों ने पुलिस की बैरिकेडिंग को तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। बताया जा रहा है कि प्रदर्शनकारी छात्रों की ओर से इस दौरान पत्थरबाजी भी हुई। पुलिस ने छात्रों से कहा कि उनका प्रदर्शन गैरकानूनी है। अभियान में मुख्य रूप से युवा शामिल थे, जो आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की एक चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की और घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।





बता दें कि नबन्ना राज्य का सचिवालय है, यही से पश्चिम बंगाल सरकार संचालित होती है। प्रदर्शनकारियों को नबन्ना पहुंचने से रोकने के लिए चेक गेटों पर ग्रीसिंग भी की गई, जाकि वह बैरिकेड्स पर न चढ़ सकें। छात्रसमाज' के प्रवक्ता शायन लाहिड़ी ने कहा कि यह रैली अराजनीतिक थी। उन्होंने कहा, उकसाये जाने के बावजूद हम इसे आरजी कर अस्पताल में हमारी बहन के साथ हुए जघन्य अपराध के खिलाफ अपने अभियान को शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक रखना चाहते हैं। हम उसके और उसके परिवार के लिए न्याय की मांग करते हैं। बंगाल और देश की जनता की न्याय की मांग को ममता बनर्जी सरकार को सुनना चाहिए।

## बर्बरता नहीं रोकी गई तो ठप करेंगे बंगाल: भाजपा

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पुलिस ने कोलकाता और हावड़ा में 'नबन्ना अभिजन' रैली में शांतिपूर्ण तरीके से भाग लेने वालों पर बर्बर कार्रवाई का सहारा लिया है। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार द्वारा 'बर्बरता' नहीं रोकी गई तो पश्चिम बंगाल को 'ठप' कर दिया जाएगा।

## बंगाल में महिला सुरक्षा पर बोलना अपराध है: नड्डा

कोलकाता में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस बल की कार्रवाई पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। ममता सरकार की निंदा करते हुए नड्डा ने कहा कि दीदी के बंगाल में बलात्कारियों का सम्मान हो रहा है। बंगाल में महिला सुरक्षा पर बोलना अपराध है। कोलकाता पुलिस के कार्रवाई से लोगों के मन में गुस्सा है।

## भाजपा ने आज कोलकाता बंद का किया ऐलान

छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में बीजेपी ने 28 अगस्त को कोलकाता बंद का ऐलान किया है। वहीं 30 अगस्त को ताला लगाओ आंदोलन करने की घोषणा की है। हालांकि इसके विरोध में बंगाल सरकार ने आदेश पारित कर दिया है। बंगाल सरकार का कहना है कि कल ऐसा कुछ नहीं होगा। बंगाल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को अपने आदेश में कहा है कि कल सभी को दफ्तर आना है। गैर हाजिरी पर एक्शन लिया जाएगा। टीएमसी की तरफ से कहा गया है कि यह पश्चिम बंगाल में अराजकता लाने की साजिश है।

### सिपाही भर्ती की परीक्षा संपन्न होने के बाद विभिन्न जिलों में होगी तैनाती

# बिहार में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए 10 हजार 332 पदों की मिली स्वीकृति

- पूर्व से 12 जिलों में स्वीकृत यातायात बलों के अलावे प्रदेश के अन्य 28 जिलों में होंगे यातायात थाना
- पटना जिले में 1807 अतिरिक्त यातायात बलों की मिली स्वीकृति

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार प्रदेश की यातायात व्यवस्थाओं और अधिक बेहतर और सुदृढ़ होगी। इसके लिए कुल 10 हजार 332 पदों को स्वीकृति किया गया है। पूर्व से 12 जिलों में स्वीकृत यातायात बलों के अलावे प्रदेश के अन्य 28 जिलों में यातायात थाना होंगे, जिसके लिए 4215 और हाइवे पेट्रोलिंग योजना के लिए कुल 1560 यातायात बलों की स्वीकृति मिली है। बीपीआर एंड डी नॉर्म्स 2015 के अनुसार पटना जिले में 1807 अतिरिक्त यातायात बलों की स्वीकृति मिली है। बेहतर ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर यातायात बलों की उपलब्धता के आधार पर विभिन्न जिलों में यातायात बल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सिपाही भर्ती की परीक्षा संपन्न हो जाने के बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वीकृत बलों की पूर्ती की जाएगी।

## नवंबर 2023 से बिहार में बंद है मैनुअल चालान की प्रक्रिया



नवंबर 2023 से बिहार में यातायात नियमों के उल्लंघन पर मैनुअल चालान की प्रक्रिया पूरी तरह से बंद कर दी गई है। राज्य में 1527 हैंड हेल्ड डिवाइस से यातायात नियमों को तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप और साक्ष्य आधारित कार्रवाई के कारण चालान प्रक्रिया के दौरान शिकायतों में भी काफी कमी आई है। हैंड हेल्ड डिवाइस से कार्रवाई के कारण राजस्व में भी वृद्धि हुई है।

**चालान की कार्रवाई में हुई वृद्धि:** राज्य में यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान की कार्रवाई में 2022 से 2023 के बीच 116.43 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 में जनवरी से जुलाई के बीच यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर लगभग 18 करोड़ 75 लाख की जुमार्ना राशि वसूली गई। इसकी तुलना में वर्ष 2024 में जनवरी से जुलाई के बीच नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई में 213 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## 7 से 15 अगस्त तक 9 करोड़ 50 लाख रु का कटा चालान

ट्रांसपोर्ट विभाग एवं एनआईसी के माध्यम से राज्य के सभी टोल प्लाजा पर 7 अगस्त 2024 से ई-डिटेक्शन पोर्टल की शुरूआत की गई है। 7 से 15 अगस्त 2024 तक यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर लगभग 9 करोड़ 50 लाख रुपए का चालान किया गया। ई-डिटेक्शन पोर्टल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा की दिशा में सुधार लाना है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर संचालित इस पोर्टल के माध्यम से सड़क पर चलने वाली अनफिट गाड़ियों पर अंकुश लगाया जायेगा, ताकि सड़क दुर्घटना में कमी हो सके। अनफिट गाड़ियों के दौड़ने का एक बड़ा उदाहरण हाल ही में 10 जून 2024 को उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में इसी कारण हुई बस दुर्घटना हुई थी, जिसमें बिहार के 18 यात्रियों की मौत हुई थी।

## 553 बॉडी वॉर्न कैमरे की मदद से ट्रैफिक गतिविधियों पर रखी जा रही है नजर

ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की वर्दी पर लगे बॉडी वॉर्न कैमरे से अब हर चीज रिकॉर्ड हो रही है, जिससे यातायात नियमों के उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई के दौरान पारदर्शिता बढ़ी है। इसका उद्देश्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों द्वारा की जाने वाली कानूनी कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों से मिलने वाली शिकायतों को कम करना है।

साथ ही ट्रैफिक पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों के लिए बॉडी वॉर्न कैमरा कानूनी कार्रवाई के दौरान एक कानूनी ढाल का भी काम करेगा। इसके प्रभावी उपयोग के लिए जल्द ही जारी किया जाएगा। यातायात बलों के स्वीकृत पदों के हिसाब से प्रदेश के विभिन्न जिलों में यातायात बलों की पदस्थापना हो जाने से राज्य की यातायात व्यवस्थाओं में गुणात्मक सुधार होगा। साथ ही स्टेट हाइवे पेट्रोलिंग पुलिस में यातायात बलों की पदस्थापना हो जाने से राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं में मौत के आंकड़ों में भी कमी लाई जा सकती है।

# मोतिहारी में सड़क पर रील्स बना रहे 3 दोस्तों को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा, दो की मौत, एक गंभीर

**केटी न्यूज/पटना**

मोतिहारी जिले के केसरिया थाना क्षेत्र के केसरिया-चकिया पथ के बैसखवा गांव के पास रील्स बना रहे बाइक सवार तीन युवकों को ट्रक ने रौंद दिया, जिससे दो युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक घायल है। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक में आग लगा दी। बताया जाता है कि एक घायल युवक ट्रक के पिछले चक्के में फंसा हुआ काफी देर तक खूब चिला रहा था और लोग वीडियो बनाने में लगे थे। किसी ने मानवता का परिचय देकर बचाने का प्रयास तक नहीं किया। सूचना पर केसरिया थाना पुलिस पहुंची, जिसके बाद ट्रक से किसी तरह घायल युवक को बाहर निकाला और केसरिया में इलाज के लिए भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल में रेफर कर दिया।

सूचना के बाद केसरिया थाना पुलिस जब तक मौके पर पहुंची, तब तक स्थानीय ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर ट्रक में आग लगा दी, जिससे ट्रक पूरी तरह जल कर खाक हो गया. वहीं घटना में मृतक की पहचान केसरिया थाना क्षेत्र के रंजीत कुमार (15 साल) पिता- उमेश महतो, मिट्ठू कुमार (15 साल ) पिता प्रभु महतो और घायल अजय कुमार के रूप में की गई है।

## जय शाह आईसीसी के अध्यक्ष चुने गए

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अगले अध्यक्ष चुने गए हैं। अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई का कामकाज संभाल रहे जय शाह एक दिसंबर 2024 से आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। मौजूदा अध्यक्ष ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त हो रहा है और इस पद के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 27 अगस्त थी। शाह को अब बीसीसीआई सचिव का पद छोड़ना होगा। बोर्ड की आमसभा की बैठक अगले महीने या अक्तूबर में होगी।

# दरभंगा जा रही ट्रेन में टिकट जांच करता फर्जी टीटीई धराया

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पटना। पटना से जोगबनी जा रही ट्रेन संख्या 13212 में यात्रियों की टिकट चेक करते एक फर्जी टीटीई को गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि ट्रेन जैसे ही समस्तीपुर से दरभंगा के लिए खुली, टीटीई ने यात्रियों का टिकट चेक करना शुरू कर दिया। लेकिन सफर कर रहे एक यात्री को टीटीई के टिकट चेक करने तरीके से संदेह हुआ तो उस यात्री ने टीटीई का फोटो खींचकर रेल प्रशासन समस्तीपुर को जानकारी दी। रेल प्रशासन ने भी त्वरित कार्यवाई करते हुए टाइगर स्क्वॉयड के धर्मेंद्र कुमार और किशोर को जांच के लिए लगाया। जांच में फर्जी पाते ही उसे दरभंगा जंक्शन से गिरफ्तार कर लिया गया। दरभंगा जंक्शन से गिरफ्तार टीटीई की पहचान अखिल चौधरी के रूप में कई गई है। उसने पूछताछ में बताया कि वह रेलवे में नौकरी की तैयारी कर रहा है।

# मायावती फिर चुनी गईं बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष

**एजेंसी/लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मंगलवार को हुई बैठक में मायावती को फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उनका कार्यकाल पांच साल होगा। उनके नाम का प्रस्ताव पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने किया, जो सर्वसम्मति से मंजूर हो गया। वहीं, नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद का कद बढ़ाते हुए उन्हें महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है। बसपा सुप्रीमो ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में देश भर से आए पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दलितों एवं बहुजनों को अपनी शक्ति पर भरोसा करना सीखना ही होगा वरना धोखा खाते रहेंगे और लाचारी व गुलामी का जीवन जीने को मजबूर बने रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में बहुमत से दूर भाजपा के नेतृत्व में बनी एनडीए की सरकार का रवैया सुधारवादी नहीं लगता है जिससे इसको स्थाई व मजबूत सरकार नहीं कहा जा सकता है।

# पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले सपा नेता रजा के निमार्णाधीन बिल्डिंग पर चला बुलडोजर

**एजेंसी/लखनऊ**

यूपी के फतेहपुर में पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले सपा नेता हाजी रजा के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। प्रशासन ने शहर के बाकरगंज में गलत नक्शे पर निमार्णाधीन तीन मंजिला भवन के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

एसडीएम सदर प्रदीप रमन राजस्व अफसरों के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद स्थानीय निगम अफसरों ने मोर्चा संभाला और देखते ही देखते सपा नेता की निमार्णाधीन बिल्डिंग को जमींदोज कर दिया। एसडीएम ने कहा कि यह बिल्डिंग हाजी रजा के अलावा दो और लोगों के नाम पर है। वहीं गलत नक्शे के जरिए इसका



निर्माण कराया जा रहा है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी उत्तम पटेल की जीत पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां पर पूर्व नगरपालिका चेयरमैन के बेटे और सपा नेता हाजी रजा ने पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। इसके बाद फतेहपुर के स्थानीय भाजपा नेता ने हाजी रजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

### 'स्वच्छता पखवाड़ा' को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने पूरी कीं तैयारियां

# उप्र में एक सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा मनाएगी सरकार

- अलग-अलग तिथियों में होंगे अलग-अलग कार्यक्रम
- एक सितंबर को परिषदीय विद्यालयों में 'स्वच्छता शपथ'का होगा आयोजन

**केटी न्यूज/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की पहचान को स्वच्छ प्रदेश के तौर पर स्थापित करने के लिए प्रयासरत योगी सरकार एक सितंबर से 15 सितंबर तक प्रदेश में 'स्वच्छता पखवाड़ा' मनाने जा रही है। 15 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों और शिक्षकों के साथ समुदाय के लोग भी सक्रिय रूप से हिस्सा लेंगे। इसको लेकर विभागीय स्तर पर तैयारियों को अंजाम दिया जा रहा है।





उल्लेखनीय है कि 'स्वच्छता पखवाड़ा' के पहले दिन 'स्वच्छता शपथ' दिलाई जाएगी, जिसमें छात्र, शिक्षक और स्टॉफ के साथ ही अन्य नागरिकों की भी सहभागिता होगी। शपथ दिलाने के बाद विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां शुरू होंगी। निर्धारित कार्यक्रमों और गतिविधियों को अवकाश पड़ने की स्थिति में अगले दिन होने वाले कार्यक्रमों के साथ संपन्न कराया जाएगा।

## अच्छी आदतों को अपनाने के लिए किया जाएगा प्रेरित

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 'स्वच्छता पखवाड़ा'की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। 'स्वच्छता पखवाड़ा' मनाने के लिए उन्हें कार्यक्रमों और गतिविधियों की सूची भी उपलब्ध कराई गई है। पखवाड़े के प्रथम सप्ताह में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक होगी और इसमें स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी जाएगी। बच्चों के माता-पिता और शिक्षकों के मध्य बैठक कर लोगों के बीच साफ-सफाई और हाथ धोने, मास्क का प्रयोग करने और सामाजिक दूरी के महत्व को बताया जाएगा। इन स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों को शिक्षक और छात्रों को विद्यालय और घर तथा समुदाय के लोगों को घर और कहीं बाहर होने की स्थिति में अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन:** प्रत्येक विद्यालय या शिक्षण संस्थान में बच्चों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था और उपलब्धता से जुड़ी सुविधाओं तथा विद्यालय परिसर की स्वच्छता से संबंधित होने वाले कार्यों का भी मूल्यांकन होगा। मूल्यांकन की जिम्मेदारी विद्यालय के शिक्षक की होगी। मूल्यांकन करने वाला शिक्षक सुविधाओं की मरम्मत और रख-रखाव के लिए आवश्यकता के अनुसार प्रस्ताव तैयार करेगा और योजना भी बनाएगा। इस दौरान विद्यालयों में साफ-सुथरे परिसर और स्वच्छ शौचालय विषयक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विद्यालय में सफाई और स्वच्छता की आदतों पर छात्रों के लिए निबंध, स्लोगन और कविता लेखन के अलावा पेंटिंग, भाषण, प्रश्नोत्तरी, मॉडल बनाने की प्रतियोगिताएं भी होंगी।




# उपेंद्र और मनन पहुंचे राज्यसभा, बिहार की 16 में से 10 सीटें अब एनडीए के पास

- राजद की मीसा भारती और भाजपा के नेता विवेक ठाकुर के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद यह दोनों सीटें हुई थी खाली
- दोनों ही नेताओं को बिहार विधानसभा में निर्वाचित होने का मिला प्रमाण पत्र



**केटी न्यूज/पटना**

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सभा के लिए सुप्रीम कोर्ट के बीसीआई के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को अपना उम्मीदवार बनाया था। दोनों ही प्रत्याशी मंगलवार को निर्विरोध चुने गए हैं। राज्यसभा में उपेंद्र कुशवाहा का कार्यकाल दो वर्ष का रहेगा और मनन मिश्रा का कार्यकाल चार वर्षों का होगा। राष्ट्रीय जनता दल की मीसा भारती और भारतीय जनता पार्टी के नेता विवेक ठाकुर के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद यह दोनों सीटें खाली हो गई थीं। दोनों ही नेताओं को बिहार विधानसभा में निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस मौके पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत तमाम अन्य नेता मौजूद रहे। कुशवाहा ने एनडीए के वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद दिया। निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद उपेंद्र कुशवाहा ने एनडीए के तमाम वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि यह मेरे लिए बिहार को विकसित करने का, पिछड़े, अति पिछड़े समाज को आगे बढ़ाने का और सवालों को उठाने का एक बड़ा अवसर है। पहले भी हमने सवाल उठाया है और अब फिर उठाएंगे। एनडीए के लिए मिलकर काम करने में पीछे नहीं हटुंगा। वहीं, राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए मनन मिश्रा ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे मिली है, उसे मैं बखूबी निभाऊंगा। भाजपा के पक्ष में होगा चुनाव। मनन मिश्रा ने कहा कि पार्टी ने जो बड़ी जिम्मेदारी मुझे दी है, वह इसलिए दी है ताकि सरकार और न्यायपालिका के बीच समन्वय स्थापित हो सके। मैं प्रयास करूंगा कि सरकार ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है, उसको बखूबी निभाऊं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में परिणाम भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आएंगे। जहां भी कुछ राज्यों के लोग जो अधिक भ्रमित हो गए थे, कांग्रेस के लोगों ने जिस तरह से भ्रमित किया, धीरे-धीरे सभी मतदाताओं की आंखें खुल गई है। सभी को समझाएंगे और चुनाव भाजपा के पक्ष में होगा। इसके लिए पार्टी हर स्तर पर कार्य कर रही है। वहीं, राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने का प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद कुशवाहा एवं मिश्रा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आवास जाकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने दोनों नवनिर्वाचित सांसदों को जीत की शुभकामनाएं दीं।

# घूसखोरी के खिलाफ चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर के घर आईटी की रेड

**केटी न्यूज/ पटना**

राजधानी पटना में चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर के घर आयकर विभाग की रेड पड़ी है। घूसखोरी के मामले में आयकर विभाग की टीम ने अपने ही वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ एक्शन ले लिया है। आईटी की टीम ने मुख्य आयकर आयुक्त के पटना स्थिति आवास पर छापेरमा की है। दरअसल, सीबीआई की टीम ने एक दिन पहले ही धनबाद में पोस्टेड मुख्य आयकर आयुक्त संतोष कुमार को 10 लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। इनकम टैक्स की राशि में फर्जीवाड़ा और टैक्स चोरी को मैनेज करने के एवज में चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर किसी शख्स से 10 लाख रुपए घूस ले रहे थे, तभी सीबीआई की टीम ने उन्हें अरेस्ट कर लिया था जबकि उनके एक करीबी को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।धनबाद में तैनात मुख्य आयकर आयुक्त संतोष कुमार का बिहार कनेक्शन सामने आया है। पटना स्थित आवास पर आयकर विभाग की टीम ने दबिश दी है। इसके साथ ही साथ धनबाद के अलावा पटना में भी सीबीआई भी अधिकारी के घर और दफ्तर में छानबीन कर रही है।

## अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने नक्शा के माध्यम से कैम्पस प्लान की जानकारी दी

# पटना सिटी के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल का निर्माण तेजी से करें पूरा: सीएम नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना सिटी के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल परिसर में निमार्णाधीन मॉडल अस्पताल का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन मॉडल अस्पताल के निर्माण कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने नक्शा के माध्यम से कैम्पस प्लान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मॉडल अस्पताल की लागत 30.42 करोड़ रुपये है।

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए ये निर्देश:** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुये कहा कि फरवरी 2025 तक इस मॉडल अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण करें। इस परिसर में नर्स हॉस्टल के नए भवन का भी निर्माण करायें। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह अस्पताल तक पहुंचने के लिए पहुंच पथ को ठीक करें ताकि मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। मॉडल अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को इलाज में काफी सहूलियत होगी। इस मॉडल अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं के होने से बीमारियों का उपचार बेहतर ढंग से हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने मरीज के परिजनों से उनका हालचाल जाना मुख्यमंत्री ने गुरु गोविंद सिंह अस्पताल परिसर का भी निरीक्षण किया और मरीज के परिजनों से उनका हालचाल जाना। अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में चलाए जा रहे दीदी की रसोई का भी निरीक्षण किया और जीविका दीदियों से बात कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह एवं पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम नीतीश कुमार ने नेत्र अस्पताल का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान पटना के निमार्णाधीन नेत्र अस्पताल का निरीक्षण किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार के साथ स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत कई दिग्गज मौजूद रहे।

### हर वर्ग का विकास करते हैं नीतीश : जमा

**पटना।** वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन बिल को लेकर जदयू प्रदेश कार्यालय में सोमवार को उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में मुस्लिम नेताओं ने विधेयक को लेकर कई बिंदुओं पर आपत्ति जताई। वहीं, इस बैठक को लेकर बिहार सरकार के मंत्री जमा खान ने कहा कि नीतीश कुमार हर समाज और हर वर्ग के लोगों को बराबर लेकर चलते हैं। बिहार में विकास नीतीश कुमार ने किया है।कोई कष्ट नहीं होने देंगे। मंत्री जमा खान ने कहा किबैठक हुई थी, जो जमीन का मामला है, उसी को लेकर चर्चा हुई है। कोई कष्ट नहीं होने देंगे। बिहार में उन्होंने जबसे कमान संभाला है, हमेशा विकास की ही बात करते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कहने पर ही कमेटी तैयार हुई। नीतीश कुमार लोकप्रिय नेता हैं।

# अब 2 तरीके से अटेंडेंस बना सकेंगे सरकारी शिक्षक

**केटी न्यूज/ पटना**

अब बिहार के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत सभी प्रधानाध्यापक, शिक्षक दो तरीके से अटेंडेंस बना सकते हैं। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में लिखा गया है कि उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का संदर्भ लेना चाहेंगे, जिसके माध्यम से राज्य के सरकारी विद्यालयों (प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय) में कार्यरत सभी प्रधानाध्यापक, शिक्षक को मोबाईल ऐप के माध्यम से प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किया गया है। उक्त निर्देश के आलोक में प्रतिदिन लगभग 4.50 लाख प्रधानाध्यापक गाना अध्यापक-शिक्षक द्वारा इस ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की जा रही है। इसी क्रम में अंकित करना है कि प्रधानाध्यापक-शिक्षक की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने हेतु मोबाइल ऐप पर नामक एक नया विकल्प दिया गया है, जिसके माध्यम से विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा भी विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की जा सकेगी। पत्र में आगे लिखा गया है कि इस प्रकार प्रधानाध्यापक / शिक्षक की प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करने हेतु मोबाइल ऐप पर अब दो विकल्प यथा (क) प्रधानाध्यापक / शिक्षक द्वारा स्वयं के मोबाइल से अथवा (ख) विद्यालय के प्रधानाध्यापक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जा सकती है। इससे शिक्षकों की परेशानी दूर हो सकती है। पिछले कुछ समय से लगातार परेशानी आ रही थी।

# बाइक चोरी के आरोप में अररिया में युवक को मिली तालिबानी सजा, प्राईवेट पार्ट में डाला मिर्च

**केटी न्यूज/ पटना**

अररिया जिले में भीड़ का तालिबानी फैसले का दिल दहलाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर हर इंसान की रूह कांप जा रही है। वीडियो में एक युवक को कुछ लोग पकड़कर उसके प्राइवेट पार्ट में लाल मिर्च डालते हुए दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लोगों ने युवक को चोरी के आरोप में पकड़ा था। वीडियो में साफ सुना जा सकता है कि लोगों ने युवक को बाइक चोरी के शक में पकड़ा था। पुलिस को सूचना देने के बजाय, कुछ लोगों ने कानून को अपने हाथ में लेते हुए उसे सजा देने का निर्णय लिया। पहले युवक की पिटाई की गई और फिर ऐसी दरिंदगी की गई, जिसे देखकर किसी का भी दिल दहल उठे। वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग युवक को बांधकर खड़ा किए हुए हैं, एक व्यक्ति उसकी पैंट उतारता है और फिर उसे झुकाकर उसके प्राइवेट पार्ट में लाल मिर्च का पूरा पैकेट डाल देता है। इस हैवानियत के बीच युवक की चीखें भी उन लोगों के दिलों में कोई असर नहीं डालती हैं। इसके बाद भी आरोपी, मिर्च पाउडर को पेन की मदद से उसके अंदर भरते दिखते हैं। आखिर में युवक को पैंट पहनाकर एक स्टूल पर बिठा दिया जाता है। वीडियो में करीब एक दर्जन लोग मौजूद हैं, कुछ इस दरिंदगी का वीडियो बना रहे हैं और कुछ इसमें हिस्सा ले रहे हैं। वीडियो के वायरल होते ही बिहार पुलिस ने फौरन संज्ञान लिया। बिहार पुलिस मुख्यालय ने सोशल मीडिया पर अररिया पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने का आदेश दिया। इसके बाद वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी मो. सिफत, पिता-अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया है और वायरल वीडियो में शामिल अन्य के बारे में पूछताछ कर रही है। एसपी अमित रंजन ने मामले की पुष्टि करते हुए तकनीकी शाखा से जांच में वीडियो की सत्यता प्रमाणिक होने की बात करते हुए आरोपी के गिरफ्तारी की बात कही।

### बिहार में हो चुका है राक्षस राज कायम : तेजस्वी यादव



**अररिया।** अररिया घटना पर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में राक्षस राज कायम हो चुका है। इस अमानवीय व्यवहार के खिलाफ जांच होनी चाहिए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। बिहार में कानून और व्यवस्था जैसी कोई चीज नहीं रह गई है। पुलिस विभाग में जो ट्रांस्फर पोस्टिंग होती है उसके बारे में पूरा बिहार जानता है। जब तक पुलिस को शक्ति नहीं दी जाएगी तब तक स्थिति सुधरने वाली नहीं है। बिहार की यही हकीकत है। मुख्यमंत्री या उनकी डबल इंजन की सरकार या भाजपा के लोगों को इससे कुछ लेना-देना नहीं है।

# मोतिहारी में मेडिकल जांच के लिए गए दो कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार

**केटी न्यूज/मोतिहारी**




पूर्वी चंपारण के ढाका में फिर पुलिस की लापरवाही सामने आई है। यहां जेल भेजे जाने से पहले मेडिकल जांच के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भेजे गए चार अभियुक्तों में दो अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। इसमें पुलिस ने एक को खदेड़ कर पकड़ लिया, लेकिन एक अभी भी पकड़ में नहीं आया। पुलिस इसको फिर से गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है।मंगलवार को चिरैया थाना से मेडिकल जांच के लिए ढाका अनुमंडलीय अस्पताल में चार कैदी लाए गए थे। इसमें मध निषेध के दो कैदी को लेकर दो पुलिसकर्मी गेट के सामने कुर्सी पर बैठ गए। वहीं, अन्य दो कैदियों को लेकर पुलिसकर्मी रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्ची कटाने के लिए गए हुए थे। इस बीच शराब तस्करी मामले में गिरफ्तार मुख्य द्वार के सामने कुर्सी पर बैठे दो कैदी सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए हथकड़ी की कुंडी निकाल लिए। मौका पाकर गिरफ्तार मनोज नाम का कैदी पहले भाग गया। अनुमंडलीय अस्पताल के पीछे का चारदीवारी कूदकर वह फरार हो गया। वहीं, दूसरा आरोपी श्याम सुन्दर भी अनुमंडलीय अस्पताल के पूर्वी छोर से भागते हुए प्रखंड अंचल कार्यालय होते हुए पीछे के रास्ते से भागने लगा।इस घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पीछाकर मनोज को फिर से गिरफ्तार कर लिया। वहीं, श्याम सुन्दर पकड़ में नहीं आ सका है। इसको गिरफ्तार करने हेतु पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस को चकमा देकर फरार हुए कैदियों में एक कैदी चिरैया थाना क्षेत्र के गोखुला निवासी मनोज कुमार है, जिसको दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, दिपही गांव निवासी कन्हाई राय का पुत्र श्याम सुन्दर कुमार भागने में सफल रहा। 26 अगस्त को सिकरहना डीएसपी के नेतृत्व में चिरैया पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया था।

# प्रशांत किशोर की जन सुराज में शामिल हुए पूर्व मंत्री देवेंद्र यादव

**केटी न्यूज/पटना**



पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र यादव प्रशांत किशोर की मौजूदगी में जन सुराज में शामिल हुए। इस दौरान देवेंद्र यादव ने कहा कि जन सुराज के अभियान में शामिल होकर चट्टानी एकता के साथ संकल्प लेंगे कि बिहार में परिवर्तन लाना है। उन्होंने कहा कि यहां बहुत सारे लोग हैं । वाली पार्टी में कौन है। मेरे तरकस में बहुत तीर- देवेंद्र यादवदेवेंद्र यादव ने कहा कि इंसान का राह बड़ा होता है प्रशांत का राह समाजवाद को पुनर्जीवित करने का है। समाजवाद को छोड़कर वो लोग अलग राह पर जा रहे हैं। समाजवाद को मुक्ति दिलाने के लिए हम प्रशांत भाई का साथ देंगे। बिहार समाजवादी का गढ़ है इसको फिर से जीवित करना हैं। उन्होंने बिहार के राजनीतिक दलों को लेकर कहा कि 100 प्रतिशत ये लोग जनता से अलग हो चूके हैं। उन्होंने कहा कि मेरे तरकस में बहुत तीर हैं जब छोड़ेंगे तो सब पराजित हो जाएंगे। इस मौके पर प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं देवेंद्र यादव जी को धन्यवाद देता हूं कि इन्होंने हमें समझा परखा। देवेंद्र बाबू आदमी अच्छे हैं चाहे जिस भी दल में हो लोगों ने इनके बारे में कहा आदमी अच्छा है। ये मेरे बड़े भाई जैसे है। ये व्यवस्था को बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने जा रहे हैं। जन सुराज देवंद्र जी का साथ पाकर धनी महसूस कर रहे हैं। जन सुराज बनाने वालों में देवेंद्र बाबू का नाम लिखना शुरू कर दीजिए। प्रशांत किशोर की भूमिका अच्छी मिट्टी को ढूंढने वाले की है।

## त्योहारों में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लिया निर्णय, यात्रियों को दी जाएगी सुविधा

# त्योहारों में यात्रियों को मिलेगी राहत, पटना-दानापुर से आनंद विहार के लिए चलेंगी कई पूजा स्पेशल ट्रेनें

**केटी न्यूज/पटना**



आगामी पर्व त्योहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे द्वारा पटना एवं दानापुर से आनंद विहार के लिए तथा पटना से थावे के लिए चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन का परिचालन विस्तार करते हुए पूजा स्पेशल के रूप में चलाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है। 02391/02392 पटना-आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल (साप्ताहिक): अब गाड़ी संख्या 02391 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल अब दिनांक 05.10.2024 से 09.11.2024 तक प्रत्येक शनिवार को पटना से तथा गाड़ी संख्या 02392 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 06.10.2024 से 10.11.2024 तक प्रत्येक रविवार को आनंद विहार से चलायी जाएगी। विदित हो कि गाड़ी संख्या 02391 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल पटना से 22.20 बजे प्रस्थान कर तथा विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचती है।वहीं, वापसी में गाड़ी संख्या 02392 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक आनंद विहार से 23.20 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 17.20 बजे पटना पहुंचती है। अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रुक रही है। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04 कोच, शयनयान श्रेणी के 12 कोच एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच हैं। 03255/03256 पटना-आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल (सप्ताह में दो दिन): अब गाड़ी संख्या 03255 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 03.10.2024 से 14.11.2024 तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को पटना से तथा गाड़ी संख्या 03256 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 04.10.2024 से 15.11.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को आनंद विहार से चलाई जाएगी। विदित हो कि गाड़ी संख्या 03255 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल पटना से 22.20 बजे खुलकर अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचती है। वापसी में गाड़ी संख्या 03256 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल आनंद विहार से 23.20 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 17.20 बजे पटना पहुंचती है। अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जं, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रूकती है। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 04 कोच, तृतीय इकॉनोमी होगी।



# क्या मुर्दे देंगे जवाब! राजपुर सीडीपीओ ने मृत सेविका से मांगा स्पष्टीकरण

- रक्षाबंधन के दिन हादसे में हुई थी संगराव नाहर डेरा की सेविका की मौत, एक सप्ताह बाद सीडीपीओ कार्यालय से पहुंचा स्पष्टीकरण

**केटी न्यूज/बक्सर**

एक सप्ताह पहले जिस सेविका की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी, उसे सीडीपीओ ने टीएचआर वितरण के लापरवाही तथा पोषण टैज्कर पर लाभ शून्य दिखाने पर शो-कॉज थमा 24 घंटे के अंदर जबाव देने का निर्देश दिया है। शो-कॉज मिलते ही उक्त दिवंगत सेविका के परिजन हैरान हो गए। परिजनों ने बताया कि उक्त सेविका की मृत्यु की जानकारी आईसीडीएस कार्यालय को न सिर्फ दी गई है बल्कि मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का आवेदन भी दिया गया है। बावजूद सीडीपीओ श्वेता सिंह शो-कॉज जारी कर दिया है।

बता दें कि प्रखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 206 सगरांव नाहर डेरा की सेविका रही चांदमुनी यादव 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन अपने भाई को राखी बांधने के लिए बाइक से यूपी के गहमर जा रही थी। वह मायके स्थित अपने घर के पास पहुंच भी गई थी कि घर से थोड़ा पहले सड़क पर बनाए गए अवैध स्पीड ब्रेकर पर बाइक का संतुलन बिगड़ गया तथा पीछे बैठी सेविका सिर के बल सड़क पर गिर गई। उसके सर के पिछले हिस्से में गंभीर चोटें आई थी। घटना के तत्काल बाद बाइक चला रहे उसके पति शिवबिलास यादव अपनी पत्नी को इलाज कराने के लिए आनन-फानन में अस्पताल ले गये थे। लेकिन, इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी परिजनों ने विभाग को दे दी थी। उसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सीडीपीओ के कार्यालय में ही आवेदन दिया गया है। लेकिन, ताज्जूब कि उसकी मौत के एक सप्ताह बाद सीडीपीओ ने उक्त सेविका के नाम स्पष्टीकरण जारी कर दिया। जो विभाग की लापरवाही को दशार्ता है। स्पष्टीकरण का पत्र जारी होने के बाद से प्रखंड क्षेत्र में इस पर चचार्एं हो रही है। लोग यह कहते सुने जा रहे है कि क्या मृतक भी अब सरकारी शो-कॉज का जबाव देंगे। विभाग की इस लापरवाही ने परिजनों के जख्म को भी हरा कर दिया है। बता दें कि उक्त सेविका अपने पीछे दस वर्ष का एक बेटा तथा छह वर्ष की एक बेटी छोड़ गई है। शो-कॉज मिलने के बाद से परिजनों में विभाग के प्रति आक्रोश गहरा गया है।

**विभागीय लापरवाही से परिजन हैरान**



**बीसी के गलती से जारी हो गया शो-कॉज :** वहीं इस संबंध में राजपुर सीडीपीओ श्वेता सिंह ने बताया कि उनका बीसी के पद पर नया स्टाफ आया है। उसने शून्य रिपोर्ट देखकर स्पष्टीकरण तैयार कर दिया। एकसाथ कई स्पष्टीकरण व पत्र था, जिसमें हस्ताक्षर होकर निकल गया। उन्होंने कहा कि यह मानवीय भूल है।

## एक नजर

### शराब पार्टी चलाने वाले शील अस्पताल का जिले में संचालन का नहीं है रजिस्ट्रेशन




**बक्सर।** तीन दिन पहले जिस शील अस्पताल में शराब पार्टी चल रही थी, उसके जिले में संचालन के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं था। ताज्जूब इस अस्पताल से महज एक किलोमीटर दूर सदर अस्पताल है। जहां, सीएस समेत स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारी बैठते है। लेकिन, उन्हें भी इस अस्पताल के संचालन की जानकारी नहीं थी। जहां, बिना रजिस्टेज्शन आम लोगों की जीवन के साथ संचालक खिलवाड़ कर रहे थे, इसके बावजूद वैसे अस्पतालों पर कोई कारवाई नहीं की जा रही है। बल्कि विभाग बेफिक्र बना हुआ है। नगर के बीचों बीच तथा मुख्य सड़क पर जहां से जिले के प्रशासनिक अधिकारी से लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी प्रतिदिन गुजरते है, लेकिन रजिस्ट्रेशन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मियों को शील अस्पताल का नहीं दिखना कई सवाल खड़े कर रहा है। इसमें विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस अस्पताल के बक्सर जिले में संचालन का रजिस्टेज्शन नहीं है। हालांकि, पूरे मामले में विभागीय अधिकारी चुप्पी साधे हुए है। गौरतलब हो कि पिछले दिन इस अस्पताल में शराब पार्टी की सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी किया था। इस दौरान दो लोग शराब के नशे में पकड़े गए थे। जबकि, अस्पताल से शराब की बोतलों के साथ ही मीट भी बरामद हुआ था। इस मामले में अभी भी डॉ. सहित कई अन्य लोग फरार चल रहे है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिंहा से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन रिसीव करने के बाद मीटिंग में होने का हवाला देकर फोन काट दिया। वहीं इस संबंध में ड्रग इंस्पेक्टर अजय कुमार से बात करने के लिए फोन लगाया गया, लेकिन उन्होंने फोन उठाना मुनासीब नहीं समझा।

### बक्सर में झमाझम बारिश से किसानों में छाई खुशी, खरीफ फसलों के लिए संजीवनी



**बक्सर।** जिले में मानसून फिर से ऐक्टिव हो गया है। मंगलवार की सुबह तेज हवाओं के साथ जिलेभर में झमाझम बारिश हुई। जिससे एक तरफ जहां किसान खुशी से झूम उठे तो दूसरी तरफ लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिल गई। सांख्यिकी विभाग के आंकड़ो की मानें तो पूरे दिन में 56 एमएम बारिश हुई है। बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे। बता दें कि इस बार कम बारिश होने से धान की खेती करने वाले किसान सिंचाई को लेकर काफी परेशान थे। जो किसान धान की रोपनी किए है, उनके लिए फसलों को बचाना काफी मुश्किल साबित हो रहा था। लेकिन, इस बारिश ने धान की खेती के लिए संजीवनी का काम किया है। किसान मनोज यादव ने कहा कि मानसून के ऐक्टिव होने से किसानों के सिंचाई की समस्या फिलहाल हल हो गई है। बारिश से सबसे अधिक फायदा टेल एंड के किसानों को पहुंचा है। बता दें कि इस साल अभी तक नहरों के टेल एंड तक पानी नहीं पहुंचा है। जिस कारण बारिश से किसानों को बड़ी राहत मिली है। केवीके के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. देवकरण ने कहा कि इस बारिश से धान की फसल को बड़ा लाभ मिलेगा तथा कीटों का प्रकोप भी कम होगा। बता दें कि सुबह में तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। इसके पहले आकाश काले बादलों से घिर गया था तथा अंधेरा छा गया था। बारिश के बाद पूरे दिन मौसम सुहावना बना रहा। जिस कारण लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात मिल गई। हालांकि, दोपहर पहले ही बारिश थम गई, लेकिन पूरे दिन आकाश में बादल छाए रहे। जिस कारण गर्मी का अहसास नहीं हुआ।

### मनन मिश्रा के राज्यसभा सदस्य बनने पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने जताई खुशी



**बक्सर।** मंगलवार को भाजपा लीगल सेल से जुड़े अधिवक्ताओं की एक बैठक जिला संयोजक सुमन श्रीवास्वत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें अधिवक्ता सह बार काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा को राज्य सभा के लिए निर्विरोध चुने जाने पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के द्वारा केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व को बधाई दी गई। वक्ताओं ने कहा कि मनन मिश्र एक अधिवक्ता है, उन्हें राज्य सभा भेज भाजपा ने लिगल सेल का कद बढ़ा दिया है। लिगल सेल से जुड़े सभी कार्यकताओं ने इस पुनीत कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित साह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल तथा बिहार के संगठन प्रभारी भीखू भाई दलसानियां को बधाई दी है। बधाई देने वालों में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अधिवक्ता सुमन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि श्री मिश्रा को निर्विरोध चुने जाने पर सभी अधिवक्ताओं में खुशी का महौल है। उन्हें राज्य सभा के सदस्य बनने पर बिहार के अधिवक्ताओं की भविष्य उज्वल होते दिखाई देने लगा है। जिसके लिए भाजपा विधि प्रकोष्ठ बक्सर के द्वारा केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व को बधाइयां दी गयी। बधाई देने वालों में विधि प्रकोष्ठ के शशी भूषण राय, सुरेन्द्र यादव, प्रमिला पाठक, मनोरंजन पाठक, मनोज कुमार श्रीवास्तव, राकेश चन्द्र ओझा, सुशील कुमार पाठक, लवकेश मिश्रा, विजयेन्द्र नारायण चोबे, अनिल कुमार श्रीवास्तव के साथ अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

## खबरें फटाफट

### अंतिम चरण की सिपाही भर्ती परीक्षा आज

**बक्सर।** बिहार पुलिस एवं अन्य इकाईयों में सिपाही के पद पर चयन के लिए केन्द्रीय चयन पार्षद द्वारा आयोजित प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा के अंतिम चरण की परीक्षा बुधवार को जिले के सभी 17 परीक्षा केन्द्रों पर ली जाएगी। इसकी प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी केंद्रों पर निर्धारित समय से वीक्षकों एवं केंद्राधीक्षकों को पहुंचने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा में प्रवेश से पूर्व परीक्षार्थियों की विधिवत जांच किया जाएगा जिसके बाद ही परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। सुबह 9.30 बजे से 11 बजे तक ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा के पूर्व संध्या पर बक्सर तथा डुमरांव के सभी लॉज व होटलों में सुरक्षा के लिहाज से छापेमारी अभियान भी चलाया गया था।

### फरार शराब कांड के अभियुक्त गिरफ्तार

**नावानगर।** स्थानीय पुलिस ने लंबे समय से फरार शराब संबंधित कांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त मसर्हिया गांव के लोहा सिंह उर्फ अभय सिंह बताया जाता है। बताया जाता है का फरार शराब कांड के अभियुक्त को पुलिस काफी दिनों से तलाश कर रही थी। नावानगर थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि सोमवार की देर शाम सूचना मिली कि अभियुक्त अपने घर पहुंचा है। सूचना पर पुलिस ने मुरार थाना के सहयोग से अभियुक्त के घर छापेमारी किया। जहां से शराब कांड के अभियुक्त को पुलिस ने धर दबोचा। साथ ही कार्रवाई की कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया।

### संदेहास्पद स्थिति में विवाहिता की मौत

**बक्सर।** धनसोई थाना क्षेत्र के दुल्फा गांव में एक नव विवाहिता कि संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई। ससुराल वालों की मानें तो उक्त महिला की मौत मवेशी का चारा बनाने के दौरान बिजली की करंट लगने से हुई है। आसपास के लोगों की सलाह पर इसकी सूचना घरवालों द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर जांच के लिए पुलिस टीम पहुंची। साथ में एफएसएल की टीम को भी ले जाया गया। वही उक्त मृत महिला के मायके वालों को सूचना दी गई। वे बेटी के ससुराल पहुंचे तो यह आरोप लगाया कि उसके घर वाले लगातार प्रताड़ित करते थे। गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई है। बताया जाता है कि उक्त महिला रिंकी कुमारी 19 वर्ष है। उसकी शादी नौ माह पहले हुई थी। परिजनों का कहना है कि वह हीटर पर खाना बनाने के दौरान बिजली का करंट लग गया। उसका विवाह लगभग नौ माह पहले दुल्फा गांव निवासी दीपक यादव के साथ हुआ था। अभी कोई संतान नहीं थी। थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया उक्त महिला की बिजली के करंट लगने से मौत की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि जांच में करंट से हाथ में जले का निशान था। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट व एफएसएल रिपोर्ट के बाद ही पुलिस किसी नतीजे पर पहुंचेगी।

**खुलासा : मलाई सिंह के बेटे ने पिता की हत्या के लिए शूटरों को दी थी 1.60 लाख की सुपारी**

# संपत्ति के लालच में बेटे ने ही कराई थी मलाई की हत्या, तीन शूटर गिरफ्तार

- आरोपित पुत्र समेत दो फरार, गिरफ्तारी के लिए हो रही है छापेमारी
- बक्सर एसपी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर जिले में कलयुगी बेटे का घिनौना सच सामने आया है। जहां एक बेटे ने बाप को पहले खाया खिलाया और फिर शूटरों को बुलाकर कर गोलीमार करा दी हत्या करा दी। घटना की खुलासा बक्सर एसपी मनीष कुमार ने की। जिसके बाद जिले में सनसनी मच गई। बक्सर एसपी मनीष कुमार ने बेटे संजय सिंह ने ही 1.60 लाख रुपए कुख्यात शूटर संजय राउत को दी जिसके बाद इसने दो लोगों को यूपी के गाजीपुर से बुलाया व्यवसायी पिता मलाई सिंह की हत्या करा दी...।

पांच अगस्त की रात बक्सर के कोईरपुरवा इलाके में हुई हरेराम सिंह उर्फ मलाई सिंह की हत्या उसके पुत्र ने ही संपति के लालच में करवाई थी। पिता की हत्या के लिए उसने प्रोफेशनल शूटरों को हायर किया था तथा इस एवज में उन्हें 1.60 लाख रूपए भी दिए थे। पुलिस ने इस मामले में शामिल तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है। जबकि आरोपित पुत्र समेत एक अन्य शूटर फरार चल रहा है। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। एसपी मनीष कुमार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि पांच अगस्त की रात 9.50 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कोईरपुरवा में अंग्रेज कब्रिस्तान के पास एक व्यक्ति की गोली मार हत्या कर दी गई है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान स्थानीय मोहल्ले के 55 वर्षीय हरेराम सिंह उर्फ मलाई सिंह के रूप में हुई, जो पहले सब्जी बेच आजीविका चलाता था। इस मामले में मृतक के बड़े पुत्र संजय कुमार सिंह ने छह अगस्त को अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया था।

**सदर डीएसपी के नेतृत्व में गठित हुई थी टीम :** एसपी ने बताया कि इस हत्याकांड के उद्भेदन के लिए सदर डीएसपी धीरज कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस टीम में नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, अपर थानाध्यक्ष संजय विकास त्रिपाठी, डीआईयू के जिला प्रभारी युसुफ अंसारी, डीआईयू से ही मंगलेश कुमार मधुकर, विकास कुमार तथा डीआईयू टीम व सशस्त्र बल को शामिल किया गया। इस टीम ने टॉवर डंपिंग तथा अन्य तकनीकी साधनों के अलावे परिजनों तथा आस पास के लोगों से पूछताछ के आधार पर इस मामले में मृतक के पुत्र के शामिल होने तथा भाड़े के शूटरों से मलाई सिंह की हत्या करवाने की पुख्ता जानकारी हासिल की। इस दौरान मृतक का पुत्र जो इस कांड का सूचक है, घर से फरार हो गया।

### टॉवर डंप के आधार पर पकड़ा गया मेन शूटर

एसपी ने बताया कि टॉवर डंप के आधार पर मुख्य शूटर नगर थाना क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी गोविंद राउत के पुत्र संजय राउत को पुलिस ने पकड़ा और जब उससे कड़ाई से पूछताछ की तो वह टूट गया तथा मामला परत दर परत खुलते चला गया। संजय ने पुलिस को बताया कि मृतक के बड़े पुत्र ने ही उसे मारने के लिए 1.60 लाख रूपए की सुपारी दी थी तथा इस कांड में उसके साथ सोहनी पट्टी के अमर कुमार के अलावे यूपी के गाजीपुर जिले के किरमुदीनीपुर थाना क्षेत्र के असावर गांव के छोटेलाल गोंड का पुत्र सुरेन्द्र गोंड तथा उसी गांव के लवकुश राय का पुत्र रोहित राय शामिल था। इसके बाद पुलिस ने सुरेन्द्र और अमर को भी गिरफ्तार कर लिया। जबकि मृतक के पुत्र तथा मुख्य साजिशकर्ता संजय कुमार सिंह व रोहित राय फरार हो गए। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से एक बाइक व तीन मोबाईल भी जब्त किया गया है। जबकि हत्या में प्रयुक्त असलहे की खोजबीन की जा रही है। एसपी ने कहा कि आवश्यक पूछताछ के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### संजय का रहा है आपराधिक इतिहास

एसपी ने बताया कि मलाई सिंह की हत्या में संजय राउत ने मुख्य शूटर की भूमिका निभाई थी। उसी ने उसे गोली मारी थी। उसका अपराधिक इतिहास रहा है तथा बक्सर नगर थाने में उसके खिलाफ चार मामले दर्ज है। वही, अन्य अपराधियों का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। एसपी ने बताया कि घटना की रात मृतक के पुत्र संजय ने अपने पिता को अपने आवास पर खाने के लिए बुलाया था तथा खाना खाकर वापस लौटने के दौरान शूटरों ने अंग्रेज कब्रिस्तान के पास उसे गोली मार दिया था।

**अवैध संबंध की भी हो रही है चर्चा :** वहीं, स्थानीय सूत्रों की मानें तो मृतक मलाई सिंह रसिक स्वभाव का था। वहीं, उसकी किसी महिला से नाजायज संबंध भी थे। जिसको लेकर घर में विवाद होता रहता था। मलाई के इस स्वभाव से नाराज पुत्र ने उसकी हत्या करवाई है। हालांकि, पुलिस इस बात की पुष्टि नहीं कर रही है। पुलिस ने संपति विवाद से इस हत्याकांड को जोड़ा है। बता दें कि मृतक के दो पुत्र है, जिसमें उसकी हत्या की साजिश करने वाला उसका बड़ा बेटा संजय है।

## कार्यपालक पदाधिकारी ने किया चौसा नपं के विकास कार्यों का निरीक्षण, दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**



चौसा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार एवं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि पूर्व जिला पार्षद डा. मनोज कुमार यादव ने मंगलवार को चौसा नगर पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्यों की जांच के बाद संवेदक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बता दें कि चौसा नए नगर पंचायत में गठन के डेढ़ वर्षों तक कोई विकास कार्य नहीं शुरू हुआ था। जैसे ही नगर पंचायत को स्थायी पदाधिकारी मिले विकास कार्यो की बाढ़ आ गई। जहां, अधिकांश वार्डो में नाली-गली व सड़क का निर्माण कार्य जारी है। इसी के तहत चल रहे वार्ड संख्या एक, दो, तीन व पांच में विकास कार्यो के तहत नाली-गली व सड़क निर्माण का जायजा ईओ तथा मुख्य पार्षद ने लिया साथ ही कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

वही ईओ ने बताया कि नगर पंचायत के अंतर्गत वार्ड नंबर पांच में गंगा घाट जाने के लिए बारे मोड़ पर सीढ़ीनुमा पैदलगामी रास्ते का निर्माण, वार्ड नंबर 3 में नरबतपुर मल्लाह टोली का निकास, कुजड़ा गली का निकास बनाने का दिशा निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार ने कहा कि चौसा को सुंदर बनाने के लिए बहुत जल्द अमीन से नापी कराकर अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान चलाया जाएगा।

इस मौके पर वार्ड पार्षद हृदय नारायण सिंह, रिजवान खां, काजू मिश्रा, गोलु दूबे, महादेव राम, कैप्टन अशोक यादव, दिनेश यादव व सामाजिक कार्यकर्ता मुन्ना पांडेय, पप्पू दूबे, अनिल दूबे के अलावे स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## डुमरांव में ट्रेन से गिरकर मधुबनी के युवक की मौत

**केटी न्यूज/डुमरांव**




स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप सीमांचल एक्स. से गिर एक यात्री की मौत हो गई। घटना सोमवार की रात स्टेशन के पश्चिमी गेट समीप डाउन मेन लाइन की है। इस घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी के तारकेश्वर पंडित तथा आरपीएफ के सियारमण प्रसाद व धनंजय कुमार तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे।

वहीं बक्सर से पहुंचे जीआरपी एसआई दीवान लियाकत अली खान शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमॉर्टम के लिए अपने साथ ले गए। पहले तो उसका पहचान नहीं हो पा रहा था। लेकिन, बाद में जीआरपी ने उसकी शिनाख्त मधुबनी जिला अंतर्गत जयनगर थाना के कमलाबाड़ी धौली वार्ड नंबर 2 निवासी उपेंद्र यादव के 35 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार यादव के रूप में की। इसके बाद जीआरपी ने उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही उसके परिजन रात में ही बक्सर के लिए रवाना हो गए। परिजनों के अनुसार संतोष सीमांचल एक्सप्रेस से प्रयागराज से घर आ रहा था। इसी दौरान उसके साथ दुर्घटना हो गई। इस घटना की पुष्टि करते हुए रेल थानाध्यक्ष बिजेंद्र कुमार ने बताया कि मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

**एमपी उच्च विद्यालय सहित अन्य स्कूलों में कैंप लगा बच्चों को खिलाई गई फाइलेरिया रोधी दवा**

## फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी को दवा खाना जरूरी: मिथिलेश

- जिले में तीन दिनों तक बूथ लगाकर बच्चों को खिलाई जाएंगी दवाएं

**केटी न्यूज/बक्सर**



फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत मंगलवार से तीन दिवसीय कैंप की शुरूआत हुई। इसके तहत जिले के सभी विद्यालयों तथा अन्य सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में कैंप लगा फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है। पहले दिन स्कूलों में कैंप आयोजित हुआ था। इस दौरान स्कूलों में मौजूद बच्चों तथा शिक्षकों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया गया। अगले दिन से सार्वजनिक स्थानों, सरकारी व निजी दफ्तरों आदि जगहों पर भी कैंप आयोजित होगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस कैंप को सफल बनाने तथा शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए जी जान से जुट गए है।

**एमपी हाई स्कूल में आयोजित हुआ कैंप :** इसी क्रम में सदर पीएचसी के नेतृत्व में एमपी उच्च विद्यालय बक्सर में अभियान के तहत कैंप आयोजित किया गया। एमडीए उन्मूलन -24 अंतर्गत एमपी उच्च स्कूल बक्सर में सभी छात्र-छात्रा एवं शिक्षक को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गइ। विद्यालय में दवा खिलाने का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विजय मिश्र द्वारा दवा खा कर की गई। इस दौरान प्रधानाचार्य ने दवा खाने के बाद बच्चों को भी दवा खाने के प्रति प्रेरित किया। जिससे वे फाइलेरिया जैसी बीमारी से मुक्त हो सकें। वहीं कार्यक्रम के दौरान एमओआईसी डॉ मिथिलेश सिंह ने बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, बीमारी का लक्षण काफी समय के बाद परिलक्षित होता है। ऐसे में एमडीए दवा के सेवन से इस बीमारी से भविष्य में निजात पाया जा सकता ह। डॉ सिंह ने सभी से एमडीए दवा का सेवन आवश्यक रूप से करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान तभी संभव हो सकेगा, जब सभी लोग दवा का सेवन करें। वही, विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को प्रेरित करते हुए खुद भी एमडीए की दवा खाने तथा अपने परिजनों को भी खिलाने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। कार्यक्रम में वीबीडीसीओ डॉ शैलेन्द्र कुमार, एमओआईसी डॉ मिथलेश सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक प्रिंस सिंह, पिरामल फाउंडेशन से अविकल्प मिश्रा, श्यामसुन्दर कुमार, पीसीआईडीसी रामजन्म सिंह समेत विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।



## नप हटा ले पानी, हम करेंगे सड़क दुरुस्त, बरसात बाद होगा टेंडर: एनएचएआई

- एनएचएआई के कार्यपालक अभियंता के आश्वासन पर खत्म हुआ युवा शक्ति का अनिश्चिकालीन धरना

**केटी न्यूज/डुमरांव**



जर्जर हो चुके एनएच 1200 का बरसात बाद कायाकल्प होगा। फिलहाल एनएचएआई इस पथ की मरम्मत कराएगी। उक्त बातें स्वयंशक्ति संगठन द्वारा स्टेशन रोड के जर्जर हालत के खिलाफ आयोजित किए गए अनिश्चितकालीन महाधरना स्थल पहुंचे एनएचएआई के कार्यपालक अभियंता इंद्रजीत आर्य ने कही। उन्होंने स्वयंशक्ति के सदस्यों से कहा कि आपकी मांग जायज है। इस पथ का बरसात बाद टेंडर निकाल नवीकरण करया जाएगा। फिलहाल इसकी मरम्मत की कवायद शुरू करवाई जा रही है। उन्होंने मौके पर मौजूद नगर परिषद के प्रतिनिधियों से कहा कि आप जलजमाव हटाए, हम इस सड़क की मरम्मत करवाएंगे। उनके इस आश्वासन के बाद पिछले दो दिनों से जारी महाधरना भी समाप्त हो गया। स्वयंशक्ति के धीरज कुमार मिश्र ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि एनएचएआई के कार्यपालक पदाधिकारी के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ है। उनके साथ सहायक अभियंता अनिल कुमार व जेई ब्रह्मानंद पासवान भी थे।

**आश्वासन के बाद समाप्त हुआ आंदोलन :** इसके पहले झमाझम बारिश के बावजूद स्वयंशक्ति के कार्यकर्ता दूसरे दिन भी धरना पर बैठे थे। एचएआई के अधिकारी स्वयं शक्ति संगठन के कार्यकताओं से बात कर धरना समाप्त कराने के लिए दबाव बनाने लगे। इधर धरना पर बैठे नौजवान उनकी एक बात सुनने के लिए तैयार नहीं थे। फिर स्थानीय अधिकारी और समाजिक कार्यकताओं ने एनएच के अधकारियों से कहा कि आप इनको आश्वासन दीजिये की कब जलजमाव को दूर करेंगे और सड़क की मरम्मत कराएंगे। फिर हमलोग भी इने धरना समाप्त करने की आग्रह करेंगे। एनएच के अधिकारियों ने धरना पर बैठे लोगों को आश्वासन दिया की अभी तो कुछ नहीं हो सकता है, लेकिन जैसे ही गड्ढों में जमा पानी को हटाया जाएगा सड़क की मरम्मत शुरू कर दी जाएगी। वहीं रोड नवीकरण का कार्य बरसात बाद शुरू किया जाएगा। वहीं बैठे नप ईओ मनीष कुमार ने एनएच के अधिकारियों को आश्वस्त किया की एक-दो रोज में सड़क पर जमा पानी को हटा दिया जाएगा। आश्वासन मिलने के बाद एनएच के अधिकारियों ने कहा कि रोड की जर्जर सड़क जो रेलवे केबिन से ट्रेनिंग स्कूल तक है, उसकी मरम्मत शीघ्र करा दी जाएगी। तब जाकर धरनार्थी माने और धरना को समाप्त किया। मालूम हो कि सालों से स्टेशन रोड गड्ढों में तब्दिल हो चुका है। गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने के कारण पैदल चलना भी नगरवासियों को मुश्किल हो गया है। इस मुश्किल समस्या को सही करने के लिए केवल आश्वासन मिला ठीक नहीं हुआ। फिर शहर के नौजवानों ने अनशन करने का कार्यक्रम बनाते हुए सोमवार से शुरू कर दिया। अनशन शुरू होने का परिणाम सभी के सामने निकल कर आ गया।

### एक नजर

## सदर प्रखंड के उप प्रमुख पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज



**बक्सर।** मंगलवार को सदर प्रखंड उप प्रमुख के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा तथा मतविभाजन कराया गया। जिसमें उप प्रमुख सह बरूणा पंचायत के बीडीसी ओमप्रकाश तिवारी अपनी कुर्सी बचाने में सफल रहे। उनके पक्ष में 17 सदस्यों ने मतदान किया। बता दें कि इससे पहले प्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव भी विफल हो गया था तथा प्रखंड प्रमुख फुलपातो देवी ने भी अपनी कुर्सी बचा ली थी। फुलपातो देवी के जीत के बाद विरोधियों ने धांधली करने का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट भवन के समक्ष प्रदर्शन भी किया था। विरोधियों का आरोप था कि सदर एसडीओ ने जानबुझकर दो मतों को गलत कर दिया है। जिससे फुलपातो देवी की जीत हुई है। वहीं, मंगलवार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उप प्रमुख पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मतविभाजन कराया गया। जिसमें उन्हें 17 मत मिले। उप प्रमुख के कुर्सी बचते ही समर्थकों ने खुशी जाहिर की। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किये गये थे। जीत की खुशी के मौके पर पंचायत समिति सदस्यों ने फूल-माला से प्रखंड उप प्रमुख ओमप्रकाश तिवारी व प्रमुख प्रतिनिधि रमेश राय का स्वागत किया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र राय, संतोष यादव, दलसागर की पंचायत समिति सदस्य शैल देवी, कमरपुर की पंचायद समिति सदस्य मीना देवी आदि मौजूद थी।

## विशेष भूमि सर्वे को लेकर आमसभा आज

**केसठ।** प्रखंड के केसठ पंचायत सरकार भवन पर विशेष भूमि सर्वे को ले आम सभा का आयोजन बुधवार को होगा। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों व आम जनता की उपस्थिति में विशेष सर्वेक्षण कानूनगो पदाधिकारी, शिविर नोडल, लिपिक द्वारा लोगों को सर्वेक्षण से संबंधित जानकारी दी जाएगी। शिविर नोडल हर्षित कुमार, लिपिक रविकेश कुमार ने कहा कि सर्वेक्षण को लेकर जिस कागजात की आवश्यकता है, उसे तैयार कर लें साथ ही जमीन के कागजों की त्रुटि में अंचल कार्यालय और राजस्व कर्मचारी से मिलकर सुधार करा लें। सर्वेक्षण कार्य की प्रक्रिया पंचायत में आज से शुरू हो गयी है। इसलिए सभी लोग कागजात ठीक करा लें। उन्होंने बताया कि 1903 ईस्वी एवं 1904 ईस्वी में जो सर्वे हुआ था उनको एससी सर्वे कहा जाता था और 1953, 1954 ईसवी में जो सर्वे हुआ उसको आरएस सर्वे कहा जाता है। आज तक इन्ही दोनों सर्वे से भूमि का खरीद बिक्री चला आ रहा था। इन दोनों सर्वे में बहुत सारी चीजों में कमी मिल रही थी। इसलिए हर दिन कहीं ना कहीं विवाद का जड़ बनता था। बिहार सरकार ने विवाद खत्म करने और इंसाफ दिलाने के लिए नए रूप से सर्वे करने का कदम उठाया है।राजद नेता सुनिल कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान, पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान के द्वारा सभी रैयतों से सर्वे कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का अनुरोध किया गया।

## पीजी सेमेस्टर थर्ड व वन की परीक्षा तिथि में फिर बदलाव, अब नौ से होगी शुरुआत

**आरा।** पीजी सेमेस्टर थर्ड व वन की परीक्षा तिथि में फिर बदलाववीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने पीजी सेमेस्टर थर्ड सत्र 2022-24 और सेमेस्टर वन 2023-25 की परीक्षा को ले जारी प्रोग्राम में एक बार फिर से संशोधन किया है। दो दिन पूर्व में जारी परीक्षा प्रोग्राम में संसोधन करते तिथि आगे बढ़ा दी गयी है। संशोधित प्रोग्राम के अनुसार अब पीजी सेमेस्टर थर्ड की परीक्षा नौ से 14 सितंबर और सेमेस्टर वन की परीक्षा 19 से 24 सितंबर तक ली जायेगी। परीक्षा में करीब पांच हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। सैद्धांतिक परीक्षा से पहले आंतरिक व प्रायोगिक परीक्षा लेने का निर्देश दिया गया है। प्रतिदिन दो पालियों में परीक्षा ली जायेगी। पहली पाली में ग्रुप ए व द्वितीय पाली में ग्रुप बी की परीक्षा होगी। पीजी सेमेस्टर थर्ड सत्र (2022-24) की परीक्षा को ले विषयों को दो ग्रुप में बांटा गया है। वहीं पीजी सेमेस्टर थर्ड और वन की परीक्षा के लिए आरा, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिलों में सात केंद्र बनाये गये हैं। आरा मुख्यालय में चार केंद्र बनाये गये हैं। आरा में एसबी कॉलेज, महाराजा कॉलेज, एचडी जैन कॉलेज, जगजीवन कॉलेज केंद्र है। इधर, बक्सर में एलबीटी कॉलेज, भभुआ में एसवीपी कॉलेज भभुआ का केंद्र एसएसएस महिला कॉलेज भभुआ और रोहतास जिले के सभी पीजी कॉलेजों का केंद्र शेरशाह कॉलेज सासाराम को बनाया गया है।

## आरा में खुला अत्याधुनिक ब्लड बैंक, सीएस ने किया उद्घाटन; लोगों को मिलेगी सुविधा



**आरा।** शहर के बाबू बाजार स्थित शांति मेमोरियल हॉस्पिटल में एक अत्याधुनिक ब्लड बैंक खुला है। जिसका उद्घाटन भोजपुर के सिविल सर्जन शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। इस ब्लड बैंक में होल ह्यूमन ब्लड, प्लेटलेट्स, कॉम्पोनेंट्स, एफएफपी समेत की सभी तरह का ब्लड की व्यवस्था की गई है। यह ब्लड बैंक एक आधुनिक ब्लड बैंक के रूप में बनाया गया है। जिसका लाभ जिले के हर वर्ग के लोगों को मिलेगा। इस उद्घाटन में शहर के प्रसिद्ध डॉ. पी सिंह, डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह, डॉ. बीके शुक्ला, डॉ. राजीव रंजन सिन्हा, डॉ. कन्हैया सिंह, विजय सिंह समेत कई डॉक्टर्स शामिल थे। वहीं सिविल सर्जन आमतौर पर कहे तो यहां के लोगों को ब्लड बैंक की काफी जरूरत थी। जो ब्लड बैंक था उससे जरूरतमंद लोगों को मदद नहीं मिल पाती थी। जो भी अस्पतालों में मरीज 4, 5, 6 एवं 7 ग्राम वाले मरीजों को ऑपरेशन करने की वजह उन्हें पटना रेफर कर दिया जाता है। इस ब्लड बैंक के खुल जाने से सीरियस मरीजों को काफी मदद मिलेगा। बिहार के साथ साथ पूरे देश में एनीमिया का प्रॉब्लम है। हम लोग बहुत सारा आयरन का टेबलेट खिला रहे हैं। उसके बावजूद भी इस तरह का केस देखना पड़ता है। अगर हमारा ब्लड बैंक फेल कर जाता है तो हम इस संस्था से मदद ले सकेंगे ताकि लोगों को मदद कर सके। शांति मेमोरियल हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ विकास ने बताया कि मेरे 10 साल के अनुभव में यही देखने को मिला कि जो भी मरीज जैसे गोली लगने से जख्मी, एक्सीडेंटल और कम खून वाले मरीजों का सर्जरी करने में काफी परेशानी होती है। खून नहीं मिलने के कारण उन्हें पटना रेफर करना पड़ता था। उसे वक्त लगता था कि सब कुछ रहने के बावजूद भी कुछ अधूरा है। उसे अधूरेपन को पूरा करने का मैं प्रयास किया है। ब्लड की वजह से मरीजों का जान चाहता था तो काफी दुख पहुंचता था। उसे कमी को हमने पूरा किया है, जिलेवासियों को कम से कम ब्लड की वजह से जान गवानी ना पड़े। हमारी कोशिश रहेगी की आने वाले समय में सभी मरीजों की कमी को पूरा कर सके ।

### खबरें फटाफट

## जिलाधिकारी ने भूमि सुधार उपसमाहर्ता को दिया विशेष निर्देश

**सासाराम।** जिला क्षेत्र के सभी डीसीएलआर को निर्देश दिया कि वे सभी अपने-अपने अंचल कार्यालयों में हफ्ते में तीन दिन शाम 5 बजे के बाद बैठकर लंबित आवेदनों का निपटान करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सासाराम, संझौली और डिहरी को इस माह के अंत तक लंबित आवेदनों के निपटान का प्रतिशत 95 फीसदी से ऊपर करने का निर्देश दिया है। साथ ही जिलाधिकारी ने ऑनलाइन म्यूटेशन के लिए लंबित पड़े आवेदनों को समय पर निपटान नहीं करने को लेकर डीसीएलआर सासाराम और दिनारा को स्पष्टीकरण जारी करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि लंबित आवेदनों की सूची में कमी नहीं होने तथा अधिक आवेदनों को अस्वीकृत करने पर संबंधित पदाधिकारी की सैलरी भी रोकी जाएगी।

## लापरवाह अधिकारी के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**रोहतास।** जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को भूमि विवाद निपटारा को लेकर अधिकारियों साथ की गई एक विशेष बैठक। जिसके तहत भूमि विवाद, राजस्व संबंधी कार्यों, संरचनाओं से संबंधित भू अर्जन, नए भवनों के निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता, सरकारी भूमि एवं भवनों का अतिक्रमण तथा आंतरिक संसाधन को लेकर विशेष चर्चा हुई। समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित इस बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी और भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित सभी प्रखंडों के अंचलाधिकारी मौजूद थे। अंचलवार ऑनलाइन म्यूटेशन रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट के अनुसार केवल पांच अंचल ही ऐसे हैं, जिनमें 95 फीसदी से ऊपर लंबित मामले निपटाए गए हैं। जबकि 10 अंचलो में 90 से 95 फीसदी तक लंबित आवेदनों का निपटान किया गया है। शिवसागर, चेनारी, सासाराम और संझौली प्रखंड में 90 फीसदी से कम आवेदनों का निपटान किया गया है।

### बनकट में जारी रही प्रशासनिक कवायद, पानी टंकी करवाया गया साफ, डरे सहमे हैं ग्रामीण

# गांव में 85 से अधिक पहुंची डायरिया से ग्रसित मरीजों की संख्या, सभी इलाजरत

- अभी भी अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है डायरिया का इलाज
- प्रशासन मामले में कर रहा निगरानी



### ग्रामीणों को किया गया जागरूक

मंगलवार को बनकट में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। डायरिया फैलने के बाद से ग्रामीण काफी डरे सहमें है, जिस कारण स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उन्हें जरूरी दवाओं के साथ ही बिना डरे डायरिया से लड़ने के लिए एहतियात बरतने की नसीहत दी जा रही थी। डॉक्टर ग्रामीणों से साफ सफाई से रहने तथा ताजा व हल्का भोजन लेने की सीख दे रहे थे। गौरतलब हो कि इस गांव में डायरिया फैलने के पीछे बासी मीट खाने की चर्चा भी हो रही है। जिस कारण इसे फूड प्वाइजनिंग से जोड़कर भी देखा जा रहा है। यही कारण है कि डॉक्टरों की टीम ग्रामीणों को खान पान सुधारने पर जोर दे रहा है।

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रविवार को डुमरांव के वार्ड 16 स्थित बनकट गांव में फैली डायरिया का कहर मंगलवार को भी जारी रहा। मंगलवार को भी करीब तीन दर्जन से अधिक मरीज डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में इलाजरत हैं। जबकि चार दर्जन से अधिक मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। दूसरी तरफ गांव में प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की कवायदें पूरे दिन जारी रही। मंगलवार को भी डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ. गिरीश सिंह व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरबी प्रसाद के नेतृत्व में मेडिकल कैंप आयोजित कर पीड़ितो का इलाज किया गया। वही, दूसरी तरफ अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर नगर परिषद प्रशासन ने गांव में जलापूर्ति के लिए लगाए गए पानी टंकी को साफ करवाया गया। पानी टंकी की सफाई बहुत दिनों से नहीं हुई थी। वही, फटे पाइप की मरम्मत का प्रयास भी शुरू हो गया है। फिलहाल नगर परिषद प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जा रहा है।

बता दें कि सोमवार की शाम तक गांव के 53 लोग ही डायरिया से आक्रांत हुए थे। वही रात में मरीजों की संख्या बढ़ गई थी। कुल 80 से अधिक लोगों का इलाज किया गया है। बता दें कि गांव में रविवार को डायरिया का विस्फोट हुआ था। पलक झपकते ही इस महामारी ने पूरे गांव को अपने आगोश में ले लिया। एक-एक कर कुल सात दर्जन से अधिक लोगों को इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां, मंगलवार की शाम तक उनका इलाज जारी था। इनमें आधे से अधिक लोगों स्वास्थ्य हो गए है। जबकि अभी भी कई लोग इलाजरत है। डॉक्टरों ने उनकी हालत को खतरे से बाहर बताया है। अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ. गिरिश कुमार सिंह ने कहा कि मरीजों की हालत स्थिर है। बावजूद उन्हें ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। उनके इलाज के लिए डॉक्टरों की टीम तैनात की गई है। अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टर, जीएनएम व अन्य कर्मी उनके इलाज के लिए तत्परह है।

**मरीजों की संख्या बढ़ने से बढ़ी प्रशासन की चिंता :** सोमवार की रात तक मरीजों की संख्या बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग की चिंता का कारण तेजी से फैली डायरिया है। स्वास्थ्य विभाग अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाया है कि गांव में सिर्फ दूषित जल से डायरिया फैली है या इसके कुछ अन्य कारण है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि डायरिया का प्रकोप पूरी तरह से रूकने के बाद ही असल कारणों की जानकारी हो सकती है।

**वॉड पार्षद की शिकायत पर नहीं दिया गया था ध्यान :** मिली जानकारी के अनुसार बनकट गांव डुमरांव नगर परिषद के विस्तारित क्षेत्र में शामिल है। यह नगर परिषद का वॉर्ड संख्या 16 है। जिसके पार्षद अनिल कुमार ने पूर्व में नगर परिषद को पत्र लिख गांव में दूषित जल के सप्लाई होने की जानकारी दी थी। लेकिन, समय रहते नगर परिषद ने वॉर्ड पार्षद की शिकायत पर ध्यान नहीं दिया। जिसका गंभीर परिणाम ग्रामीणों को भुगतना पड़ा। हालांकि, डायरिया फैलने के बाद से नगर परिषद प्रशासन इस गांव में सफाई अभियान को तेज कर दिया हैं। वही, तीसरे दिन भी जरूरी दवाओं का छिड़काव किया गया।

**कहते है एसडीओ**

बनकट में डायरिया अब नियंत्रित है। अभी भी कुछ लोग इलाजर है, जिनकी हालत में तेजी से सुधार हुआ है। स्वास्थ्य विभाग व नगर परिषद प्रशासन को गांव में राहत व बचाव कार्य चलाने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम वहां लगातार कैंप कर रही है। - राकेश कुमार, एसडीओ, डुमरांव

## राजस्व वसूली का लक्ष्य प्राप्त करें सभी विभाग: डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व समन्वय समिति, आपदा प्रबंधन, आंतरिक संसाधन, विशेष सर्वेक्षण एवं नीलाम पत्र वाद की समीक्षा बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में की गई। बैठक में खनन विभाग की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पांच महीने बीत जाने के बाद भी वसूली में संतोषजनक प्रगति नहीं हुई है। निर्देश दिया गया कि लक्ष्य को विखंडित करते हुए वसूली के लिए निर्धारित राशि के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। नगर परिषद डुमरांव की समीक्षा के क्रम में वसूली के बिदुं पर इनके द्वारा संतोषजनक जबाव नहीं दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 16 वार्ड में होंडिल्ंग टैक्स का निर्धारण नहीं किया गया है। इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करने के साथ ही सैरात के बिंदु पर भी कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

वाणिज्यकर आयुक्त से शो-कॉज

वाणिज्य कर की समीक्षा के दौरान उपायुक्त बैठक से अनुपस्थित थे एवं वसूली में प्रगति भी काफी कम मिली। जिस पर डीएम ने उपायुक्त से स्पष्टीकरण करते हुए निर्देश दिया कि मासिक औसत प्रगति स्पष्ट करना सुनिश्चित करेंगे। अवर निबंधन कार्यालय, डुमरांव एवं जिला निबंधन कार्यालय,बक्सर की वसूली भी कम है। इस संबंध में स्थिति स्पष्ट नहीं की जा सकी। निर्देश दिया गया कि वसूली में प्रगति लाना सुनिश्चित करेंगे। विद्युत विभाग को भी राजस्व वसूली में सुधार लाने का निर्देश दिया गया।

**15 सितंबर तक शत प्रतिशत आधार सीडिंग का मिला लक्ष्य :** राजस्व समन्वय समिति की बैठक में अंचलाधिकारी डुमरांव बगैर किसी सूचना के बैठक से अनुपस्थित पाये गये। उनसे स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। वही, विभाग द्वारा निर्धारित प्राथमिकता वाले कार्यों की समीक्षा में बताया गया कि आधार सीडिंग में बक्सर जिले का राज्य में चौथ स्थान है। डीएम ने समीक्षा के क्रम में पाया कि चौसा, चक्की एंव राजपुर अंचल की प्रगति अन्य अंचलों की अपेक्षा कम है। निर्देश दिया गया कि साप्ताहिक रूप से राजस्व कर्मचारियों को लक्ष्य निर्धारित करना सुनिश्चित करेंगे। 15 सितम्बर 2024 तक शत प्रतिशत आधार सीडिंग करने का निर्देश दिया गया। भूमि सुधार उप समाहर्ता बक्सर एवं डुमरांव इस कार्य की समीक्षा करेंगे। अभियान बसेरा - 2 की समीक्षा के दौरान भूमिहीनों को पर्चा देने में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे भी कई अन्य विभागों के कार्यो की समीक्षा कर डीएम ने कई आवश्यक निर्देश दिए।

## सांसद ने काउंटर बढ़ाने का दिया निर्देश

**आरा।** सांसद सुदामा प्रसाद ने आरा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद सुदामा प्रसाद ने सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों से मिलकर इलाज के बारे में जानकारी ली। औचक निरीक्षण सांसद सुदामा प्रसाद ने सदर अस्पताल के सिविल सर्जन शिवेंद्र कुमार सिन्हा को अस्पताल में बढ़ती भीड़ के मद्देनजर पंजीकरण का काउंटर की संख्या को बढ़ाने, आइसीयू को चालू करने, अंल्ट्रासाउड को प्रतिदिन चालू करने, इमरजेंसी में दो डाक्टरों को ड्यूटी देने, साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने और पंजीकरण का ऑफलाइन करने, डाइलेसिस में बेड बढ़ाने, मरीजों को समय से शुद्ध खाना देने,शुद्ध पेयजल देने का दिया निर्देश। औचक निरीक्षण के दौरान भाकपा-माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, मेडिकल प्रभारी दीनाजी, भोजपुर सिविल शिवेंद्र कुमार सिन्हा व अन्य मौजूद रहे।

### लगभग चार दशकों के लंबे अंतराल के बाद हो रहा है बक्सर समेत पूरे राज्य में भूमि सर्वेक्षण

# भूमि सर्वेक्षण से विवाद समाधान और कृषि विकास की दिशा में होगा सुधार

- ग्रामीण इलाकों में लोगों को बैठक कर दी जा रही है सर्वेक्षण की जानकारी

**पीके बादल/बक्सर/केसठ**



### भूमि विवादों को सुलझाने में मदद करेगा सर्वेक्षण

इस सर्वेक्षण के कई दीर्घकालिक लाभ होंगे। सबसे पहले, यह भूमि विवादों को सुलझाने में मदद करेगा, जिससे न्यायालयों पर भार कम होगा। दूसरा, भूमिहीन और गरीब किसानों को उनकी जमीन के अधिकार दिए जा सकेंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। तीसरा, कृषि विकास के लिए सही भूमि उपयोग की योजना बनाई जा सकेगी, जो राज्य की कृषि उत्पादकता में वृद्धि का कारण बनेगी। हालांकि, इस प्रक्रिया में बहुत चुनौतियां भी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के पुराने दस्तावेजों की अनुपलब्धता, भूमि की विभाजित स्थिति और पारिवारिक विवाद इस प्रक्रिया में रुकावट डाल सकते हैं। इसके अलावा, कई क्षेत्रों में जागरूकता की कमी भी एक बड़ी चुनौती है। सरकार ने इन चुनौतियों को दूर करने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन शुरू किया है, ताकि लोग सर्वेक्षण प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। गांव गांव जा कर सर्वे में नियुक्त अधिकारी और कर्मी आपसभा के माध्यम से लोगो को जागरूक और जानकारियां दे रहे है। बता दें कि जिले के 11 प्रखंडों में ये सर्वे शुरू हुई है।

जमीन सर्वे से अवगत कराने के लिए प्रखंड कर्मचारी गांव गांव जाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। प्रखंड कर्मचारी ने कहा बिहार सरकार ने हाल ही में राज्यभर में एक व्यापक भूमि सर्वेक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य भूमि विवादों को सुलझाना, भूमिहीन लोगों को अधिकार दिलाना और कृषि विकास को बढ़ावा देना है। यह सर्वेक्षण राज्य में लगभग चार दशकों के लंबे अंतराल के बाद हो रहा है, जिसे सरकार के कृषि और ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

बिहार में भूमि विवाद लंबे समय से एक गंभीर मुद्दा बना हुआ हैं। अधिकांश विवादों की जड़ जमीन के सही सीमांकन और स्वामित्व की अस्पष्टता में छिपी है। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य जमीन की माप और उसके सही स्वामित्व का निर्धारण करना है। सरकार का मानना है कि इस प्रक्रिया से भूमि विवादों का निपटारा होगा और लोगों को उनकी जमीन के प्रति अधिकार सुनिश्चित किया जा सकेगा।इस भूमि सर्वेक्षण के लिए सरकार अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर रही है, जिसमें ड्रोन सर्वेक्षण, डिजिटल मैपिंग और जीआईएस (ज्योग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम) जैसी तकनीकें शामिल हैं। इन तकनीकों के माध्यम से जमीन की सटीक माप और सीमांकन किया जा रहा है, जिससे डेटा की गुणवत्ता और सटीकता में वृद्धि होगी।

प्रत्येक जिले में सर्वेक्षण की प्रक्रिया को स्थानीय अधिकारियों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जिसमें ग्राम पंचायतों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार ने सर्वेक्षण के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कई कदम उठाए हैं। जमीन मालिकों को अपने दस्तावेज और स्वामित्व से जुड़े प्रमाण प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। इसके साथ ही, सर्वेक्षण के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद को तत्काल सुलझाने के लिए विशेष न्यायिक समितियों का गठन किया गया है। इससे सर्वेक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहेगी।

## खबरें फटाफट

### पारिवारिक विवाद में चाकूबाजी, पति की मौत

**छपरा।** शहर के भगवान बाजार थाना अंतर्गत गुदरी बाजार टक्कर मोड़ मोहल्ला में पारिवारिक कलह के बाद पति-पत्नी के बीच हुई चाकूबाजी में जहां पति की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई वही पत्नी को गंभीर स्थिति में बेहतर चिकित्सा के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया। मृतक की पहचान शहर के गुदरी बाजार मोहल्ला निवासी रामचंद्र प्रसाद के 50 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई। वहीं गंभीर स्थिति में रेफर उसकी पत्नी दीपशिखा है।प्राप्त जानकारी अनुसार चन्दन और उसकी पत्नी दो छोटे बच्चों के साथ किराए के मकान में टक्कर मोड़ पर रहता है। किसी पारिवारिक मुद्दे को लेकर शुरू हुई बहस चाकूबाजी में बदल गई और लहूलुहान स्थिति में दोनों को अस्पताल लाया गया।जहां पति की मौत हो गई और पत्नी को गम्भीर घायल स्थिति में पटना रेफर कर दिया गया।

### पत्रकार की पत्नी के श्राद्धकर्म में दी गई श्रद्धांजलि

**चरपोखरी।** प्रखंड के सोनवर्षा गांव के रहने वाले न्यूज 18 आरा के संवाददाता चंदन मिश्रा की पत्नी स्व रंभा कुमारी के असामयिक निधन उपरांत उनके श्राद्धकर्म में राज्य स्तर से लेकर जिला स्तर तक बड़े बड़े दिग्गज नेता व चर्चित चेहरा शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किये।उक्त श्राद्धकर्म कार्यक्रम उनके पैतृक गांव सोनवर्षा में संपन्न हुआ। इस मौके पर रंभा कुमारी की स्मृति में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां श्रीलक्ष्मी नारायण तोताद्री मठ सोनवर्षा के मठाधीश स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज के निर्देशन में विद्वान पुरोहित लोगों ने विधिवत रूप से पूजा पाठ कराया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। इस दौरान जरूरतमंदों बेसहारा लोगो के बीच वस्त्र वितरण किया गया । आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा मे आये हुए हजारों की संख्या मे लोगो ने स्व रंभा देवी के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। बता दे कि जिले वरिष्ठ पत्रकार मिश्रा कि पत्नी रंभा कुमारी की अचानक इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जहां उनके मृत्यु उपरांत आयोजित श्राद्धकर्म सह श्रधांजलि सभा मे बिहार के कोने कोने व भोजपुर जिले से आये हुए हजारों की संख्या में जनप्रतिनिधि, राजनेता,सामाजिक कार्यकर्ता,पत्रकार और प्रशासन कार्यक्रम में शामिल हुए।इस दौरान पत्रकार चंदन मिश्रा व उनके दो वर्षीय पुत्र से मिलकर संवेदना प्रकट किया।वही देर रात तक लोगो का आने का सिलसिला जारी रहा।

### बिजली बिल में बढ़ोतरी से उपभोक्ता परेशान

**संझौली।** विद्युत विभाग द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी कर इसकी हालत सुधारने की कोशिश तो की जा रही है। परंतु अधिकारियों के मनमानीपूर्ण रवैये से उपभोक्ताओं की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। कई उपभोक्ता महीनों से विद्युत कार्यालय संझौली का चक्कर काटने को मजबूर है, लेकिन अधिकारियों व कर्मियों द्वारा उपभोक्ताओं को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। संझौली निवासी पुनम कुमारी ने बताया कि बिधुत कन्केसन के लिए दो माह आवेदन किए हो गए है। लेकिन अभी तक मकान स्थित लाइन कनेक्शन नही हुई। इस संबंध में संझौली कनीय विधुत अभियंता से विधुत कनेक्शन के लिए कई बार बात की। इसके बावजूद भी अभी तक कनेक्शन नही हुआ है। संझौली जेई के शिथिलता कारण प्रचंड गर्मी व अंधरे में रहने को विवस है। करीब दो माह से विधुत विभाग कार्यलय का चक्कर लगा रहा हूं। वही राजाड़ीह ग्राम निवासी उपभोक्ता सुनील सिंह ने बताया कि विधुत कर्मियों द्वारा पहले से चला हुआ मीटर लगा दिया गया है।

---

**फर्जी परीक्षार्थी व परीक्षा शेटर के दलालों के पकड़े जाने पर होगी सीधी जेल, प्रशासन सख्त**

# आज आठ केंद्रों पर होगी सिपाही भर्ती के अंतिम चरण की परीक्षा, तैयारियां पूरी

- जिला प्रशासन हुई मुस्तैद, सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी नजर
- परीक्षा में परीक्षार्थियों को ई-प्रवेश पत्र तथा फोटो पहचान पत्र यथा आधार कार्ड के साथ ही प्रवेश की अनुमति होगी



**केटी न्यूज/भभुआ**

भभुआ (कैमूर) आज केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का 6वें चरण की अंतिम परीक्षा जिला के आठ परीक्षा केंद्रों पर बुधवार होगी संचालित। पिछले पांच चरणों की तरह प्रशासन अंतिम चरण के परीक्षा को भी कदाचार मुक्त एवं शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशासनिक स्तर पर किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जा रही है और सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सोशल मीडिया सहित अन्य संचार माध्यमों पर अफवाह फैलाने या झूठी खबर देने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिसे सीधे जेल होगी। अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत परीक्षा केंद्र के 200 गज के परिधि में सुबह 8:00 बजे से परीक्षा समाप्ति तक निषेधाज्ञा लागू किया गया है। इसके तहत परीक्षा केंद्र के आसपास पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों को एक साथ चलना या इकट्ठा होना, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करना, कोई भी घातक हथियार या आग्नेय अस्त्र लेकर चलना या बेवजह घूमना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

**जिला प्रशासन पूरे परीक्षा तक दिखेगी सख्त :** परीक्षा संचालन तहत प्रत्येक केंद्र पर इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारी को पुलिस पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति कर? दी गई है तथा डीएसपी साइबर क्राइम को पुलिस पदाधिकारी के लिए नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। जो केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती के आदेश के आलोक में अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र में प्रवेश समय भी 10:30 तक ही निर्धारित है। सभी परीक्षा केन्द्रों की साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल एवं पर्याप्त मात्रा में रौशनी के लिए जनरेटर की पूर्व व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया है। इस परीक्षा में रिपोटिंग समय 9:30 बजे है तथा 10:30 बजे के बाद किसी की परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पूर्व ही परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा समाप्त होने के पूर्व किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को टॉयलेट शौचालय जाने की अनुमति नहीं होगी।

**फर्जी परीक्षार्थियों को सीधे होगी जेल :** परीक्षा में परीक्षार्थियों को ई-प्रवेश पत्र तथा फोटो पहचान पत्र यथा आधार कार्ड के साथ ही प्रवेश की अनुमति होगी। परीक्षार्थियों हेतु जगह पूर्व में निर्धारित है, जिस पर परीक्षार्थियों का रोल नंबर तथा फोटो स्टिकर निश्चित रूप से चिपकाए जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा जनरेटर लगे हुए रहेंगे। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक, फोटो, वीडियो आदि लिए जाएंगे जिससे गड़बड़ी करने वालों की आसानी से पहचान हो सकेगी तथा सीसीटीवी तथा जैमर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र तथा आधार कार्ड के अतिरिक्त कोई भी लेखन सामग्री लेकर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। लेखन सामग्री परीक्षा के दौरान ही केंद्र अधीक्षक द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षा के दौरान कोई भी लिखित सामग्री, प्रवेश पत्र पर पर कोई लेख, सादा कागज, क्लिप बोर्ड, स्लाइड रूल, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, डिजिटल डायरी, पैमटॉप या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाना वर्जित है। यदि मुन्ना भाई पकड़े जाते है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा जायेगा।

## अत्याधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ मूल्यों का संरक्षण व संवर्द्धन पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत : डीएम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने कहा कि अत्याधुनिक शिक्षा प्रणाली के बावजूद शैक्षणिक संस्थानों को मूल्यों के संरक्षण व संवर्द्धन पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। मंगलवार को सत्यम शिवम सुंदरम एजुकेशनल ग्रूप के चेयरमैन शंकर कुमार व संस्थान के एमडी श्री ओम नारायण की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित समारोह में जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान कुर्मा संस्कृति स्कूल में साईंस एग्जीविशन के उद्घाटन के बाद एसपी अरविंद प्रताप सिंह के साथ आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहीं थी।

डीएम ने शिक्षकों व बच्चों को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि अपनी स्थापित सामाजिक मूल्यों को दरकिनार कर कोई भी समाज या देश विकास की बुलंदियों पर नहीं पहुंच सकता। डीएम व एसपी ने कुर्मा संस्कृति स्कूल में दी जा रही बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण इलाके में इस तरह के उच्च स्तरीय शैक्षणिक संस्थान समाज में शिक्षा के विकास को बल देने में सहायक सिद्ध होंगे। इसके पूर्व स्कूल के बच्चों ने अपनी अर्थपूर्ण व खूबसूरत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल में समा बांध दिया। दोनो अधिकारियों ने स्कूल परिसर में लगाए गए साईंस एग्जीविशन का अवलोकन कर बच्चों से उनके तकनीकी, उद्येश्य व तात्पर्य के बारे में विस्तार से जानकारियां प्राप्त की।

स्कूल की प्रिंसिपल अर्पणा सिंह ने कार्यक्रम का बड़े ही शानदार व प्रभावी तरीके से संचालन किया। बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा को सराहा, कहा, बताया देश का भविष्य डीएम व एसपी ने साईंस एग्जीविशन में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत वैज्ञानिक प्रोजेक्ट के अलवलोकन के दौरान उनके विजन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में बेहतर करने को कई टिप्स भी दिए। बच्चों ने साईंस एग्जीविशन में रोबोटिक्स के मॉडल, के अलावा मानवी शरीर की संरचना व जलवायु परिवर्तन सहित कई अन्य विषयों पर प्रोजेक्ट्स व मॉडल तैयार कर रखा था। सभी प्रोजेक्ट की बच्चों ने अधिकारियों के समक्ष विवेचना कर उनके उद्देश्य, तात्पर्य व उपयोगिता से अवगत कराया। डीएम ने कहा कि बच्चों को सदैव नई-नई तकनीकी विकास के प्रति सचेष्ट होकर उसकी गहन जानकारियों से अवगत होना चाहिए। साथ ही प्रोजेक्ट के माध्यम से नए-नए इंवेंशन का प्रैक्टिकल करते रहने की सलाह देते हुए कहा कि प्रोजेक्ट निर्माण से बच्चों के ज्ञान की गहराईयां व विजन डेवलप करने में सहायता मिलती है।

## नियोजन पत्र प्राप्त कर खिल उठे महिला पर्यवेक्षिकाओं के चेहरे



**केटी न्यूज/छपरा**

समाज कल्याण विभाग के तहत समेकित बाल विकास परियोजना अंतर्गत सारण जिला में उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध 37 महिला पर्यवेक्षिकाओं का नियोजन किया गया है। इनमें से 27 महिला पर्यवेक्षिकाओं को उनके दस्तावेजों के सत्यापन के उपरांत पहले ही नियोजन पत्र दिया गया है। दस अन्य नियोजित महिला पर्यवेक्षिकाओं के दस्तावेज सत्यापन का कार्य पूरा हो चुका है। इनमें से उपस्थित पांच महिला पर्यवेक्षिकाओं कुमारी श्वेता सिंह, कुसुम शर्मा, रितु कुमारी, कुमारी अंजली एवं ज्योति नवीन को जिलाधिकारी अमन समीर ने नियोजन पत्र दिया। इसके साथ ही वन स्टॉप सेंटर में नवनियोजित मनोसामाजिक परामर्शी कुमारी शैलजा एवं कार्यालय सहायक प्रियरंजन कुमार को भी जिलाधिकारी द्वारा नियोजन पत्र दिया गया।

### पुलिस ने भारी मात्रा में शराब किया बरामद, धंधेबाज फरार

**राजपुर।** राजपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बघेला थाना की पुलिस ने भारी मात्रा में देशी एवं विदेशी शराब बरामद की है।थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के श्रीनगर टोला से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने विदेशी शराब बरामद किया। उन्होंने कहा कि कारोबारी पुलिस को देख फरार हो गया। लेकिन बहुत जल्द ही उसे गिरफ्त में ले लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर थाना क्षेत्र के नोनियाडीह गांव से एलटीएफ की पुलिस ने करीब 16 लीटर देशी शराब बरामद किया है।

## एक नजर

### खेल एक आध्यात्मिक संरचना विषय पर सेमिनार कल, लोगों को किया जाएगा जागरूक

**जहानाबाद।** राज्य में खेल के विकास को बढ़ावा देने के ख्याल से मगध फुटबॉल अकादमी द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 अगस्त को एक सेमिनार का आयोजन होना है। जिसका विषय है खेल एक आध्यात्मिक संरचना। शहर के होटल ताज पैलेस में होने वाला सेमिनार के संबंध में अकादमी के चेयरपर्सन राजीव कुमार रंजन ने बताया कि खेल से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। जब मानसिक रूप से मजबूत होते हैं तो वे आध्यात्म की ओर बढ़ते हैं। जहां जीवन शैली में बदलाव आना शुरू हो जाता है। खेल के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए उनके अभिभावकों का मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। जिसे देखते हुए उन्हें जागरूक करने के लिए सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिले के अधिकारी, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। इस मौके पर सम्मान समारोह भी आयोजित किए जाएंगे। जिसके तहत खेल में अपनी पहचान बन चुके खिलाड़ियों एवं अतिथियों को सम्मानित किया जाएगा । इस मौके पर अकादमी के अधिकारी मोहम्मद तारीक, रामेश्वर सिंह, अजय कुमार उपस्थित थे ।

### दिल्ली से गांव लौट रहे दो भाइयों को घोंपा चाकू, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**छपरा।** दिल्ली से छपरा लौट रहे दो सगे भाईयों पर चचेरे भाईयों द्वारा चाकू से हमला कर दिया गया। जिसमें एक की मौत हो गई है वहीं दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल है जिसका इलाज सदर अस्पताल छपरा में चल रहा है। घटना जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के मंगोलापुर गांव की है। मंगोलापुर गांव निवासी राजकिशोर तिवारी और राजकुमार तिवारी तथा उनके चचेरे भाई रहकर मजदूरी करते थे। वही राजकिशोर तिवारी और राजकुमार तिवारी का उनके चचेरे भाई से विवाद हो गया और यह विवाद छपरा पहुंचते पहुंचते हत्या में तब्दील हो गया। उनके चचेरे भाई घर पहुंचे आधे घंटे बाद राज किशोर तिवारी और राजकुमार तिवारी भी घर पहुंचने ही वाले थे,तभी रास्ते में जलालपुर कोपा मुख्य मार्ग पर घर से कुछ ही दूरी पर उनके चचेरे भाईयों द्वारा राजकुमार और राजकिशोर तिवारी पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना के बाद दोनों भाइयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां राजकुमार तिवारी की मौत हो गई। वही उनके सगे भाई राजकिशोर तिवारी गंभीर रूप से घायल है जिनका इलाज छपरा सदर अस्पताल में चल रहा है।घटना का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उनके चचेरे भाई सुबोध तिवारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

### नौ लीटर महुआ शराब बरामद, कारोबारी फरार

**जहानाबाद।** पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा शराब कारोबारी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में थाने की पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में रतनी के सिकन्दरपुर गांव में छापेमारी कर 9 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिल रही थी कि सिकन्दरपुर गांव में बड़े पैमाने पर शराब बनाया और बेचा जा रहा है। थाने की पुलिस का टीम गठित कर छापेमारी कराई गई। छापेमारी के दौरान विमलेश चौधरी के घर से 9 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। हालांकि पुलिस को आते देख शराब कारोबारी विमलेश चौधरी भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त शराब कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बेलदारी बिगहा में पानी में डूबने से बच्चे की मौत

**जहानाबाद।** परसबिगहा थाना क्षेत्र के बेलदारी बिगहा गांव में पानी में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक रामाश्रय यादव का 12 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक के माता-पिता धान की सोहनी करने के लिए घर से बधार के तरफ निकले थे ।उनका बच्चा पीछे-पीछे चल दिया । हालांकि माता-पिता को पता नहीं चला कि उनका बेटा भी पीछे-पीछे आ रहा है। पास ही लघु सिंचाई विभाग के द्वारा पईन की खुदाई की गई थी।

### भूमि विवाद में तीन जख्मी, प्राथमिकी दर्ज

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र बसडीहां गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें तीन लोग जख्मी हो गए। सभी जख्मी को इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बसडीहां निवासी सुमित्रा देवी पति बशिष्ठ राम द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है ।

## पुलिस थाना परिसर में रखे बाइक को चोरों ने उड़ाया

**बिक्रमगंज।** बिक्रमगंज पुलिस द्वारा जब्त थाना परिसर से ही एक बाइक ले भागे चोर। जिस बाइक की तलाश में पुलिस जुट गई है। जो प्लैटिना बाइक सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के चौरासी मठिया निवासी पिंटू कुमार की थी। उन्होंने बताया कि वे अपनी बाइक से अपने फुआ के घर 24 मार्च को गए थे। वहां से 25 मार्च को उनकी फुआ का लड़का रवि कुमार उनकी बाइक लेकर बिक्रमगंज खरीदारी करने आया था। इसी बीच बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के मैधरा - करमैनी गांव के पास उसकी दुर्घटना हो गई और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। डायल 112 की टीम ने उसे अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर सूचना दी। घटना के चार पांच दिन बाद इलाज के दौरान बनारस में जख्मी युवक की मौत हो गई। कुछ दिन बाद जब बाइक मालिक थाना में बाइक के लिए गया तो उसकी बाइक ही गायब थी। पिछले चार-पांच माह से वह थाना में दौड़ लगा रहा है, लेकिन अब तक बाइक का कोई सुराग नहीं मिला है। जब यह खबर चर्चा में आई तो पुलिस ने सीसीटीवी में देखा कि उस जगह जितनी भी बाइक थी उसे दूसरे जगह हटाया गया है, लेकिन जहां बाइक को रखना था वहां नहीं है।

**नेपाल के काठमांडू में 30 अगस्त से एक सितंबर तक आठ देशों के साथ होगा मुकाबला**

# कॉम्बैट साउथ एशिया चैंपियनशिप में भोजपुर के भाई-बहन दिखाएंगे दमखम

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नेपाल के काठमांडू में 30 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजित कॉम्बैट साउथ एशिया चैंपियनशिप कुश्ती में भोजपुर की राधा, अर्चना व अनुपम अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें अर्चना एवं अनुपम अपने भाई-बहन हैं। इस प्रतियोगिता में भारत समेत आठ देशों के महिला-पुरुष पहलवान भाग लेंगे। बिहार राज्य के 37 पहलवान इसमें अपना दमखम दिखाएंगे, जिसमें आठ महिला और 29 पुरुष पहलवान शिरकत करेंगे।

**29 अगस्त को टीम काठमांडू के लिए रवाना होगी:** इसकी जानकारी संघ की प्रदेश सचिव व वेट लिफ्टिंग की गोल्ड मेडलिस्ट दीपाली नंदी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम 29 अगस्त को नेपाल के काठमांडू के लिए रवाना होगी। इसमें पटना से रक्सौल तक ट्रेन से और वहां से बस के जरिए टीम काठमांडू के लिए प्रस्थान करेगी। प्रतियोगिता में भारत के अलावा पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल समेत आठ देश भाग लेंगे। दरअसल उड़ीसा के पुरी में 4-7 अप्रैल तक संपन्न प्रथम कॉम्बैट सीनियर और जूनियर-सब जूनियर महिला-पुरुष नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में भोजपुर के तीन पहलवान मेडल जीतकर इस प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए थे। जिले की राधा पहलवान 69 किलो भार वर्ग में, अर्चना 57 किलो भार वर्ग में और अनुपम 86 किलोग्राम भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिले में कार्यरत डाककर्मी मुंजी पहलवान का भी चयन इस प्रतियोगिता के लिए जिले के आरा कचहरी डाकघर में कार्यरत कर्मी व बक्सर जिले के अतिमी निवासी मुंजी पासवान पहलवान का भी चयन किया गया है। वे 70 किलोग्राम भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**उड़ीसा के पुरी में पहली बार में ही जीता मेडल:** भोजपुर को कॉम्बैट नेशनल कुश्ती में जगह पहली बार में ही मिली है। भोजपुर जिले की राधा, अर्चना व अनुपम पहलवान ने ओडिशा के पुरी में संपन्न प्रथम कॉम्बैट नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप प्रतियोगिता में पहली बार में ही भाग लेकर मेडल जीता था। इसमें आरा शहर के श्रीटोला की राधा ने गोल्ड और कोईलवर के कायमनगर की सहोदर भाई-बहन अर्चना एवं अनुपम ने सिल्वर मेडल जीता।



केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 28 अगस्त 2024
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# 34 मॉडल गांवों में कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण अधूरा, प्रधानों को नोटिस

**केटी न्यूज / बलिया**

मॉडल गांव के लिए चयनित 34 राजस्व गांवों में सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट (कूड़ा निस्तारण केंद्र) का कार्य अभी भी अधूरा है। इन गांवों के प्रधानों को डीपीआरओ एसके सिंह ने नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह में स्पष्टीकरण देने को कहा है। गांवों के मॉडल विकास के लिए 70 प्रतिशत स्वच्छ भारत मिशन और 30 प्रतिशत वित्त आयोग से धन जारी होता है। बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के तहत राजस्व गांवों को स्वच्छ बनाकर मॉडल गांव के रूप में विकसित करने योजना सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में शुरू की थी। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 17 ब्लॉकों में



फाइल फोटो

237 राजस्व गांव तथा 2023-24 में 741 राजस्व गांवों का चयन हुआ था। इसके लिए शासन से धन भी भेज दिया गया। इसके बावजूद अभी भी 34 ग्राम पंचायतों के 38 राजस्व गांवों में कार्य अधूरा है। बताया जाता है कि इन गांवों में धनराशि भी उपलब्ध है। डीपीआरओ ने सम्बंधित प्रधानों को नोटिस जारी कर बचे धन से एक सप्ताह में कार्य पूर्ण कराने तथा अब तक कार्य नहीं होने का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

### इन गांवों में अधूरा है कार्य

**बलिया।** सोहांव ब्लॉक के नारायनपुर, सीयर के अवायां, रसड़ा के छितौनी, पंदह के पकड़ी, खेजुरी, पूर, खड़सरा व सहुलाई, नवानगर के सिवानकला व कोथ, मुरलीछपरा के दलनछपरा, चांददीयर व इब्राहिमाबाद, मनियर के जिगिड़सर, हनुमानगंज के बहादुरपुर, बसंतपुर और रामपुर महावल, गड़वार के गड़वार, दुबहड़ के घोड़हरा, शिवपुर दीयर, अखार व शिवपुर दीयर नम्बरी, चिलकहर के संवरा, टीकदेवरी, हजौली, सिकरिया कला, बेरूआरबारी के मैरीटार, बेलहरी के बिगही, दिघार व सुजानीपुर, बांसडीह के खेवसर व खरौनी तथा बैरिया ब्लॉक का चकिया गांव है।

## सरयू नदी में समाया मकइया बाबा का मंदिर

**बलिया।** बलिया में सरयू नदी की लहरों ने मंगलवार की सुबह जमकर तांडव मचाया। तेज गर्जन के साथ नदी की लहरें चलने लगीं। सरयू नदी की मुहाने पर गणेश यादव, शिवजी यादव, मुखराम यादव, महेश यादव आदि गोपालनगर टाड़ी निवासियों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में मकइया बाबा स्थान का 100 वर्ष पुराना पीपल का पेड़ नदी की मुख्य धारा में समा गया। नदी की तीव्र लहरें मकइया बाबा मंदिर से टकराने लगी। एक घंटे के अंदर मकइया बाबा का मंदिर सरयू नदी की मुख्यधारा में समा गया। मकइया बाबा का मंदिर गोपालनगर के लिए आस्था व विश्वास का केंद्र था। वहां तरह-तरह के अनुष्ठान हुआ करते थे। लोगों का कहना है कि अब वो दिन दूर नहीं जब दियारा का नामोनिशान मिट जाएगा।

### एक नजर

## भाजपा सांसद कंगना रनौत का बयान देश के करोड़ों किसानों का अपमान: शमीम खान



**बलिया।** भाजपा सांसद कंगना रनौत द्वारा किसानों पर दिए गए अपमानजनक व विवादित बयान पर ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने मंगलवार को बहेरी में प्रेसवार्ता कर भाजपा को जमकर आड़ेहाथ लिया। साथ ही सांसद कंगना रणावत को बर्खास्त करने की मांग कर डाली। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत का किसान को लेकर दिए गए बयान यह साबित करता है कि भाजपा देश के करोड़ों अन्नदाताओं के लिए क्या सोच रखती है। किसान आंदोलन में विदेशी ताकतों का हाथ होने के सवाल पर प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि देश के एक सांसद का इस तरह का बयान बहुत ही गंभीर है। बीजेपी दावा करती है कि देश मजबूत एवं सुरक्षित हाथों में है तो अमेरिका और चीन जैसी विदेशी ताकतें हमारे देश के अंदर अपना षड्यंत्र का जाल कैसे बुन सकती हैं। इस पर देश के प्रधानमंत्री जी को जवाब देना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री देश के किसानों के लिए बड़ी बातें कहते हैं। लेकिन परंतु उन्हीं की पार्टी की एक सांसद देश के किसानों का अपमान कर रही है। यह देश बर्दाश्त नहीं करेगा बीजेपी को और प्रधानमंत्री जी को इस पर अपना स्पष्टीकरण देना चाहिए कि वो किसानों के साथ है या कंगना रनौत के साथ।

## चार से आमरण अनशन शुरू करने की घोषणा

**सिंहपुर।** क्षेत्रीय संघर्ष समिति के संयोजक जनार्दन सिंह ने रेलवे आंदोलन के अगले चरण में चार सितम्बर से आमरण अनशन करने की



घोषणा की है। साथ ही उस दिन दुकानदारों से फेफना बाजार को पूर्ण रूप से बंद करने का आह्वान किया है। इस संदर्भ में रेल मंत्री भारत सरकार को संबोधित पत्रक स्टेशन अधीक्षक फेफना को सौंपा गया। बता दें कि क्षेत्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले फेफना जं. रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर विगत आठ दिनों से क्रमिक अनशन चल रहा है। इसके पहले 19 दिनों तक धरना प्रदर्शन होता रहा। मंगलवार को अवध नारायण यादव, शिवदयाल सिंह यादव, जितेन्द्र साहनी, सत्येन्द्र नाथ वर्मा एवं सुरेन्द्र यादव क्रमिक अनशन पर बैठे। क्षेत्रीय संघर्ष समिति के संयोजक जनार्दन सिंह ने कहा कि फेफना जं. रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव, फेफना-गड़वार रेलवे क्रासिंग पर ऊपरीगामी सेतु का निर्माण, वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाएं बहाल करने, टिकट खिड़की एवं यात्री प्रतीक्षालय को स्टेशन से बाहर करने तथा आरक्षण खिड़की का निर्माण करने की मांग को लेकर विगत एक अगस्त से आंदोलन चल रहा है। बावजूद इसके अभी तक रेल प्रशासन एवं रेल मंत्रालय द्वारा हमारी मांगों पर कोई पहल नहीं किया गया है। बलिया जनपद का एकमात्र जंक्शन रेलवे स्टेशन फेफना 80-85 गांवों के लाखों लोगों का केन्द्र है। घोषणा किया कि आगामी चार सितम्बर से आमरण अनशन किया जायेगा। इस अवसर पर संतोष सिंह, शिवाजी, राजेश कुमार गुप्त, मुन्ना गुप्त, हरिशंकर कन्नौजिया, समर बहादुर, हरेन्द्र यादव, आत्मा गिरी बब्लू, हसन जावेद, तेजनारायण, लखी पाल, शिवकुमार सिंह, परमहंस सिंह, सोहराव, विनय पासवान आदि मौजूद रहे।

## कागज पर हुए पोखरा खुदाई से ग्रामीणों में आक्रोश

**गाजीपुर।** जनपद के नंदगंज क्षेत्र के मदनहीं गांव में पिछले दो दशक से जल संचयन के लिए पोखरे की खोदाई पर शासन का विशेष फोकस है। लेकिन आज तक मुख्य विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा के साथ पहुंचने



की जहमत नहीं उठाए। यहां कागज पर चल रहे पोखरा खोदाई कार्य से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जाबकार्ड धारकों के खाते में पैसा भेजकर ग्राम प्रधान, रोजगार सेविका, मनरेगा जेई ले लेते हैं। विगत दो दशकों से निमार्णाधीन पोखरे के इनलेट/आउटलेट निर्माण के साथ सिर्फ बंधे की दरेसी हुई है। मनरेगा को लेकर केंद्र सरकार 'एनएमएमएस' से मनरेगा मजदूरों की निगरानी कर रही है, वहीं 'एरिया इंस्पेक्शन एप' से कार्यों की पारदर्शिता जांची जा रही है। फिर भी आज तक डीएम, सीडीओ ने इस काम की मौके पर जाकर जांच नहीं की। शासन के नए आदेश के अनुसार जिलाधिकारी या स्वयं के चयनित अधिकारी को पांच से 10, मुख्य विकास अधिकारी को 15, डीसी मनरेगा 15, बीडीओ को 30 तथा एपीओ को 30 मनरेगा के तहत चल रहे कामों की मौके पर जाकर जांच करनी है। इसमें काम चलते समय की फोटो सहित स्टीमेट, बिल बाउचर, एमबी आदि सभी दस्तावेज एप पर अपलोड किया जाना है। डीसी मनरेगा भी न तो सचिव न ही प्रधान को कोई निर्देश दे रहे हैं। ग्रामीणों ने इस मानकविहीन पोखरे की खुदाई के नाम पर हो रही लूट पर सक्षम अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## प्रशासक की नहीं हुई तैनाती, कमेटी का गठन कर प्रधान के उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू हो

**गाजीपुर।** रेवतीपुर ब्लाक अंतर्गत हसनपुरा ग्राम पंचायत के प्रधान के मौत को सोलह दिनों से अधिक हो गया, मगर अभी तक अधिकारियों के द्वारा गाँव में प्रशासक की तैनाती/कमेटी गठित नहीं किया जा सका है।इसके कारण ग्राम पंचायत का विकास कार्य पूरी तरह ठप्प हो चुका है। बावजूद अधिकारी गाँव के विकास को संचालित करने के लिए त्रिस्तरीय कमेटी के गठन को लेकर उदासीन बने हुए है,जबकि ब्लाक मुख्यालय की ओर से पंचायत के निर्वाचित सभी वार्ड मेंम्बरो की सूची जिला मुख्यालय पंचायत राज विभाग को भेंजी जा चुकी है। लोगों ने कहा कि जल्द कमेटी के गठन के साथ ही प्रधान के उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाए,ताकि शासन की ओर से ग्राम पंचायत में संचालित होने वाली विभिन्न तरह की विकास सम्बन्धित योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके।प्रधान का पद रिक्त होने से ग्रामीणों को जरूरी अभिलेखों को बनवाने में इधर भटकना पड रहा है। लोगों ने कहा कि जल्द प्रशासक की तैनाती की जाए या कमेटी का गठन किया जाए,ताकि गाँव के विकास को रफ्तार दी जा सके, जिससे कि ग्रामीण खुद को सहुलियत महसूस कर सकें। मालूम को कि बीते 11 अगस्त 2024 को हसनपुरा ग्राम पंचायत के वर्तमान प्रधान उपेन्द्र यादव उर्फ कल्लू 26 वर्ष का गाजीपुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था,जिसके कारण यह पद रिक्त हो गया था,इस मौत के बाद ब्लाक के पंचायत विभाग के अधिकारी निर्वाचित सभी 13 वार्ड मेंम्बरो की सूची और अन्य जरूर अभिलेखों को जिला मुख्यालय उच्चाधिकारियों को भेंज दी।मालूम हो कि 2021 में सामान्य सीट के प्रधान पद का चुनाव हुआ था,जिसमें उपेंद्र यादव ने ऋषिकेश राय को 110 मतों से पराजित कर प्रधान निर्वाचित हुए थे।

### खबरें फटाफट

## ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने सूर्यभान राय

**गाजीपुर।** ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जनपद शाखा की बैठक



गीतांजलि पैलेस शास्त्री नगर चौराहा पर संपन्न हुई। जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक सुरेश सिंह, पूर्व जिला मंत्री काशीनाथ झां एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ0 प्रदीप सिंह भी उपस्थित थे। बैठक में एडीओ (पंचायत) संगठन के मंडल अध्यक्ष अशोक यादव, जिला अध्यक्ष इरशाद जफर एवं जिला मंत्री रामअवध राम ने भी प्रतिभाग किया। बैठक में सम सामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों के उत्पीड़न पर रोष व्यक्त किया गया। प्रांतीय स्तर पर वेतन वृद्धि, पदोन्नति, रिक्त पदों पर भर्ती इत्यादि बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में गुलाब गुप्ता, जयप्रकाश पाण्डेय, सुनील सिंह, कंचन कुमार जायसवाल, आजाद पांडे,शिव प्रकाश त्रिपाठी, अनिल यादव,पूजा सिंह, निर्मला यादव, सुशीला यादव, कविता, शशि राय, मनीष राय, अनुज यादव, संजय सक्सेना, समेत सैकड़ों ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित थे।

## छात्र सम्मान समारोह एवं उपाधि वितरण का आयोजन

**गाजीपुर।** जमानियां रेलवे स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में मंगलवार को छात्र सम्मान समारोह एवं उपाधि वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मन्नू सिंह विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के लछिराम सिंह, रविन्द्र नाथ यादव प्राचार्य प्रो.एस एन सिंह आईक्यूएसी प्रभारी प्रो.अरुण कुमार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में महाविद्यालय के पुरा छात्र मन्नू सिंह को महाविद्यालय द्वारा अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए मंगलमय भविष्य की कामना की गई।

### बलिया में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

# हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की से गुंजायमान रहा भृगु नगरी

- जेल, पुलिस लाइन समेत प्रत्येक थानों में मनाई गई जन्माष्टमी
- कान्हा की जन्म लेते ही महिलाओं ने गए सोहर



**केटी न्यूज / बलिया**

नगर से लेकर ग्रामीणांचलों के प्रत्येक घरों में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। इसके अलावा जिला कारागार, पुलिस लाइन समेत प्रत्येक थानों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। उधर आरपीएफ आवास पर भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही घड़ी की सुई रात 12 बजे पर पहुंची पूरा जनपद हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की, नंद के आनंद भयो के जयकारे से गुंजायमान हो गया। उधर हर ओर महिलाएं सोहर गाने लगीं। इस दौरान मंदिरों और घरों में झांकी सजाई गई। जन्माष्टमी पर श्रद्धालु महिला-पुरुष से लेकर बच्चों तक ने उपवास रखा। इस दौरान कहीं रूप सज्जा प्रतियोगिता तो कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा नगर से सटे अगरसंडा, मिड्ढा, छाता, शंकरपुर, हरिपुर, घरौली, सहतवार स्थित जानकी ब्रह्म स्थान, पंचमंदिर, शाहपुर, बांसडीह तहसील, रसड़ा तहसील व बैरिया तहसील, सिकंदरपुर तहसील के विभिन्न गांवों के मंदिर व घरों पर श्रीकृष्ण व राधे की विभिन्न स्वरूपों को सजाया गया। सुखपुरा थाना अंतर्गत बसंतपुर गांव में एक से बढ़कर एक पंडाल बनाकर भगवान श्री कृष्ण की जन्मोत्सव मनाया गया। प्रभु श्रीकृष्ण के कष्ट को हरने के लिए उनके भक्तगणों ने पूरे दिन उपवास रखा। वहीं कुछ लोगों ने निर्जला व्रत भी रखा। जन्माष्टमी पर सोमवार की सुबह से ही जगह-जगह क्षेत्र में हरे राम हरे कृष्ण के संकीर्तन से गुंजायमान हो रहा, जो देर रात तक चलता रहा। नंद के आनंद भयो, जय हो नंदलाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की.....सोमवार को जिले भर में जन्माष्टमी की धूम रही। घरों से लेकर थानों और अन्य जगहों पर आकर्षक झांकियां सजाई गई। पूरे जिले में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार की सुबह से ही लोग कान्हा की मूर्ति नया वस्त्र पालकी पालना मुकुट जैसे आभूषण खरीद रहे थे। देर शाम फलों की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ लगी रही। जन्माष्टमी पर खीरा सौ रुपये किलो से अधिक में बिका। घरों में जहां श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाना है। उसे आकर्षक तरीके से सजाया और संवारा गया। वहीं मंदिरों में भी आकर्षक झांकियां सजायी गई।

## धूम धाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव, रात्रि में गूंजता रहा श्रीकृष्ण का जयकारा

**केटी न्यूज / मऊ**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की धूम पूरे जनपद में चारो ओर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी रही। पुलिस लाइन समेत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मंदिरों और मुहल्लों में धूमधाम के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व समारोह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान जगह-जगह सजी आकर्षक झांकियां लोगों के मन को जहां छू रही थी। वहीं डीजे की धुनों पर बज रहे भक्तिगीतों पर युवा देर रात तक थिरकते रहे। पर्व को लेकर घर की महिलाओं समेत अन्य सदस्यों ने व्रत रखा और पूजा पाठ किया। वहीं मध्य रात्रि श्रीकृष्ण के जयकारे से के साथ ही पूरा शहर क्षेत्र श्रीकृष्ण के जयकारे से गूंज उठा। नगर समेत ग्रामीण अंचलों में पूरे दिन भक्तगण अपने घरों में झांकियां सजाने में लगे रहे। रात्रिकाल में होने वाले जन्मोत्सव की तैयारियों में श्रद्धालु महिलाएं धनिया की पंजीरी का प्रसाद बनाने में प्रातःकाल से ही जुट गई थीं। हर घर से आती भूनी धनिया की सोंधी महक वातावरण को और भी दिव्य बना रही थी। सायंकाल होते ही घरों में अनुष्ठान आरंभ हो गए। रखी गई डोल के सामने कलश स्थापना कर भक्तगण पूजा-अर्चन में जुट गये, गवैयों ने भजन-कीर्तन की धुन छेड़ी तो महिलाओं की टोली ने सोहर की स्वर लहरियां बिखेरीं। हर ओर से बजते घंटा-घड़ियाल तथा रात्रि में जगह-जगह पर हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा वातावरण उल्लासमय हो चला था। थाना परिसरों, पुलिस लाइन व जिला कारागार में प्रभु के जन्मोत्सव में विशेष कार्यक्रम हुए। आधी रात को 12 बजते ही रोहिणी नक्षत्र लगा तो संपूर्ण वातावरण भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने खीरा चीरकर प्रतीकात्मक रूप से प्रभु जन्म की औपचारिकता पूर्ण की। नगर कोतवाली, थाना दक्षिणटोला, थाना सरायलखंसी आदि में विशेष आयोजन किए गए।

## स्वैच्छिक रक्तदान में कुल 20 लोगों ने किया महादान

- शिविर में दोनों पैर से विकलांग युवक ने किया रक्तदान
- सीएमएस ने रक्तदान के फायदे बता लोगों के मन से भय दूर किया



**केटी न्यूज / बलिया**

गंगा पार बसा यूपी का अति पिछड़ा गांव शिवपुर दियर नंबरी (हरदेव सिंह के डेरा) में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य दियारा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के अंदर रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उक्त कार्यक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर दियर नंबरी (हरदेव सिंह के डेरा) पर रविवार को हुआ। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल 20 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराकर रक्तदान किया।

शिविर के मुख्य अतिथि सूबे के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह के प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. सुजीत कुमार यादव रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से शंभू सिंह, प्रणव कुमार सिंह, सचिता सिंह, अमरीश पांडेय, भोलू सिंह आदि मौजूद रहे। बताते चलें कि रक्तदान को लेकर आज भी गांव में तरह-तरह के भ्रांतियां हैं, वहीं ग्राम प्रधान संजय यादव के अथक प्रयास व जागरूकता के कारण स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में अपनी इच्छा से 20 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान महादानियों को जिला चिकित्सालय के सीएमएस ने रक्तदान के फायदे बताए। कहा कि रक्तदान करने से एक साथ कई फायदे होते हैं। मन मस्तिष्क स्वस्थ रहता है। लोगों के शरीर की सारे चेकअप हो जाते हैं। साथ ही नहीं रक्त कणिकाएं शरीर में बनती हैं। इस मौके पर ब्लड बैंक से डा. अफजल अहमद, फार्मासिस्ट मनोज कुमार वर्मा, एनटी दुष्यंत सिंह, श्याम जी सिंह, विनय यादव, राजेश सिंह, राकेश विक्रम तिवारी आदि लोगों ने हिस्सा लिया।

## ग्राहक को दिया सड़ा पनीर मशरूम चिल्ली



**बलिया।** नगर के विशनुीपुर रोड स्थित आर्यन रेस्टोरेंट से एक कस्टमर को सड़ा हुआ पनीर मशरूम चिल्ली देने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि जब कस्टमर अभिषेक वर्मा इसकी शिकायत आर्यन होटल से मैनेजर व मालिक से की तो दोनों ने अभिषेक वर्मा के साथ गालीगलौज किया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आर्यन रेस्टोरेंट शहर का एक जाना माना रेस्टोरेंट हैं, लेकिन यहां आए दिन भोजन सामग्री में गड़बड़ी पाई जाती है। अभी पिछले साल ही वकील खान के साथ यहां के मैनेजर की बहस हो गई थी, उस समय भी पनीर के एक आईटम से बदबू आने की शिकायत थी।

इधर बीते रविवार की रात अभिषेक वर्मा आर्यन रेस्टोरेंट से पनीर मशरूम चिल्ली पर्सल कराकर घर लेकर गया था, जहां एक टुकड़ा खाने के बाद उसे गड़बड़ी लगी तो उसने पर्सल आर्यन होटल पर लाया और मैनेजर से इसकी शिकायत की। इस पर आरोप है कि पहले मैनेजर फिर आर्यन होटल के मालिक कस्टमर अभिषेक वर्मा के साथ बदतमीजी की।

### बयान देने से भागते नजर आए मैनेजर

उधर मामले में जब आर्यन होटल के मैनेजर से संपर्क करने के लिए 7376908015 पर संपर्क किया गया है कि हर बार किसी के द्वारा फोन उठाकर यही कहा गया कि मैनेजर नहीं है। ऐसा एक बार नहीं बल्कि दो–दो बार फोन करने पर यही उत्तर मिला।

### शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से आमजन परेशान

# पिछड़े, अनुसुचित जाति एवं जनजाति के लोगों को मिले हक

- नरही वसूली कांड में असली आरोपी जांच परिधि से बाहर

**केटी न्यूज/ बलिया**

विगत लोकसभा के चुनाव में इंडिया गठबंधन के सहयोगियों और विशेषकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा की संविधान विरोधी नीतियों का उल्लेख करते हुए यह कहा था कि भाजपा पिछड़ो, दलितों और जनजातियों को प्राप्त आरक्षण के संवैधानिक अधिकार को समाप्त करना चाहती है। 69000 शिक्षकों की भर्ती के संबंध में उच्च न्यायालय का निर्णय इसकी पुष्टि करता है। उच्च न्यायालय ने आरक्षण के प्रावधानों का पालन करते हुए नयी सूची बनाने का निर्देश दिया है। हम मांग करते है कि शिक्षक भर्ती या अन्य सभी सरकारी नौकरियों में संविधान की मंशा के अनुरूप आरक्षण के नियम का पालन करते हुए अन्य पिछड़े वर्ग, अनुसुचित जाति एवं जनजाति के



लोगों को उनका हक दिया जाय। यह बातें पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी ने मंगलवार को पत्रकारों के समक्ष कही। कहाकि पूरे जनपद में बिजली की समस्या लोगों को परेशान कर रही है। सरकारी दांवे के अनुरूप शहरी और ग्रामींण क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। मेरे प्रयास से समाजवादी पार्टी की सरकार में चितबड़ागाँव में 132/33 का बड़ा पावरहाऊस स्थापित किया गया था। जहाँ से 33/11 की बिजली आपूर्ति की व्यवस्था है। थोड़े दिनों तक बसंतपुर विद्युत केन्द्र से जुड़े 30 गावों को विद्युत आपूर्ति इस पावरहाऊस से जोड़कर की गयी। लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण इस क्षेत्र के लोगों को भारी बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। जले हुए ट्रांसफॉर्मरों को बदलने मे एक-एक महीने का समय लग रहा है। कहाकि प्रदेश के नौजवानों के सम्मुख बेरोजगारी की समस्या दैत्य की तरह मुँह बाए खड़ी है। डबल इंजन की सरकार रोजगार देने के सवाल पर गाल बजाने के अलावा कुछ नहीं कर रही है। उद्योगविहीन बलिया जनपद में यह समस्या और विकराल है। बार-बार जनपद में उद्योग लगाने व रोजगार के अवसर बढ़ाने की फर्जी घोषणाएं हुई है। लेकिन अब तक इस दिशा में प्रयास और परिणाम दोनों शून्य है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पूरे जनपद मे तमाम सड़कों को खोदकर यूं ही छोड़ दिया गया है। अनेक गाँव के सम्पर्क मार्ग पूरी तरह बाधित है। लोगों का आना-जाना मुहाल है साथ ही जो पाईप बिछाये जा रहे है उनकी साईज और गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं है। यह योजना भी सरकारी धन के लूट के अलावा कागजी बनकर रह जायेंगी।

नरही वसुली कांड का पुलिस प्रशासन के बड़े अधिकारियों द्वारा छापेमारी कर इतना हल्ला मचाया गया। मानों पुलिस विभाग से भ्रष्टाचार समाप्त हो जायेगा और हर दोषी के खिलाफ कार्यवाही होगी। लेकिन छापेमारी के दिन और उसके तत्काल बाद आरोपी थानेदार और कुछ पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार करने के अलावा जिन छोटे- छोटे गरीब श्रमिकों को गिरफ्तार किया गया। उन्हें ऐसे पेश किया गया जैसे वे ही असली अपराधी हैं। जबकि असली अपराधी जो इस लूट के संरक्षक थे। जांच और कार्यवाही की परिधि से बाहर हैं। जबतक इस कांड में शामिल बड़ी मछलियों पर कार्यवाही नहीं होगी। तब तक ऐसी लूट की पुनरावृत्ति रोकना सम्भव नहीं है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार हुआ घायल

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फतुलहा निवासी मुन्ना बिंद सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं सूचना पर पहुंचे सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उठाकर गुड़उर स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहां घायल का इलाज किया जा रहा है। फतुलहां गांव निवासी मुन्ना बिंद कोटवा नारायणपुर के तरफ से अपने घर बाइक आ रहा था। इसी बीच गुड़उर गांव से आगे बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गया जिसमें वह घायल हो गया। घायल होने की सूचना मिलते ही सरकारी एंबुलेंस का चालक गुलाबचंद राजभर व उसमें सवाल स्वास्थ्य सहायक ईएमटी प्रियांशू कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर उसका फर्स्ट ऐड करने के बाद उसे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुड़उर ले गए, जहां घायल का इलाज चल रहा है। गुड़उर स्वास्थ्य केंद्र में घायल को एडमिट करा कर घर वालों को सूचना दिया गया।

# आरपीएफकर्मियों के हत्यारोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

- चार बदमाशों को किया गिरफ्तार इसमें एक बदमाश के लगी पैर में गोली

**केटी न्यूज / चंदौली**



बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन में दो आरपीएफकर्मियों की हुई हत्या के मामले में गाजीपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गाजीपुर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद चार बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि चार लोग गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है की घायल बदमाश प्रेमचंद (35) निवासी बघौतीपुर बिहटा पटना बिहार का रहने वाला है। वहीं, पुलिस ने इस मामले में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट हो गया है कि बीते दिनों दोनों आरपीएफ के दो जवानों की हत्या शराब तस्करों द्वारा ही की गई थी। माना जा रहा है कि आरोपी शराब तस्करी की घटना को अंजाम दे रहे थे। जिसमें हस्तक्षेप करने के कारण दोनों आरपीएफ जवानों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। जिसमें बाधक बनने पर शराब तस्करों ने इनकी हत्या ट्रेन से फेंक दिया। फिलहाल पुलिस भी इस मामले में खुलकर कुछ भी बताने से बच रही है।

आपको बता दें कि 20 अगस्त को पंडित दीनदयाल उपाध्याय-दानापुर रेलखंड पर गहमर कोतवाली क्षेत्र में दो आरपीएफ जवानों का शव अलग अलग स्थानों पर मिला था । हत्या की गुत्थी सुलझाने में जनपद पुलिस टीम ने पूरी ताकत झोंक दी थी। टीम कई बिंदुओं पर छानबीन कर रही थी। घटना के बाद से ही पीडीडीयूनगर पहुंची जांच टीम गुवाहाटी- बाड़मेर एक्सप्रेस के विभिन्न डिब्बों की जांच भी की थी ताकि आरपीएफकर्मियों की मौत की पहेली को सुलझाया जा सके।

ट्रेन शराब तस्करी के लिए मुफीद हो चुकी है, यह सच कई बार सामने आ चुका है। शराब तस्करों द्वारा दो आरपीएफ जवानों की हत्या किए जाने के बाद मामला गंभीर हो चुका है। प्लेटफार्म पर सख्ती के बाद अब यार्ड से ट्रेनों में शराब चढ़ाने का खेल शुरू हो गया था। घटना वाले दिन भी आइकॉन केबिन के पास पहली बार चेन पुलिंग हुई थी। अब सारा कुछ तस्करों के बयान टिका है। अगर तस्करों ने आरपीएफकर्मियों के मिली भगत से तस्करी की बात कबूल ली तो कईयों पर गाज गिर सकती है।

## एक नजर

### तैयारी बैठक में संयोजकों की समस्याओं का किया गया समाधान

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 28 वें दीक्षांत समारोह के आयोजन हेतु मंगलवार को कुलपति सभागार में कुलसचिव महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई । कुलसचिव ने समिति के संयोजकों से बिन्दुवार प्रगति की जानकारी ली। साथ ही राज भवन द्वारा आएं निदेशों के बारे में संयोजकों को जानकारी दी। पिछली बार की अपेक्षा इस बार कुछ कार्यक्रमों में बदलाव किए गए हैं। इसकी अगली बैठक दो सितंबर को तीन बजे निर्धारित की गई है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह राजभवन की ओर से जारी क्षण- प्रतिक्षण कार्यक्रम के अनुसार होगा। इसमें वजनी पुस्तक, बुके और अन्य सामग्री का उपयोग नहीं होगा। विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए 51 समितियों का गठन किया गया है। पीएच. डी. उपाधि धारकों को समय से सूचना देने की जिम्मेदारी उप कुलसचिव बबिता सिंह को दी गई है। दीक्षांत समारोह में आमंत्रित अतिथियों की सूची तैयार कर निमंत्रण भेजने की व्यवस्था के बारे में उप कुलसचिव अजीत प्रताप सिंह मेडल एडवाइजरी समिति के बारे में संयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो अजय द्विवेदी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक प्रो. राकेश यादव को दीक्षांत समारोह के पूर्व गोद लिए गए गावों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों की आपसी प्रतियोगिता कराने के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह, प्रो अजय द्विवेदी, उप कुलसचिव अजीत कुमार सिंह, अमृत लाल, बबिता सिंह, प्रो अविनाश पाथर्डीकर, प्रो राजेश शर्मा, प्रो संदीप सिंह, प्रो मुराद अली, प्रो. देवराज, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. राज कुमार, प्रो रवि प्रकाश, डॉ मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, सत्यम उपाध्याय, डॉ. लक्ष्मी मौर्या, डॉ पीके कौशिक, कपिल त्यागी, सुशील प्रजापति, रजनीश सिंह,राज नारायण सिंह, डॉ.पुनीत सिंह समेत समिति के संयोजक उपस्थित रहे।

### बलुआ पुलिस ने एक युवक को तमंचा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**चंदौली।** बलुआ पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसकी तलाशी के दौरान एक कारतूस भी बरामद हुआ हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है। बलुआ पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि एक व्यक्ति जो अपराधिक प्रवृत्ति का है और थाना धानापुर में मोटरसाइकिल चोरी का वांछित है। वह सराय मोड़ के पास खड़ा है और कही जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस बताए गए स्थान पर पहुंची। तो सामने से एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। और पुलिस को देखकर भागना चाहा तो मौजूदा पुलिस टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त हर्ष मिश्रा पुत्र शिवमोहन मिश्रा ग्राम डेढ़वलिया थाना धानापुर का निवासी बताया गया है. अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में थाना धानापुर में भी मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी रही।गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक शैलेश कुमार यादव, उप निरीक्षक अभिषेक शुक्ला, कांस्टेबल रमेश चौहान शामिल रहे।




## खबरें फटाफट

### 11 खाद्य पदार्थों के नमूने को भेजा गया प्रयोगशाला

**मऊ।** जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार, सहायक आयुक्त सुरेश कुमार मिश्र के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा आज तहसील क्षेत्र मुहम्मदाबाद गोहना के विभिन्न स्थानों पर मिलावट के संदेह में औचक छापेमारी करते हुये विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 11 नमूने संग्रहित करते हुए खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला से जांच कराने हेतु संग्रहित किये गये। संग्रहित किये गये नमूनों का विवरण इस प्रकार है- भातकोल स्थित उदयभान चौहान के प्रतिष्ठान से साबूत हल्दी, मिर्च पाउडर तथा एडिबल वेजिटेबल आयल का नमूना। भातकोल स्थित श्यामचरन जायसवाल के प्रतिष्ठान से साबूत हल्दी, सौंफ, सरसो तेल तथा नमकीन का नमूना। नसोपुर स्थित अरविन्द दुबे के प्रतिष्ठान से क्रीम का नमूना। मुहम्मदाबाद गोहना स्थित अमित के प्रतिष्ठान से हल्दी का नमूना। खुरहट बाजार स्थित श्री अनिल के प्रतिष्ठान से बेसन तथा घी का नमूना संग्रहित किये गये उक्त नमूनों को वास्ते जांच राजकीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित कर दिया गया है। जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यराम यादव व रीता, उपस्थित रहीं।

### बीएचयू को जल्द मिलेंगे 171 डॉक्टर

**वाराणसी।** आईएमएस बीएचयू को जल्द 171 डॉक्टर मिलने वाले हैं। मेडिसिन फैकल्टी में सर्वाधिक 86 जबकि ट्रॉमा सेंटर में 52 की तैनाती होनी है। इतनी संख्या में एक साथ डॉक्टरों की तैनाती के बाद ओपीडी में डॉक्टरों की संख्या बढ़ जाएगी। इससे जांच, इलाज में सहूलियत होगी। दो सितंबर तक आवेदन के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। बीएचयू अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर में ओपीडी में विभागों के कंसल्टेंट के साथ ही जूनियर, सीनियर रेजिडेंट भी बैठते हैं। वह मरीजों को देखने के साथ ही जरूरी जांच भी करते हैं। चिकित्सा विज्ञान संस्थान में सीनियर रेजिडेंट की तैनाती तीन साल के लिए होती है। इस बीच सीनियर रेजिडेंट के 171 पद खाली हैं। दो सितंबर की रात 11.59 बजे तक आवेदन होगा।

## पर्यटन को वैश्विक पटल पर स्थापित करने के लिए योगी सरकार करने जा रही परिवर्तन

# पर्यटन को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए संगठनात्मक ढांचे का होगा पुनर्गठन

- प्रमुख सचिव ने महानिदेशक को कार्यवाही सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- निर्णय के तहत प्रदेश में पर्यटन निदेशक और पर्यटन निदेशक (इको टूरिज्म) के नए पद किए जाएंगे सृजित

**केटी न्यूज/ लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के पर्यटन को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर व्यापक स्तर पर कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। सरकार के प्रयासों से विगत कुछ वर्षों में धार्मिक पर्यटन में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। ऐसे में पर्यटन विभाग के बढ़ते दायरे को देखते हुए और प्रदेश के पर्यटन को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए योगी सरकार ने विभाग में संगठनात्मक पुनर्गठन का निर्णय लिया है। इसके तहत निदेशक पर्यटन सहित कुल 100 पदों को सृजित किया जाएगा, जबकि कुछ पदों का उच्चीकरण तो कुछ अनुपयोगी पदों को खत्म किया जाएगा। योगी कैबिनेट पहले ही इस प्रस्ताव को मंजूर कर चुकी है और अब पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने महानिदेशक पर्यटन को इस पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। जिला पर्यटन अधिकारी के पदों पर सीधी भर्ती उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश पीसीएस सामान्य परीक्षा के माध्यम से तथा पर्यटन सूचना अधिकारी की सीधी भर्ती उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित सामान्य परीक्षा के माध्यम से की जाएगी। पर्यटन सूचना अधिकारी, सहायक पर्यटन अधिकारी एवं पर्यटन अधिकारी के पद पर कार्यरत पद धारक को सेवा अवधि के आधार पर अन्य उच्च पदों पर समायोजन के संबंध में कार्मिक विभाग एवं वित्त विभाग के परामर्श से सेवा संबंधी शर्तों का निर्धारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के संगठनात्मक ढांचे में जो भी पद सृजित किए जा रहे हैं उन सभी पदों की सेवा नियमावली परामर्शी विभागों (कार्मिक एवं वित्त विभाग) की सहमित से बनाया जाएगा। संगठनात्मक ढांचे का पुनर्गठन किए जाने पर विसंगति या त्रुटि पाए जाने की स्थिति में संशोधन के लिए मुख्यमंत्री अधिकृत होंगे।



### निदेशक पर्यटन की होगी नियुक्ति

प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम के अनुसार, संगठनात्मक पुनर्गठन के तहत निदेशक पर्यटन का एक पद सृजित होगा। इस पर विशेष सचिव स्तर के पीसीएस या आईएएस की तैनाती होगी। निदेशक पर्यटन (ईको टूरिज्म) का भी एक पद सृजित किया जाएगा, जिस पर उप वन संरक्षक स्तर के आईएफएस अधिकारी तैनात होंगे। अपर निदेशक का एक पद पदोन्नति से भरा जाएगा, जिसके लिए संयुक्त निदेशक के पद पर न्यूनतम 4 वर्ष की सेवा पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा। इसी तरह, जिला पर्यटन अधिकारी के 59 पदों पर भी नियुक्ति की जाएगी। इसमें 50 प्रतिशत सीधी भर्ती होगी तो 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरे जाएंगे। वहीं, अपर जिला पर्यटन अधिकारी के 38 पदों को पदोन्नति के माध्यम से भरा जाएगा। इसके अतिरिक्त 120 ऐसे पद हैं, जिन्हें बढ़ाकर 203 किया जाना है, जबकि 36 पदों को अनुपयोगी होने के कारण खत्म किया जाएगा।

### सृजित किए जा रहे पदों के लिए की जाएगी बजटीय व्यवस्था

प्रदेश में पर्यटन विकास की बहुआयामी संभावनाओं जैसे मेडिकल टूरिज्म, धार्मिक, आध्यात्मिक टूरिज्म, वेलनेस सेंटर को तलाशते हुए चरणबद्ध रूप से पर्यटन संबंधी विजन को लागू करते हुए माइक्रो टारगेट एवं माइक्रो एप्रोच के माध्यम से आवश्यकता पर विचार किया जाएगा। मेडिकल टूरिज्म, धार्मिक, आध्यात्मिक टूरिज्म, वेलनेस सेंटर के विकास के लिए चिकित्सा शिक्षा, धर्मार्थ कार्य, आयुष विभाग के अतिरिक्त नगर विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, वन विभाग से विशेषज्ञ अधिकारियों के सहयोग से विजनरी डॉक्युमेंट व उसके कार्यान्वयन के लिए विचार किया जाएगा। सृजित किए जा रहे पदों के लिए पर्यटन निदेशालय द्वारा बजटीय व्यवस्था की कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

## चोरी की पड़ताल करने पहुंची पुलिस ने पकड़ा सेक्स रैकेट

- बिहार, बंगाल से युवतियों को बुला कर वाराणसी के होटलों में भेजा जाता था

**केटी न्यूज / चंदौली**



मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के मढ़िया गांव में किराए के मकान में सेक्स रैकेट चलाया जा रहा था। सोमवार की देर शाम चोरी के सिलसिले में पूछताछ के लिए पुलिस मकान में पहुंची तो इसका खुलासा हुआ। मकान में दो युवक और युवतियां रंगेरलियां मनाते पकड़े गए। पूछताछ में पता चला कि बिहार और बंगाल से लड़कियां लाकर कार से गंगा घाट के किनारे स्थित होटलों में सप्लाई की जाती है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। मढ़िया गांव में सपा के महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष गार्गी सिंह पटेल का मकान है। कुछ दिन पहले चोरों ने उनके घर से लाखों रुपए मूल्य के जेवरात और नगदी चुरा ली थी। इस मामले में पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। जांच में पता चला कि गांव में ही गोपाल पटेल ने अपना मकान किराए पर दे रखा है। मकान में बंगाल, बिहार से अनजान लोग आते रहते हैं। यही नहीं अक्सर लड़कियां भी अआती हैं। शक के आधार पर जलीलपुर पुलिस चौकी इंचार्ज अमित सिंह दल बल के साथ सोमवार की शाम पूछताछ के लिए पहुंचे। गोपाल पटेल के मकान पर पहुंचे तो यहां का दृश्य देख चौंक गए। यहां दो युवक और युवतियां रंगेरलियां मनाते मिले। पकड़ी गई दोनों युवतियां छपरा बिहार की बताई जाती है, जबकि युवक महाबलपुर और बंगाल के निवासी थे। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि यहां बंगाल और बिहार से लड़कियां लाई जाती हैं और आन कॉल बनारस में गंगा घाट के किनारे के होटलों में भेजी जाती हैं। पुलिस चारो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संबंध में सीओ पीडीडीयू नगर आशुतोष ने बताया कि पड़ाव के मढ़िया गांव में आन कॉल एस्कॉर्ट सर्विस का पता चला है। दो युवक और युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### गोवंश बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**चंदौली।** इलिया पुलिस ने मालदह पुलिया के पास सोमवार की देर शाम बजाज मक्सिका वाहन से बिहार के रास्ते बंगाल ले जाते वक्त दो राशि गोवंश को बरामद करने के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसे पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया है। अपराध पर अंकुश लगाने, अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि एक बजाज मैक्सिको वाहन से तस्कर मवेशियों को वध हेतु बंगाल भेजने के लिए मालदह पुल के रास्ते बिहार ले जाने वाले हैं।

### खेल दिवस के अवसर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन कल

**केटी न्यूज / मऊ** जिला क्रीड़ा अधिकारी डी0पी0सिंह ने बताया कि 29 अगस्त, 2024 को मेजर ध्यानचन्द जी के जन्म दिवस एवं खेल दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, मऊ द्वारा जिला स्तरीय 14 वर्षीय बालकों की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ में प्रातः 10:00 बजे से किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता में जनपद की सभी बालक हॉकी टीमें प्रतिभाग कर सकती है। प्रतियोगिता में प्रविष्टि निःशुल्क है। प्रतियोगिता में विजेता व उप विजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक बालक हॉकी टीमें दिनांक 29 अगस्त, 2024 को प्रातः 09:00 बजे तक स्पोर्टस स्टेडियम, मऊ में उपस्थित होकर अपनी प्रविष्टि कराये। अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, मऊ में सम्पर्क स्थापित करें।

### जिलाधिकारी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया वाह्य निरीक्षण

**मऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी प्रवीण मिश्र ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वाह्य निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की सक्रियता, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवम् रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की अनवरत निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।




## चंदौली जनपद के विभिन्न इलाकों में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

# हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की... भक्तों ने लगाए जयकारे

- घरों में विधि विधान से लडडू गोपाल की पूजा कर माखन और मिश्री का लगाया गया भोग

**केटी न्यूज / पीडीडीयू नगर**



आधी रात के वक्त रोहिणी नक्षत्र और शुभ योग में नटवर नागर, रास रचैया, मुरली मनोहर, योगेश्वर श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। श्रीकृष्ण के जन्म लेते हुई थाली बजाने के साथ ही ढोल नगाड़े की थाप पर लोगों ने हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाए। घरों में विधि विधान से लडडू गोपाल की पूजा कर माखन और मिश्री का भोग लगाया। इस मौके पर जगह जगह श्रीकृष्ण जन्म की झांकी सजाई गई। नगर के लाठ नंबर दो में जन्माष्टमी पर मेला लगा। वहीं सुभाष नगर स्थित गौड़ीय मठ में झांकी दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगी रही। भगवान श्रीकृष्ण को जन्मोत्सव भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। इस वर्ष सोमवार की रात अष्टमी तिथि के साथ ही रोहिणी नक्षत्र भी मिला। इस तिथि में श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वहीं वैष्णवजन मंगलवार को उदयातिथि के अनुसार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाएंगे। इसके पूर्व सोमवार की सुबह से ही घरों में लोग श्रीकृष्ण जन्म की झांकी सजाने में जुट गए। युवाओं ने घरों में लकड़ी के बुरादे को रंगा, इसके बाद मूर्तियों, खिलौनों से मथुरा नगरी सजाई, गोपियों संग रास रचाते श्रीकृष्ण तो कहीं पुतना वध, माखन चुराते, श्रीकृष्ण सुदामा मिलन, कालिया नाग दमन आदि की झांकी सजाई। न

नगर के लाठ नंबर दो के साथ ही पथरा, जायसवाल स्कूल रोड, शाहकुटी, सुभाषनगर, चंदासी, नई बस्ती, न्यू महाल, रविनगर, पटेलनगर, कूढकला, कैलाशपुरी, चतुर्भुजपुर, काली महाल, अलीनगर, आरपीएफ कॉलोनी, गया कॉलोनी, मानसनगर, यूरोपियन कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी में श्रीकृष्ण जन्म की झांकी सजाई गई। मुगलसराय कोतवाली में सादगी के साथ जन्माष्टमी मनाई गई। अलीनगर थाने में भी श्रीकृष्ण की भव्य झांकी सजाई गई।

## सुभाषितम्

लंबी जिंदगी का महत्व नहीं है, जितना महत्व इसकी गहनता का है। -राल्फ वाल्डो एमर्सन

# शांति के अहम प्रयास

युद्ध उन्मादी कोई भी हो ,उसे शांति की बात न सुनाई देती है और न पचती है,ये बात साबित हुई है रूस और यूक्रेन के बीच दोबारा से भड़के युद्ध से। भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र दामोदर मोदी ने युद्धरत दोनों देशों को शांति पाठ पढ़ाने की भरसक कोशिश की लेकिन मोदी जी के स्वदेश लौटते ही दोनों देश और ज्यादा खूंखार हो गए । दोनों ने एक-दूसरे पर हमले तेज कर दिए । मुझे ये ताजा हमले शांतिदूत माननीय मोदी जी मुंह पर तमाचे जैसे लगे। अशांत बांग्लादेश ने भी भारत से अपने दो राजनयिक वापस बुलाकर एक तरह से भारत की और माननीय मोदी की ख्वारी कर दी है। माननीय मोदी जी जब अशांत मणिपुर छोड़कर पोलेंड और अमेरिका तथा यूक्रेन के दौरे पर शांतिदूत बनकर गए थे तो मुझे और पूरी दुनिया को ऐसा लगा था कि मोदी जी अपने राजनीतिक जीवन में शायद पहली बार सही कोशिश कर रहे हैं ,देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के बताये रस्ते पर आगे बढ़ रहे हैं।,लेकिन दुर्भाग्य की हम सब गलत थे । उनकी कोशिश एकतरफा और गलत साबित हुई। उनकी बात न मित्र रूस ने मानी और न मित्र यूक्रेन ने माना ।क्योंकि मोदी जी मोदी जी थे,नेहरू जी नहीं। इधर मोदी ने रूस की धरती छोड़ी उधार यूक्रेन ने रूस पर और जबाब में रूस ने यूक्रेन पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। अब सवाल ये है कि माननीय मोदी जी देश को और स्वदेश क क्या मुंह दिखाएँ ? उन्होंने तो इस मामले में एक तरह से अपना पूरा राजनीतिक भविष्य दांव पर लगा दिया था। मोदी जी के शांति प्रयासों में कोई खोट है, ऐसा न मै कहना चाहता हूँ और न ऐसी मेरी कोई मंशा है । मंशा तो युद्धरत देशों की ठीक नहीं है ,जिसे माननीय मोदी जी शायद समझ नहीं पाए। वे भूल गए कि रूस हो या यूक्रेन अभी अपने ब्रेन से काम ले रहे है। उन्हें पता है कि भारत की मध्यस्थता से दशकों पुरानी दुश्मनी और युद्ध समाप्त नहीं हो सकते। दोनों के बीच संधि का मतलब भारत की जीत और रूस तथा यूक्रेन की हार होगी। और दुनिया में कोई ,किसी से हारना नहीं चाहता। मोदी जी खुद गुड़ खाते हैं और गुलगुलों से नेम करते है। वे रूस और यूक्रेन से संधि करने की बात करते हैं और खुद अपने पड़ौसियों से मैत्री करने में नाकाम हो जाते हैं। भारत की विदेश नीति में हालाँकि आमूलचूल परिवर्तन नहीं हुए हैं, किन्तु जितना कुछ बदला है उससे भारत का भला होने के बजाय बुरा ही हुआ है। भारत के निकटतम पड़ौसी पाकिस्तान से पिछले एक दशक में हमारे रिश्ते सुधरने के बजाय और ज्यादा खराब हुए है। हमारी बोलचाल तक बंद है। बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद भी भारत का नुक्सान ही हुआ ,क्योंकि बांग्लादेश की काम चलाऊ सरकार ने नाराज होकर भारत से अपने दो राजनयिक वापस बुला लिए ।शायद इसकी वजह भारत में बांग्लादेश की निवर्तमान प्रधानमंत्री श्रीमती शेख हसीना की मौजूदगी है। नेपाल में भारत विरोधी और चीन समर्थक सरकार आ चुकी है।बांग्लादेश ने शेख हसीना के विरुद्ध आधा दर्जन से ज्यादा संगीन अपराधों के मामले दर्ज कर रखे हैं युद्धरत यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि दूसरा यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन होना ही चाहिए। अच्छा होगा अगर यह ग्लोबल साउथ के देशों में से किसी एक में हो। हम भारत में वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन आयोजित कर सकते हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इस बारे में सऊदी अरब, कतर, तुर्किये और स्विटजरलैंड के साथ भी बातचीत चल रही है। दरअसल, पहला शांति शिखर सम्मेलन जून में स्विट्जरलैंड में आयोजित किया गया था, जिसमें 90 से अधिक देशों ने हिस्सा लिया था। हालांकि, तब यह शांति सम्मेलन पूरी तरह से विफल हो गया था।

## चिंतन-मनन

# प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार



पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता -पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे। एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करके योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए। परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए। इस पीढ़ी को व्यसनमुक्त होकर अपने माता-पिता की सेवा करने, उनके प्रणाम करने के तरीको को जीवन में अपनाना चाहिए। जीवन में सदाचार को अपना कर हमें अपने विचारों को बदलना होगा। विचार जीवन का प्रतिबिंब है। संतों की संगति से अच्छे विचार आते हैं। विचार अच्छे होना हमारी जागरूकता को दशार्ता है। हमारे विचार हमारे जीवन का परिचय देते हैं। रुपया-पैसे का लालच छोड़कर हमें जीवन में धार्मिक आराधना करते रहना चाहिए। जिससे हमारा जीवन और हमारे परिवार का जीवन सार्थक होगा।

# फिराक गोरखपुरी में बसी थी भारत की सांझी संस्कृति

**- ललित गर्ग**

शायर-ए-जमाल-सौन्दर्य का कवि कहलाने वाले फिराक गोरखपुरी उर्दू शायरी का देश एवं दुनिया का एक फनकार हैं जिसका रचना-संसार जीते-जी ही नहीं, मरकर भी गूंज रहा है। गोरखपुर को जिन वजहों से दुनिया भर में पहचान मिली, फिराक गोरखपुरी को हमें उनमें आगे की पंक्ति में रखना ही होगा। नाम के आगे गोरखपुरी लगाकर उन्होंने उर्दू अदब की दुनिया में गोरखपुर को जो ऊंचाई दी, गोरखपुर ही नहीं बल्कि समूचे पूर्वांचल के लोग इसके लिए गौरव का अनुभव करते हैं। शायरी कहने के अपने अलमस्त और बेलौस अंदाज को लेकर वह शायरों में ही नहीं, आमजन के बीच भी हमेशा चर्चा का विषय रहे। रघुपति सहाय से फिराक गोरखपुरी बने, वे भारत के एक प्रसिद्ध उर्दू शायर, कवि, लेखक और आलोचक थे। उनकी साहित्यिक प्रतिभा कविता, गजल और निबंध सहित विभिन्न शैलियों में फैली हुई है। प्रगतिशील लेखक आंदोलन के एक प्रमुख व्यक्तित्व, गोरखपुरी की रचनाओं में मानवीय भावनाओं और सामाजिक मुद्दों की गहरी समझ झलकती है। उनकी काव्यात्मक अभिव्यक्ति ने शास्त्रीय लालित्य को आधुनिक संवेदनाओं के साथ जोड़ा, जिन्होंने शायरी को लोक बोलियों से जोड़कर उसमें नई लोच, नई रंगत, नई ऊर्जा उत्पन्न की। उन्हें फारसी, हिन्दी, ब्रजभाषा और भारतीय संस्कृति की गहरी समझ थी, इन्हीं कारणों से उनकी शायरी में भारत की विविधताओं युक्त सांझी रची-बसी हुई है। वे जन-कवि और सौन्दर्य के परम उपासक के रूप में असंख्य लोगों के दिल और दिमाग में रचे-बसे हैं।

फिराक गोरखपुरी का जन्म 28 अगस्त 1896 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में हुआ। वे एक अमीर परिवार से संबंधित थे। उनके पिता का नाम मुंशी गोरख प्रसाद था, वे पेशे से वकील थे, किन्तु शायरी में उनका बहुत नाम था। इसी कारण फिराक को शायरी की प्रेरणा पिता से भी मिली। बचपन के चमकते-दमकते वैभव के बावजूद उनकी नजरें हमेशा जमीन की ओर देखती रही। उनकी जिन्दगी और रचनाओं का सफर न केवल रोचक रहा, बल्कि प्रेरणा का स्रोत भी रहा। उर्दू कविता के प्रति उनके मन मे छोटी आयु में ही रुझान था। बाल्यावस्था में ही उन्होंने उर्दू में कविताएं लिखना आरंभ कर दी। वे साहिर, इकबाल, फैज, तथा कैफी आजमी से अत्यधिक प्रभावित हुए। रामकृष्ण परमहंस की कहानियों से आरंभ करने के बाद उन्होंने अरबी, फारसी और अंग्रेजी में शिक्षा ग्रहण की। पढ़ाई में वे बड़े ही योग्य एवं होनहार विद्यार्थी थे। सन् 1917 में डिप्टी कलेक्टर के पद के लिए चुने गए परंतु महात्मा गांधी के स्वराज्य आंदोलन में भाग लेने के लिए उन्होंने 1918 में पद से त्यागपत्र दे दिया। 1920 में स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेने के कारण उनको डेढ़ वर्ष की जेल की यात्रा सहन करनी पड़ी। वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्राध्यापक भी रहे। उनका कहना था कि उर्दू केवल मुसलमानों की भाषा नहीं है बल्कि आम भारतवासियों की भाषा है। पंडित जवाहरलाल नेहरू उनकी इस सोच से अत्यधिक प्रभावित हुए, उन्होंने फिराक को राज्यसभा का सदस्य मनोनीत किया। नेहरू ने फिराक को जेल से छूटने के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस के कार्यालय में अन्डर सेक्रेटरी बना दिया। लगभग 50 वर्षों तक वे सांप्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द के लिए काम करते रहे। फिराक की कविता में कुछ स्थानों पर रूमानियत देखी जा सकती है उन्होंने वियोग, श्रृंगार के सुंदर चित्र अंकित किए हैं।

अपनी हाजिर जवाबी की वजह से फिराक काफी मशहूर थे। उनका बातचीत का लहजा इतना चुटीला होता था कि एक बार कोई उनके पास बैठ जाए तो उठता नहीं था। वह जो भी बोलते थे, बेधड़क बोलते थे और अंदाज ऐसा कि महफिल ठहाकों में भर उठती थी। वे जिन्दादिल इंसान थे तो चित्रता में मित्रता के प्रतीक थे। समस्याओं के आर-पार जाने की क्षमता, वास्तविकताओं पर पड़े आवरणों को तोड़ देने की ताकत, मनुष्य की चिन्ता, सौन्दर्य की अभिव्यक्ति उनकी शायरी एवं सृजन में भी दिखाई पड़ती है। इतिहास और वर्तमान-दोनों जगह वह उत्पीड़न के खिलाफ थे और उसकी अभिव्यक्ति में पूरी तरह भयमुक्त थे। उनके जीवन के सारे सिद्धांत मानवीयता की गहराई से जुड़े थे और उस पर वह अटल भी रहते थे किन्तु किसी भी प्रकार की रूढ़ि या पूर्वाग्रह उन्हें छू तक नहीं पाती। वह हर प्रकार से मुक्त स्वभाव के थे और यह मुक्त स्वरूप भीतर की मुक्ति का प्रकट रूप है। यह उनके व्यक्तित्व की बड़ी उपलब्धि है। स्वभाव में एक औलियापन है, फक्कड़पन है और अलमस्त अंदाज है। किसी को उनका व्यक्तित्व भाया तो किसी को वह बिल्कुल पसंद नहीं आए लेकिन उनके शेरों की कद्र हर किसी ने पूरी तबीयत से की। उनका लोहा तब भी जग ने माना और आज भी मान रहा है। वे सदियों तक इसी तरह अपनी शायरी के कारण जीवंत बने रहेंगे।

उनकी जिंदगी का ज्यादातर हिस्सा इलहाबाद बीता। और यहीं से वे शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचे। इलाहाबाद में फिराक, महादेवी वर्मा और निराला को मिलाकर उस दौर के साहित्य की दुनिया की त्रिवेणी बनती थी। उनकी अनौपचारिक संगोष्ठियों में अंग्रेजी के विद्वानों के साथ-साथ तुलसी, कालिदास और मीर के पाठ भी समानांतर चलते थे। गहरी-गहरी और गोल-गोल डस लेने वाली आंखों में उनके व्यक्तित्व का फक्कड़पन खूब जाहिर होता था। फिराक के पिता भी अच्छे शायर थे, इसलिए उनके आवास लक्ष्मी निवास पर साहित्यकारों की खूब महफिल सजती थी। महफिल सजाने वालों में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचन्द भी शामिल थे। कई बार प्रेमचंद वहां रुक भी जाते थे, जब फिराक की पत्नी को उनके लिए परहेजी खाना बनाना पड़ता था। इस दौरान फिराक का प्रेमचंद से एक खास रिश्ता बन गया था। फिराक की बेटी प्रेमा देवी ने अपने एक संस्मरण में लिखा है कि लक्ष्मी निवास पर पंडित नेहरू भी कई बार आए थे क्योंकि नेहरू के वे काफी नजदीक थे।

फिराक भरी-पूरी संभावनाओं का नाम रहा है, जहां साहित्य की अनेक सरिताएं प्रवहमान रही हैं। फिराक तबीयत से भले ही हर किसी को बागी नजर आए लेकिन उनकी शायरी सहज थी। उनके शेरों में संवेदनाएं, नेकदिली और जिंदादिली का अहसास कोई भी कर सकता है। उर्दू गजल के पारंपरिक अंदाज में बिना किसी छेड़छाड़ के नए लहजे की शायरी की जो अद्भुत मिसाल उन्होंने पेश की, उससे शायरी के कद्रदानों के अलावा मशहूर शायर भी उनके कायल हो गए। निदा फाजली जैसे शायर ने तो शायरी की दुनिया में गालिब और मीर के बाद फिराक को तीसरे पायदान पर रखा है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और महादेवी वर्मा जैसे साहित्यकारों के सान्निध्य में उन्होंने अपनी शायरी को ऊंचाई दी। पद्मश्री अली सरदार जाफरी ने फिराक को उर्दू शायरी की नई आवाज करार दिया। जोश मलीहाबादी ने कहा कि फिराक उर्दू के उस्ताद शायरों में एक बड़े नामवर गोशे के मालिक हैं। साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विश्वनाथ तिवारी ने फक्कड़, मूडी, गुस्सैल आदि अनेक परिचय के धनी फिराक को शायरी के दुनिया का बेताज बादशाह कहा है। यही कारण है कि मिर्जा गालिब और अमीर खुसरो की तरह ही फिराक गोरखपुरी के जीवन पर भी कई फिल्में बन चुकी हैं। एक फिर फिल्म गवर्नमेंट आफ इंडिया के फिल्म डिविजन ने भी बनाई है। फिराक के जीवन पर कई किताबें भी लिखी गईं हैं। उनकी स्वयं की अनेक पुस्तक हैं, जिनमें प्रमुख हैं- गुल-ए-नगमा, बज्म-ए-जिंदगी, रंगे शायरी, मशअल, रूह-ए-कायनात, नग्मा-ए-साज, गजलिस्तान, शेरिस्तान, शबनमिस्तान, रूप, धरती की करवट, गुलबाग, रम्ज व कायनात, चिरागा, शोअला व साज, हजार दास्तान, हिंडोला, जुगनू, नकूश, आधी रात, परछाइया और ताराना-ए-इश्क, सत्यम शिवम सुंदरम। इसके अलावा फिराक ने एक उपन्यास ह्यसाधु और कुटियाह्न तथा कई कहानियां भी लिखीं हैं। वे अनेक पुरस्कारों से सम्मानित हुए हैं- 1960 में साहित्य अकादमी अवार्ड, 1968 में साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र में पद्मभूषण सम्मान, 1969 में गुल-ए-नगमा के लिए ज्ञानपीठ अवार्ड एवं 1969 में सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार। वे ऐसे लेखक एवं शायर हैं, जिनके जीवन की चादर पर सकारात्मकता, संवेदना एवं प्रेम के रंग बिखरे हुए है।

# तारीख पर तारीख, तारीख पर तारीख...

**- चैतन्य भट्ट**

आज से लगभग तीस बरस पहले राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित एक फिल्म आई थी नाम था दामिनी फिल्म हिट हुई थी लेकिन उसका एक डायलॉग जो एक वकील के रूप में सनी देओल अदालत में कहता है फिल्म से भी ज्यादा मकबूल हुआ था जिसमें वो अदालत में चिल्ला चिल्ला का कहता है तारीख पर तारीख, तारीख पर तारीख, तारीख पर तारीख मिलती रही लेकिन इंसाफ नहीं मिला माई लॉर्ड। खैर वो तो फिल्म थी लेकिन मध्य प्रदेश में भाजपा के उन नेताओं को जो बेचारे निगमों, मंडलों, प्राधिकरणों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बनने की राह देख रहे हैं उन्हें भी इसी तरह तारीख पर तारीख, तारीख पर तारीख, मिलती जा रही है लेकिन कुर्सी नहीं मिल रही है सीएम साहब। प्रदेश में विधानसभा चुनाव खत्म हुए 8 महीने लगभग बीत चुके हैं, जो नेता शिवराज सिंह चौहान के जमाने में अध्यक्ष उपाध्यक्ष बनाए गए थे उनकी कुर्सी वर्तमान सीएम मोहन यादव ने एक झटके में खींच ली। सारे निगमों मंडलों प्राधिकरणों के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों को हटाकर इनकी बागडोर अफसरों के हाथों में सौंप दीऔर यह बताया गया कि बहुत जल्दी अब दूसरे लोगों को इसमें अवसर दिया जाएगा। तब से भारतीय जनता पार्टी के तमाम लीडरान इसी आशा में डॉक्टर मोहन यादव की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं कि काश कभी उनकी तरफ भी नजरे इनायत हो जाएं। तमाम मंडल, प्राधिकरण, निगम अपने-अपने मुखिया की राह तक रहे हैं कि कोई तो उनकी सुध ले ले, लेकिन डॉक्टर साहब है तो किसी को दवाई देने तैयार नहीं। कुर्सी की बीमारी से तमाम नेता त्रस्त हो गए हैं कि कब उन्हें कुर्सी पर बैठने का मौका मिल जाए, लेकिन 8 महीने में न जाने कितनी बार उन्हें तारीख मिल चुकी है कि बस अब वक्त आ गया है जब उन्हें किसी न किसी निगम में मंडल में या प्राधिकरण में अध्यक्ष या उपाध्यक्ष बना दिया जाएगा, लेकिन जैसे कल कभी नहीं आता वैसे ही वो तारीख सामने नहीं आ रही है जिस तारीख में इन तमाम नेताओं को एडजस्ट किया जाएगा। इच्छुक नेता दिल्ली दरबार की भी परिक्रमा करने में जुटे हैं कि भोपाल में सेटिंग ना भी हो पाए तो सीधा डायरेक्ट दिल्ली से मामला सेट कर लिया जाए, लेकिन बेचारों की आंखें पथरा गई हैं ,अच्छी खबर सुनने के लिए कान तरस गए हैं, कुर्सी पर बैठने के लिए शरीर तड़प रहा है लेकिन दूर-दूर तक कोई रास्ता नजर आता नहीं दिखता। अब एक खबर आई है कि तीन महीने बाद इस मसले पर विचार किया जाएगा , यानी कुल मिलाकर इन तीन महीनों तक लोगों का कुछ नहीं हो पाएगा पर तीन महीने बाद फिर कौन सी नई तारीख मिलती है ये कहना बड़ा मुश्किल है। लोग बाग कहते हैं इंतजार का फल बड़ा मीठा होता है लेकिन यहां तो इंतजार करते-करते ,बड़े नेताओं के चक्कर काटते काटते चप्पलें घिस गई हैं लेकिन वो परमानेंट तारीख अभी तक नहीं मिल पाई है जिस तारीख में इनके अपॉइंटमेंट हो पाएंगे।

### ये दिन आ गए अब इनके

आईएएस अफसरों के बारे में ये कहा जाता है कि पचास हजार में से एक व्यक्ति आईएएस बन पाता है और एक बार आईएएस बन जाता है तो फिर उसकी हैसियत राजा जैसी हो जाती है। नेताओं का क्या है 5 साल बाद क्या पता नहीं कुर्सी मिलती है कि नहीं मिलती लेकिन आईएएस तो पैंतीस साल राज करता है, सारे अधिकार उसके हाथों में होते हैं। कलेक्टर जिले का राजा होता है तो मुख्य सचिव पूरे प्रदेश का। कौन सी योजनाएं चलाना है, किसको ठेका देना है, किसको ओब्लाइज करना है, किसको परेशान करना है ये सब वही तय करते हैं लेकिन मध्य प्रदेश के आईएएस अफसरों की हालत तो देखो, ऐसी दुर्दशा होगी ये कभी उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा होगा। जब से प्रदेश में कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ी है उसके बाद से मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने एक आदेश जारी करके कुत्तों की निगरानी की जिम्मेदारी पांच बड़े आईएएस अफसरों को सौंप दी है कि वे देखें कि इन कुत्तों की जनसंख्या में कैसे कमी आ सकती है, कुत्तों के काटने की घटनाएं कैसे कम हो सकती है, अब बेचारे अपना सारा काम धाम छोड़कर इसी शोध में लगे हैं कि कुत्तों से कैसे निपटा जाए। अभी वे कुत्तों से निपटने की योजना बना ही रहे थे कि एक और आदेश आ गया , तमाम जिलों के कलेक्टर नेशनल हाईवे और मुख्य मार्गो से गायों को हटाए। कलेक्टरों को लग रहा है कि कुत्ते और गाय का आदेश तो आ ही गया है ना कहो अब सांडों को सड़कों से खदेड़ने की जिम्मेदारी भी उन्हीं के कंधों पर सौंप दी जाए। क्या सोचकर आए थे, कितनी मेहनत की थी, आईएएस बनने के लिए, सोचा था जिंदगी भर राज करेंगे लेकिन यहां तो कुत्ता, बिलैया, गैया भगाने की जिम्मेदारी मिल गई है। पता लगा है कि तमाम कलेक्टर गांव के चरवाहों से ट्रेनिंग ले रहे हैं कि इन गायों को कैसे सड़कों से हांका जाए। अपना तो सरकार से एक निवेदन है की मसूरी में जो आईएएस अफसरों की ट्रेनिंग होती है उसमें एक पीरियड कुत्तों, गायों, सांडों को भगाने का भी शामिल किया कर लिया जाए ताकि जब ऐसे आदेश हो तो उन्हें ज्यादा श्रम ना करना पड़े'

### फिर वही रात में रुकने की बात

कई बरस हो गए हमको ये सुनते और पढ़ते, जितने भी सीएम आते हैं वो अपने कलेक्टरों से कहते हैं कि एक रात जरूर गांव में गुजारें ,लेकिन अपने को पता है कि आज तक किसी कलेक्टर ने गांव में रात नहीं गुजारी होगी, और कौन होगा ऐसा जो वहां रात में खटिया में सो कर मच्छरों से कटवाए, सुबह चार बजे मुर्गे की बांग पर उठना पड़ जाएगा, ना पंखा होगा ना एसी होगा। अब प्रदेश के मुखिया ने अफसरों को छोड़कर मंत्रियों को आदेश दे दिया है कि वे जिस जिले के प्रभार में है वहां कम से कम एक रात जरूर गुजारें। अपने को तो आज तक समझ में नहीं आया कि एक रात गुजारने से ऐसा क्या उखड़ने वाला है। अरे भाई दिन गुजरो तो समझ में भी आता है कि अफसर मिल जाएंगे, कर्मचारी मिल जाएंगे, लोग मिलेंगे, समस्याएं सामने आएंगी। रात में ऐसा क्या होने वाला है। जिले में अब यही होगा कि जो मंत्री जी आएंगे बेहतरीन एयर कंडीशन सर्किट हाउस में रात में डिनर लेंगे, सारे जिले के अफसर उनकी सेवा में जुटे रहेंगे ,दस ग्यारह बजे बेहतरीन गद्देदार पलंग में लेट कर निद्रा देवी को आमंत्रित करेंगे और फिर कुछ देर में उनके खर्राटे सर्किट हाउस की दीवारों से टकराने लगेंगे , सुबह उठकर फिर राजधानी की तरफ बढ़ लेंगे कहने को हो जाएगा कि हमने रात उस जिले में कुछ गुजार दी है यानी हर लगे ना फिटकरी रंग चोखा हो पता नहीं है रात गुजारने वाली स्कीम किसने बनाई थी जिसने भी बनाई है उस पर आज तक किसी कलेक्टर ने अमल नहीं किया और अपने को तो लगता है कि जब अफसरों ने सीएम की बात नहीं मानी हो तो फिर मंत्रियों को भला कौन मजबूर कर सकता है कि वे अपने प्रभार वाले जिले में रात गुजारें।

# दूध बेचने वाले भंगू ने की 45000 करोड की ठगी, जेल में मौत

**- सनत जैन**

पर्ल ग्रुप के अध्यक्ष निर्मल सिंह भंगू की मौत हो गई है। उनके ऊपर 45000 करोड रुपए की ठगी के आरोप थे। जिन्होंने देश भर में 5 लाख से अधिक लोगों को ठगा। हजारों करोड रुपए की धन संपदा इकट्ठी की। वह 2016 से तिहाड़ जेल में ठगी के आरोप में बंद थे। हजारों करोड़ों रुपए की संपत्ति के मालिक होते हुए भी, उन्हें अपनी अंतिम सांसें जेल में लेनी पड़ी। जेल में उनको हार्ट अटैक का दौरा पड़ा। जेल कर्मचारी उन्हें अस्पताल लेकर गए। डीडीयू के अस्पताल ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। मृतक भंगू भारत और पाकिस्तान की सीमा से लगे अटारी गांव का रहने वाला था। उसका बचपन दूध बेचने मैं बीता। पैसे कमाने के लिए वह कोलकाता पहुंचा। घोटाले का मास्टर माइंड निर्मल सिंह कोलकाता स्थित कंपनी पियरलेस के संपर्क में आया। वहां उसने चिटफंड कंपनी का काम सीखा उसके बाद वह गोल्डन फॉरेस्ट इंडियन कंपनी से जुड़ा। कुछ साल बाद यह कंपनी बंद हो गई। उसके बाद निर्मल सिंह ने अपनी पर्ल गोल्डन फॉरेस्ट कंपनी बनाई। 1996 में इस कंपनी का नाम बदलकर पीसीएल कर दिया। यह अपनी कंपनी में लोगों को 5 साल में पैसा दुगना करने का भरोसा दिलाता था। देश के कई राज्यों में इसने 5 लाख से अधिक लोगों के पैसे अपनी कंपनी में जमा कराए। पैसा जमा करने के लिए यह अपने एजेंटों को भारी कमीशन देता था। लोग 5 साल में पैसा दुगने होने के लालच में कंपनी में पैसा जमा करते थे। एजेंट ज्यादा कमीशन मिलेगा, इस लालच में लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। निर्मल सिंह ने कई कंपनियों का एक समूह तैयार कर लिया था। जिसमें प्रॉपर्टी और एनएफसी बैंकिंग की तरह काम किया जाता था। लोग किस्तों में पैसे जमा करते थे, कंपनी एफडी भी जारी करती थी। कंपनी पर ठगी और धोखाधड़ी के आरोप लगे। 8 जनवरी 2016 को सीबीआई ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह तिहाड़ जेल में बंद था। कुल मिलाकर हजारों करोड़ों रुपए का मालिक भंगू के कुछ साल तो ऐशो आराम में गुजारे। लेकिन अपना अंतिम समय जेल में बिताना पड़ा। जो प्रतिष्ठा अर्जित की थी, वह गँवानी पड़ी। जेल में ही उसकी मौत हो गई। कुछ इसी तरह की कहानी सहारा प्रमुख सुब्रतो राय की थी। वह पहले पत्रकारिता से जुड़े, बाद में वह भी पीयरलेस जैसी चिटफंड कंपनियों के संपर्क में आए। उन्होंने भी सहारा इंडिया के नाम से कंपनी बनाई। लोगों को जल्द जमा पैसे पर रिटर्न देने का वादा किया। बैंक में जब 7-8 साल में पैसे डबल होते थे। उस समय सहारा कंपनी ज्यादा रिटर्न देने का लालच देकर लोगों के पैसे अपनी कंपनी में जमा कराते थे। सुब्रत राय की भी 14 नवंबर 2023 को मौत हो गई। 2.82 लाख करोड़ की संपत्ति के मालिक सुब्रतो राय को 2 साल जेल में रहना पड़ा। आज भी सहारा कंपनी में जिन लोगों ने पैसे निवेश किए थे। वह उन्हें अभी तक वापस नहीं मिले। सहारा समूह के सुब्रत राय का कारोबार बड़ी तेजी के साथ पूरे देश भर में फैला था। लाखों करोड़ रुपए की कंपनी सहारा बन गई थी। जैसे ही पैसा जमा होना शुरू हुआ। सुब्रतो राय ने जमा पैसे का उपयोग फिल्म निर्माण, मीडिया, विमानन कंपनी, खेलों के प्रायोजित करने और रियल एस्टेट का व्यापार करने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश करना शुरू कर दिया था। जिन-जिन क्षेत्रों में सहारा ने निवेश किया। वहां से उनको प्रतिफल नहीं मिला। विमानन कंपनी घाटे में चली गई।

# आज का राशिफल

**मेष** आपके लिए सफलता के योग बने हैं। आपके अच्छे काम से आपके परिवार का नाम रोशन होगा।

**तुला** सम्मान दिलाने वाला साबित होगा। किसी मामले में नुकसान होने की आशंका है।

**वृषभ** माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलें तो आपको आशीर्वाद मिलेगा।

**वृश्चिक** सम्मान से भरा होगा। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी।

**मिथुन** दिन अनुकूल नहीं है और आपको आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु** आज दिन लाभ और सम्मान दिलाने वाला रहेगा। बुद्धि विवेक और ज्ञान में वृद्धि होगी।

**कर्क** करियर के मामले में भाग्य का साथ मिलेगा। आपकी प्रोन्नति यदि रुकी हुई है तो आज उसके रास्ते खुलेंगे।

**मकर** आज दिन शुभ है और आपको कारोबार में मनचाहा मुनाफा प्राप्त होने से आपका मन खुश होगा।

**सिंह** व्यापार में कुछ बदलाव करना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

**कुंभ** आज करियर के मामले में लाभ होगा और सभी कार्य पूर्ण होंगे। पैसों के मामले में हानि हो सकती है।

**कन्या** आपके अधिकारों में वृद्धि होगी और साथ ही आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी।

**मीन** आज लाभ होगा। आप यदि कहीं से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आसानी से मिल जाएगा।

## विशेष

# उस बार मोदी जी ने युद्ध रुकवा दिया था, इस बार क्या हुआ?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन के दौरे पर थे। भारत सरकार द्वारा बताया गया,वह शांति दूत की हैसियत से यूक्रेन की यात्रा पर गए हैं। लेकिन जिस तरह की खबरें निकलकर सामने आ रही हैं।उसके बाद मोदी समर्थकों का यह दांव भी उल्टा पड़ता हुआ दिख रहा है। यूक्रेन में जब भारतीय छात्र फंसे हुए थे। उस समय आईटी सेल ने प्रचार किया था। मोदी जी ने युद्ध रुकवा दिया, छात्रों को वापस लेकर आ गए। यह मोदी की ताकत है। इस बार मोदी जी यूक्रेन गए। जब वह यूक्रेन में थे, तब रूस ने यूक्रेन पर हमला जारी रखा। इससे यूक्रेन और भी भड़क गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति जैलेंसकी ने मोदी से कहा,वह युद्ध रुकवाना नहीं चाहते हैं।

# नमक कानून वापस ले सरकार

नमक को लेकर एक शोध प्रकाशित हुआ है। शोध के अनुसार नमक में आयोडीन के साथ प्लास्टिक बैग में हर घर में पहुंच रहा है। आयोडीन युक्त नमक घर-घर में खाया जा रहा है। उसमें 0।1मिलीमीटर से लेकर 0।5 मिलीमीटर के माइक्रो प्लास्टिक के नैनो कण पाए गए हैं। जो कैंसर का कारण हैं किंद्र सरकार का कानून है, नमक बिना आयोडीन के नहीं बिक सकता है। जब से आयोडीन युक्त नमक की बिक्री हो रही है। उसके बाद से देश में कैंसर की बीमारी सभी राज्यों में तेजी के साथ फैल रही है। हर घर में नमक का उपयोग खाना बनाने के लिए आवश्यक होता है। सरकारी कानून के कारण घर-घर में कैंसर पिछले कई वर्षों से फैल रहा है। शोध के परिणाम सामने आ गए हैं।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1532: तुर्की के सुल्तान सुलेमान प्रथम ने कैरीथिया और क्रोएशिया में तबाही मचाई. 1574: इंग्लैंड और स्पेन के व्यापारियों के बीच का विवाद ब्रिस्टल संधि से सुलझा. 1828: रूसी लेखक लियो टालस्टाय का जन्म हुआ. 1848: ब्रिटिश फौजों ने बोएर्स को बूमप्लाज में हराया. 1849: बेनिस ने आस्ट्रिया के आगे आत्मसमर्पण किया. 1879: जुलू युद्ध ने ब्रिटिश फौजों ने सेटीवायो पर कब्जा कया. 1883: ब्रिटिश संसद ने दास प्रथा पर प्रतिबंध लागू किया. 1904: भारत में पहली कलकत्ता से बैरकपुर तक कार रैली का आयोजन हुआ. 1972: साधारण बीमा कारोबार राष्ट्रीययरण विधेयक परित हुआ. 1973: मेक्सिको सिटी के दक्षिण पश्चिम में भूकंप से 500 व्यक्ति मारे गएऔर एक हजार से अधिक घायल हो गए.

## दैनिक पंचांग

**28 अगस्त 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 07.08 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | तुला | 09.18 बजे से |
| मंगल | वृष में | वृश्चिक | 11.33 ब.से |
| बुध | कर्क में | धनु | 13.49 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 15.54 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 17.41 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 19.14 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 20.44 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 22.24 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | मिथुन | 00.22 बजे से |
| | | कर्क | 02.36 बजे स |
| | | सिंह | 04.52 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 241 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** दशमी 01.20 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** मृगशीर्ष 15.53 बजे को समाप्त।
**योग** वज्र 19.12 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 13.23 बजे तदनन्तर विष्टि 01.20 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 37'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872085
**जूलियन दिन** 2460550.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर
**तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 | बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 | बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 | बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 | बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 | बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 | बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 | बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 | बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 | बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 | बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 | बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# दुनिया का सबसे ऊंचा शिव मंदिर

भगवान शिव को देवों का देव महादेव भी कहा जाता है। भारत में उत्तर से दक्षिण तक शिव जी के कई मंदिर स्थित हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ऊंचा शिव मंदिर कौन सा है? अगर नहीं तो आइए आज हम आपको इसके बारे में बताते हैं। दरअसल दुनिया का सबसे ऊंचा शिव मंदिर उत्तराखंड में है, जिसे तुंगनाथ मंदिर के नाम से जाना जाता है। तुंगनाथ भगवान शिव के पंच केदार में से एक है। उत्तराखंड में शिव जी के 5 प्राचीन और पवित्र मंदिर स्थित हैं, जिन्हें पंच केदार कहा जाता हैं। आइए महाशिवरात्रि के मौके पर भगवान शिव के सबसे ऊंचे मंदिर से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें जानते हैं। साथ ही जानेंगे कि इस मंदिर का महाभारत के अर्जुन से क्या संबंध है। तुंगनाथ मंदिर 3,680 मीटर यानी 12,073 फीट की ऊंचाई पर चन्द्रनाथ नाम के पर्वत पर मौजूद है। यह उत्तराखंड राज्य के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। तुंगनाथ का शाब्दिक अर्थ चोटियों के भगवान है। इस मंदिर का इतिहास महाभारत काल जितना पुराना बताया जाता है। शास्त्रों के अनुसार, तुंगनाथ मंदिर की नींव महाभारत के अर्जुन द्वारा रखी गई थी।

## तुंगनाथ मंदिर और महाभारत से जुड़ी पौराणिक कथा

एक प्रचलित कथा के अनुसार, तुंगनाथ मंदिर के निर्माण को लेकर मान्यता है कि हजारों साल पहले पांडव भाइयों ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए एक मंदिर की स्थापना की थी। दरअसल, महाभारत के युद्ध में पांडवों ने अपने ही भाइयों और गुरुओं का वध किया था। ऐसे में पांडवों पर अपने ही रिश्तेदारों की हत्या का पाप था, इसलिए ऋषि व्यास ने पांडवों से कहा कि वह तभी पाप मुक्त हो सकते हैं, जब भगवान शिव खुद उन्हें माफ करेंगे। इसके बाद पांडवों ने शिव जी की तलाश शुरू कर दी और वे हिमालय जा पहुंचे। बहुत परिश्रम के बाद भोलेनाथ एक भैंस के रूप में दर्शन देते हैं। हालांकि, इसके बाद भी भगवान शिव ने उन्हें टाल दिया क्योंकि पांडव दोषी थे। तब शिव जी भूमिगत हो गए और बाद में उनके शरीर यानी भैंस के पांच अंग अलग-अलग जगहों पर उठ गए। इन पांचो जगहों पर पांडवों ने शिव मंदिर बनवाएं। इन पंच केदार के प्रत्येक मंदिर को भगवान शिव के शरीर के एक अंग के साथ पहचाना जाता है। तुंगनाथ पंच केदार में से तीसरा (तृतीय केदार) है, जहां भगवान शिव के हाथ मिले थे। इसी के आधार पर मंदिर का नाम भी रखा गया। तुंग का अर्थ हाथ और नाथ भगवान के संदर्भ में कहा गया है। यह जगह बेहद ठंडी है। सर्दियों के मौसम में यह बर्फ की चादर में ढक जाती है और तापमान इतना गिर जाता है कि इस दौरान मंदिर बंद कर दिया जाता है। इस दौरान देवता की प्रतीकात्मक मूर्ति और पुजारियों को मुख्य मंदिर से 19 किलोमीटर दूर मुक्कुमठ में ले जाया जाता है। हालांकि अप्रैल से नवंबर माह के बीच मुख्य मंदिर में ही पूजा और दर्शन किए जाते हैं।



# अजीबोगरीब रहस्यमयी वनस्पतियाँ, विज्ञान भी आज तक नहीं लगा पाया है पता

हमारी दुनिया बहुत ही अजीबोगरीब रहस्यों से भरी हुई है जिसमे तरह-तरह के जीव और वनस्पतियाँ मौजूद है. इनमें से कई सारे रहस्य तो ऐसे है जिसके बारे में विज्ञान भी आज तक पता नहीं लगा पाया है.

## रैफ्फ़लेशिया



रैफ्फ़लेशिया फ्लावर दुनिया में मौजूद सबसे बड़े, सबसे वजनदार और सबसे बदबूदार फूलों में से एक है. यह फ्लावर आमतौर पर मलेशिया और इंडोनेशिया में पाया जाता है. इन दोनों देशों के अलावा यह फूल फिलीपींस में भी पाया जाता है. रैफ्फ़लेशिया पौधे के फूल दुनिया में मौजूद लगभग सभी फूलों में से बड़े होते है. यह एक परजीवी पौधा है इसमें पत्ते और तने नहीं होती है. यह एक ऐसा पौधा है जिसका मात्र फूल ही ज़मीन के बहार दिखाई देता है बाकी का हिस्सा ज़मीन के अन्दर ही होता है. रैफ्फ़लेशिया पौधे के फूल का व्यास करीब 105 सेमी होता है वहीं वजन करीब 11 किलोग्राम होता है. इसके फूल पर 5 पंखडिया होती है. यह फूल खिलने के लिए 9 से 10 महीने का समय लेता है और 5 से 7 दिनों तक ही जीवित रहता है.

## Dolls Eyes Plant

Dolls Eyes Plant नामक यह पौधा डॉल्स की आँखों की तरह दीखता है इसकी वजह इसका नाम Dolls Eyes Plant रखा गया है. यह पौधा अमेरिका और कनाडा में पाया जाता है. यह पौधा लगभग 3 फिट तक बढ़ता है. इसके फल बहुत ही जहरीले होते है जो हमको मौत की नींद सुला सकता है पर कई सारे पक्षी इसके फल को बिना कोई परेशानी के हजम कर सकते है.



## Bleeding Tooth Fungus



यह पौधा देखने में ही बहुत ही ज्यादा घटिया और सबसे विचित्र दिखता है. इसको देखने पर एसा लगता है की किसी के दाँत पर से खून बहे रहा है इसी वजह से इसका नाम Bleeding Tooth Fungus रखा गया है. वैसे तो यह पौधा जहरीला नहीं होता है पर बहुत ही ज्यादा कडवा होता है. इसके पौधे उत्तरी अमेरिका, ईरान, दक्षिण कोरिया और यूरोप में पाए जाते है.

## वीनस फ्लाईट्रैप



वीनस फ्लाईट्रैप एक शिकारी पौधा है जो अमेरिका के पूर्वीय तटों में और उत्तर दक्षिण कैरोलिन में पाया जाता है. इसके पत्ते दो भाग में बटे हुए होते है और दोनों के मध्य में एक उभार होता है. यह शिकारी पौधा देखने में तो बहुत ही खूबसूरत दीखता है पर हर किसी के लिए बुरा साबित होता है खास करके कीडेमकोडो के लिए. यदि इसके पत्ते पर कोई भी कीड़े मकोड़े बैठते है तो यह तुरंत ही इसको पकड़ लेता है और अंदर खींच लेता है इसके बाद इसकी बॉडी के सारे न्यूट्रीशनल एंजाइम यह पौधा सोख लेता है और इसके बाद फिर से खिलता है. इसी लिए तो इसको शिकारी पौधा कहते है.



## डांसिंग पौधा

आपने म्यूजिक की धुन पर इन्सानों को नाचते तो ज़रुर देखा होगा लेकिन ऐसे पौधे को नहीं देखा होगा जो गानों की धुन पर नाचता हो. जी, हाँ यह पौधा म्यूजिक की धुन सुनते ही नाचने लगता है, इसी वजह से इस पौधे को डांसिंग पौधा कहा जाता है. एवरग्रीन फारेस्ट में पाए जाने वाला यह पौधा गानों की वाइब्रेशन को फील कर सकता है जो करीब 100 मीटर तक बढ़ सकता है.

## The Corpse Flower

यह फूल इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में पाया जाता है जो 7 से 10 सालों में सिर्फ कुछ ही घंटो के लिए खिलता है. पर यह जब भी खिलता है तब इसको देखकर सारे लोग चकित हो जाते है क्योंकि यह तकरीबन 8 से 10 मीटर लम्बा और काफी सुंदर होता है. यह फूल सीधा ज़मीन के अन्दर से ही निकलता है ना इसका कोई पौधा होता है और नाही कोई पेड़ होता है. यह कोई सुगन्धित फूल नहीं है बल्कि एक बदबूदार फूल है फिर भी इसको देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते है.





# जानिए दुनिया के कौन से ऐसे देश हैं जहां आधी रात में भी चमकता है सूरज

दुनिया में कुछ देश ऐसे भी देश हैं , जहां दिन के बाद रात और रात के बाद दिन का कोई क्रम नहीं चलता है। आइए, आपको बताते हैं कुछ ऐसे ही देशों के बारे में जहां कई दिनों तक सिर्फ दिन ही रहता है और रात नहीं होती है

## फिनलैंड

फिनलैंड को झीलों का देश भी कहा जाता है क्योंकि यहां पर कुल 1,87,888 झीलें हैं7 फिनलैंड में सूरज 23 घंटे उगता है और फ़िनलैंड की कुछ जगहें ऐसी भी हैं जहाँ पर गर्मी के दौरान 73 दिनों तक सूर्य लगातार चमकता रहता है7 हजारों झीलों और आइलैंड्स से सजा हुआ यह देश काफी सुंदर और आकर्षक है, और पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करता है।

## नॉर्वे

नार्वे पहाड़ों से घिरा हुआ देश है। नार्वे को 'लैंड ऑफ द मिडनाइट सन' के नाम से पुकारा जाता है इसको इस नाम से पुकारने का कारण यह है कि यहां मई महीने के मध्य से जुलाई महीने के अंत तक यानि कि लगभग 76 दिन तक सूरज पूरी तरह से नहीं छिपता है। अर्थात रात में भी पूरी तरह से अंधेरा नहीं होता है। बल्कि काफी उजाला रहता है इसके उत्तरी हिस्सों में गर्मी के दो महीने तो सूर्य छिपता ही नहीं है केवल हल्का सा अंधेरा छा जाता है जैसे कि हमारे यहां शाम को सूर्य छिपने के समय होता है।

## आइसलैंड

आइसलैंड ग्रेट ब्रिटेन के बाद यह यूरोप का सबसे बड़ा आईलैंड है।यहां आप रात के समय में भी सूरज की रोशनी का आनंद ले सकते हैं। यहां 10 मई से जुलाई के अंत तक सूरज लगातार चमकता रहता है। यहां घूमना आपके लिए काफी रोचक साबित हो सकता है। आइसलैंड में आप आधी रात को भी सूरज की रोशनी का आनंद ले सकते हैं।

## कनाडा

कनाडा क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश है। कनाडा वर्ष के कई दिनों तक बर्फ से ढका रहता है7 यहां गर्मी के मौसम में 50-50 दिनों तक सूरज नहीं डूबता है अर्थात इन दिनों में यहां रात का अंधेरा देखने को नहीं मिलता है।

## अलास्का

अलास्का अपनी खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है यहां की सूरज की रोशनी इसको भी ज्यादा खूबसूरत बना देती है। यहां मई से जुलाई के बीच में सूरज नहीं डूबता है। अलास्का अपने खूबसूरत ग्लेशियर के लिए जाना जाता है। मई से लेकर जुलाई के महीने में बर्फ चमकना यहां का मुख्य आकर्षण का केंद्र है। यहां रात के करीब 12: 30 बजे सूर्यास्त होता है और 51 मिनट के बाद फिर से सूर्य उदय हो जाता है ।





अगर आप भी जानना चाहते हैं कि भांगी दरवाजा इतना फेमस क्यों है तो आपको इस लेख को ज़रूर पढ़ना चाहिए।




# क्यों इतना प्रचलित है भांगी दरवाजा, जाने इससे जुड़े कुछ मिथक और इतिहास

मध्य प्रदेश में घूमने के लिए ऐसी कई जगहें है जहां हर दिन देश और विदेश से लोग पहुंचते रहते हैं। इस राज्य में ऐसे कई प्राचीन और मध्यकालीन फोर्ट, महल और स्मारक भी है जिन्हें देखने के लिए लोग दूर-दूर से पहुंचते हैं।

मध्य प्रदेश में मौजूद स्मारकों में भंगी दवाजा भी शामिल है जो एक नहीं बल्कि कई दिलचस्प कहानियों के लिए फेमस है। इस लेख में हम आपको भांगी दरवाजा से जुड़ी उन सभी दिलचस्प कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके बारे में शायद आप भी नहीं जानते होंगे।

**किस जगह है भांगी दरवाजा**

अगर आप मध्य प्रदेश घूमने के लिए गए होंगे तो फिर मांडू शहर में ज़रूर घूमने के लिए गए होंगे। अगर आप मांडू शहर घूमने के लिए नहीं गए हैं तो आपकी जानकारी के लिए बता दें कि भांगी दरवाजा मांडू शहर में ही मौजूद है। इस शहर में ऐसे कई प्राचीन और मध्यकालीन फोर्ट, महल और स्मारक है जो किसी न किसी कारण फेमस है। मांडू में मौजूद जहाज महल, रूपमती महल, बहादुर का महल, दारा खान का मकबरा और हिंडोला महल महल के अलावा ऐसी कई जगहें हैं जो किसी न किसी वजह से सैलानियों के बीच फेमस हैं। एक अन्य तथ्य है कि यहां एक व्यक्ति ने बलिदान दिया था इसलिए दरवाजा उसके शौर्य का प्रतीक माना जाता है।

## भांगी दरवाजा क्यों पड़ा इसका नाम?

इस दरवाजा का नाम भांगी क्यों पड़ा इसके पीछे एक नहीं बल्कि कई दिलचस्प कहानी है। कुछ लोगों का मानना है कि इस दरवाजे का निर्माण करते समय भांगी समाज के एक व्यक्ति की बलि चढ़ाई गई थी, इसलिए इस दरवाजे का नाम भांगी दरवाजा पड़ा। एक अन्य कहानी है कि इसके निर्माण के समय इसका नींव यानी पत्थर किसी भांगी व्यक्ति ने रखा था इसलिए इसका नाम भांगी दरवाजा पड़ा। कहा जाता है कि भांगी दरवाजा मांडू शहर के साथ-साथ मध्य प्रदेश का सबसे पुराना और सबसे बड़े दरवाजे में से एक है। इस दरवाजे का निर्माण लिंटर शैली में किया गया है। हालांकि, इस दरवाजे के कुछ हिस्से टूट चुके है।

## क्या सच में डरावना दरवाजा है?

भंगी दरवाजा को लेकर कई डरावनी कहानी भी है। कई लोगों का मानना है कि रात के समय इस दरवाजे के आसपास कोई भी अकेले घूमने के लिए नहीं जाता है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि जो लोग इस दरवाजा को डरावनी जगह बताते हैं वो सिर्फ कहानी है और असल को यह दरवाजा डरावना नहीं है। कहा जाता है कि आज भी कुछ भांगी समाज के लोग इस दरवाजे के आसपास में रहते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### बीसीसीएल में पहली बार लगा हाई मास्ट सेफ्टी फ्लैग



रांची, एजेंसी। बीसीसीएल में पहली बार हाई मास्ट सेफ्टी फ्लैग स्थापित किया गया है. सोमवार को बीसीसीएल के बस्ताकोला एरिया के क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्यों की उपस्थिति में 14 नंबर हाजिरी घर के समीप हाई मास्ट सेफ्टी फ्लैग का उद्घाटन किया गया. मौके पर बस्ताकोला जीएम अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि माइनिंग और कोयला खदानों में हाई मास्ट सेफ्टी फ्लैग एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण है, जो खदानों में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देता है. इससे दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलती है. यह फ्लैग विशिष्ट वाहनों या उपकरणों की पहचान करने में मदद करता है, इससे संचार और समन्वय में सुधार होता है. जीएम श्री सिन्हा ने बताया कि हाई मास्ट सेफ्टी फ्लैग को दूर से देखा जा सकता है, इससे यह खदानों में वाहनों और कर्मचारियों की दृश्यता बढ़ जाती है. साथ ही यह फ्लैग खतरनाक क्षेत्रों या जोखिम भरे कार्यों के पास चेतावनी के रूप में काम करता है. उन्होंने कंपनी के लिए इसे बहुत बड़ी उपलब्धि बताया. कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्यों व टीम के प्रयास से ही यह संभव हो सका है, जो बीसीसीएल के इतिहास में पहली बार प्रारंभ हुआ. इससे निश्चित रूप से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगी. मौके पर बस्ताकोला एरिया के क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी एम कुंडू, परियोजना पदाधिकारी देवेंद्र सिंह, खान प्रबंधक चंद्रशेखर सिंह के अलावा क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्य नरेंद्र कुमार सिंह, शिव शंकर महतो, उमेश कुमार आदि उपस्थित थे.

### एसएनएमएमसीएच में शुरू हुई अल्ट्रासाउंड, भर्ती नौ मरीजों की हुई जांच

रांची, एजेंसी। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में सोमवार से मरीजों के लिए अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा शुरू कर दी गयी. पहले दिन अस्पताल में भर्ती नौ मरीजों की अल्ट्रासाउंड जांच की गयी. रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक डॉ बेनजीर ने मरीजों की जांच की. बता दें कि एसएनएमएमसीएच में 2019 में अल्ट्रासाउंड विभाग में नियुक्त रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक का स्थानांतरण हो गया था, इसके बाद से यहां अल्ट्रासाउंड जांच सेवा बंद है. चिकित्सक के स्थानांतरण के बाद पांच साल में पहली बार यहां रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति हुई है. अस्पताल में पांच साल से अल्ट्रासाउंड सेवा बंद होने से मरीजों को काफी परेशानी हो रही थी. खासकर अस्पताल में भर्ती गर्भवती व गायनी ओपीडी में इलाज करा रही महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए निजी केंद्रों जाना पड़ता था. जांच के लिए अधिक पैसे खर्च करने पड़ते थे.एसएनएमएमसीएच में 100 रुपये में मरीजों को अल्ट्रासांउड जांच की सुविधा प्रदान की जा रही है. वहीं लाल कार्ड धारकों के लिए यह सेवा निःशुल्क है. अल्ट्रासाउंड कराने से पूर्व रजिस्ट्रेशन कराना होगा. इसके लिए मरीजों को रसीद प्रदान की जायेगी. एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य सह प्रभारी अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में भर्ती मरीजों को अल्ट्रासोनोग्राफी की सुविधा प्रदान की जा रही है. अगले सप्ताह से ओपीडी के मरीजों को भी इस सुविधा का लाभ मिलने लगेगा. अस्पताल के चिकित्सकों की सलाह पर ओपीडी के मरीजों की अल्ट्रासाउंड जांच की जायेगी.

### भगोड़ों पर नकेल कसेगी पुलिस, एसएसपी ने बनाई रणनीति

धनबाद, एजेंसी। फरारी काट रहे बड़े अपराधियों के खिलाफ धनबाद पुलिस अभियान चलाएगी। शनिवार को भगोड़ों को दबोचने के निमित एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने पुलिस अधिकारियों व अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ जिला पुलिस मुख्यालय में उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में फरार हार्डकोर अपराधियों की धर-पकड़ के लिए अभियान चलाने का आदेश एसएसपी ने दिया।गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या का मुख्य साजिशकर्ता आशीष रंजन उर्फ छोटू और यूपी प्रयागराज का धर्मेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह के अलावा प्रिंस खान, उसका भाई गोपी खान, गोपी का साला रितिक तथा सुरेश सिंह हत्याकांड का मुख्य आरोपी शशि सिंह और फहीम खान की मां और मौसी की हत्या में फरार साबिर आलम पुलिस की हिट लिस्ट में है। बरवाअड्डा के राजकुमार की हत्या में फरार सिजुआ निवासी निशांत सिंह उर्फ निशान सिंह उर्फ हीरा सिंह उर्फ पैया की भी तलाश तेज होगी। वह पूर्व से जोगता के हेमलाल तुरी की हत्या मामले का सजायाफ्ता है। इसके अलावा थानावार फरार अपराधियों की सूची तैयार कर आरोपियों की धर-पकड़ की जाएगी।बैठक के दौरान जिले में सक्रिय सभी संगठित आपराधिक गिरोह की सक्रियता व पूर्व में घटित वारदातों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान एसएसपी ने सभी संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। एसएसपी ने लंबे समय से फरार अपराधियों के घरों में कुर्की जब्ती की कार्रवाई कराने के लिए न्यायालय में आवेदन देने का भी आदेश दिया। एसएसपी ने विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों को आपसी तालमेल बढ़ा कर सूचनाएं साझा करने का भी निर्देश दिया। एसएसपी ने कहा कि हर हाल में भगोड़ों को पकड़ें।

# विधान सभा टिकट को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय में बढ़ी गहमागहमी



धनबाद, एजेंसी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी 81 विधानसभा में कांग्रेस पार्टी से संभावित प्रत्याशी अपना आवेदन पत्र संबंधित जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के पास जमा कर रहे हैं. ऐसे में विधानसभा टिकट को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी प्रत्याशी व समर्थकों की गहमागहमी बढ़ गयी है.

सोमवार को धनबाद, बाघमारा, झरिया, सिंदरी व निरसा विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए कुल 14 कांग्रेसियों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की. धनबाद व बाघमारा विभानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए सर्वाधिक प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी की है. धनबाद विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी सह झारखंड पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह, उपाध्यक्ष नवनीत नीरज, प्रदेश कांग्रेस डेलिगेट मनोज यादव, सुंदर यादव, बिजेंद्र पासवान, बीके सिंह व पप्पू पासवान आदि ने आवेदन किया है, जबकि बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए रोहित यादव, सुखदेव महतो, राजीव रंजन प्रसाद व बीके सिंह ने आवेदन किया है. वहीं निरसा से सुरेश चंद्र झा व सिंदरी विधानसभा क्षेत्र से सफुद्दीन अंसारी व दिलीप मिश्रा ने आवेदन किया है. मौके पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मो क्यूम खान, प्रदेश नेता रामगोपाल भुवानियां, डेविड सिंह, नवीन पासवान, बीरेन गोप, रामबिलास राम व राजेश महतो आदि उपस्थित थे.

धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहां कि विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद के कार्यकताओं में उत्साह है. सभी संभावित उम्मीदवारों का आवेदन (नामांकन फॉर्म) प्राप्त कर प्रदेश कांग्रेस को अपना प्रतिवेदन के साथ जमा कर देगें. श्री सिंह ने कहा कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 अगस्त है. उस दिन क्षेत्र के कई कद्दावर कांग्रेस अपना आवेदन जमा करेंगे.

धनबाद विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए अपनी दावेदारी करने के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक सिंह वाहन के काफिलों के साथ जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे. उनके साथ सीता राणा, योगेंद्र सिंह योगी, बीके सिंह, अफजल खान, प्रीतम रवानी, राजू दास, दिलीप मिश्रा, अक्षैवर प्रसाद, महेश शर्मा, राहुल राज, गोपाल धारी, सुखदेव हांसदा, पप्पू पासवान, जयप्रकाश चौहान, अन्नु पासवान, आशीष सिन्हा, ललित वर्मा, अरविंद सैनी, मो इमराज, पेंटर खान, रंजित सिंह, बिंदु देवी, मो आतिफ सिद्दीकी, मो सोनो, मो सुजैल व मो शान आदि है. वहीं कांग्रेस उपाध्यक्ष नवनीत नीरज के साथ भी बड़ी संख्या में उनके समर्थक कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे.

## विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ बनाएगी माहौल, पार्टी प्रखंड स्तर पर करेगी आंदोलन



रांची, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी अब प्रखंड स्तर तक हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ आंदोलन का कार्यक्रम आयोजित करेगी। 23 अगस्त को रांची में आयोजित भाजपा युवा मोर्चा की आक्रोश रैली में हुई पुलिसिया कार्रवाई के बाद पार्टी ने जनता के बीच जाने का फैसला किया है।

प्रदेश नेतृत्व का मानना है कि राज्य सरकार ने जिस तरह से कार्यकर्ताओं पर पुलिस से हमला करवाया उससे जनता में भाजपा के प्रति सहानुभूति बढ़ी है। इसके अलावा युवा, अनुबंध कर्मी, महिला समूहों की मांग को प्रभावी तरीके से उठाने में भी पार्टी सफल रही है।

रांची कार्यक्रम को पार्टी का नेतृत्व सफल मान कर चल रहा है। अब जिला और प्रखंड स्तर तक ऐसे ही विरोध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पार्टी ने इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व की भी सहमति ले ली है।

जिले से लेकर प्रखंड स्तर तक होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर दूसरे प्रमुख नेता भी हिस्सा लेंगे। भाजपा के चुनाव और संगठन प्रभारी भी इसमें शामिल होंगे।

रांची की आक्रोश रैली के बाद पार्टी ने अपने विधायकों और सांसदों के आंदोलन में सक्रिय रहने की सलाह दी है। इसमें युवाओं के रोजगार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा।

पार्टी ने हेमंत सोरेन सरकार के पांच साल के कार्यकाल में पिछले वादों को पूरा नहीं करने पर जवाब मांगने का कार्यक्रम प्रारंभ किया है। जल्द ही इसके लिए जिलों में कार्यक्रम संयोजकों के नाम और तिथि की घोषणा की जाएगी।

## धोवाटांड़ के समीप अज्ञात एसयूवी ने युवक को मारी जोरदार टक्कर



धोवाटांड, एजेंसी। बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के धोवाटांड़ शास्त्रीनगर स्थित रैमसन होटल के समीप शनिवार की रात एसयूवी कार के धक्के से युवक की मौत हो गयी. तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले मनबढ़ू के कारण उक्त युवक की जान गयी. स्थानीय लोगों के अनुसार युवक पेट्रोल पंप की तरफ से डिवाइडर पार कर सड़क की दूसरी तरफ जा रहा था. इसी बीच बैंकमोड़ से धनसार की ओर से तेज गति से जा रहे काले रंग की एसयूवी युवक को जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक दूर जा गिरा. उसके सिर से काफी खून निकल रहा था. स्थानीय लोग कुछ कर पाते, इससे पहले ही युवक की मौत हो गयी. सूचना पर मौके पर पहुंची बैंक मोड़ पुलिस ने तत्काल युवक को जोड़ाफाटक रोड स्थित पाटलीपुत्र अस्पताल भेजा. चिकित्सकों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया. युवक की पहचान नहीं हो पायी है. उसकी उम्र करीब 30 से 35 वर्ष है. उसके पास से किसी तरह का कोई पहचान पत्र पुलिस को नहीं मिला है. बैंकमोड़ पुलिस घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज देख एसयूवी की पहचान में जुट गयी है. देर रात युवक के शव को एसएनएमएमसीएच के मर्चरी में रखा गया. युवक की पहचान होने व परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम होगा.

पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद तेज रफ्तार पर लगाम नहीं लग पा रही है. तेज गति से ड्राइविंग करने वाले मनबढ़ुओं के कारण अबतक कई लोगों की जान जा चुकी है. इनके कारण कई लोगों ने अपनों को खोया है. पुलिस भी इनपर नकेल कसनें में विफल साबित हो रही है.

# कोयला चोरों ने दो हाइवा का शीशा तोड़ा, चालक-खलासी से की मारपीट



रांची, एजेंसी। न्यू गोधर कुसुंडा कोलियरी के कुसुंडा सात नंबर की ओर से गोधर 14 नंबर डिपो की ओर से जाने वाले रास्ते पर रविवार की रात दो हाइवा का शीशा अपराधियों ने तोड़ दिया. घटना 15 नंबर सीआईएसएफ चेकपोस्ट से थोड़ी दूरी पर हुई. जानकारी के अनुसार कुसुंडा कोल डिपो से तीन हाइवा कोयला लेकर गुजर रहे थे. तभी पांच की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने हाइवा को रोकने का इशारा किया. नहीं रोकने पर दो हाइवा (जेएच10 एआर/9830 व जेएच10 बीपी/7133) पर पत्थर मारकर शीशा तोड़ दिया. बताया जा रहा है कि अपराधियों ने चालक व खलासी से भी मारपीट की. बताया जाता है कि सभी अपराधी पास के गोधर काली बस्ती के हैं. घटना से हाइवा चालकों में दहशत है. कुसुंडा सात नंबर कांटा के पास भी अपराधियों के आतंक से बीसीसीएलकर्मी व हाइवा चालक परेशान है. आये दिन लगभग 50 की संख्या में अपराधी कोयला लोड हाइवा से कोयला उतारने के लिए पहुंचते है. बीसीसीएल कर्मियों व सुरक्षा कर्मियों द्वारा विरोध करने पर मारपीट व गाली गलौज पर उतर आते हैं. सीआइएसएफ की पेट्रोलिंग पार्टी को सूचना देने के बाद टीम पहुंचती है, तो अपराधी भाग जाते है. कुसुंडा सात नंबर से लेकर गोधर 14 नंबर तह कोयला परिवहन कार्य में लगे हाइवा के चालक व खलासी डर से पुलिस में शिकायत नहीं करते है. घटना की सूचना मिलने पर केंदुआडीह थाना की पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है.

## गुमला में उग्रवादियों का तांडव, बसिया-सिसई सड़क निर्माण के लिए बने कैंप पर किया हमला, कई कर्मियों को पीटा



गुमला, एजेंसी। लंबे अरसे के बाद उग्रवादियों ने एक बार फिर गुमला जिले के बसिया में अपनी दस्तक दी है. बसिया व सिसई प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क निर्माण के लिए बनाये गये कैंप पर उग्रवादियों ने हमला किया है. कई गाड़ियों का शीशा तोड़ डाले गये. कैंप में सो रहे कर्मचारियों को पीटा गया है. घटना मंगलवार की सुबह चार साढ़े चार बजे के बीच की बतायी जा रही है. सड़क की लागत 60 करोड़ रूपये से अधिक की है.

बताया जा रहा है कि अहले सुबह 10 से 12 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी आये थे. लेवी की मांग को लेकर सिसई व बसिया सड़क का निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी और कैंप में खड़ी गाड़ियों पर हमला कर दिया. उस वक्त कई कर्मचारी सो रहे थे. उग्रवादियों के पहुंचने के बाद सभी की नींद टूट गयी. इसके बाद उग्रवादियों ने सभी कर्मचारियों को घेरकर पीटने लगे. छह कर्मचारियों को चोट लगी है. बाकी कर्मचारी उग्रवादी हमला सुनते ही कैंप से भाग खड़े हुए. अभी तक कई फरार कर्मचारी कैंप में वापस नहीं लौटे हैं.

यहां बता दें कि गुमला जिले के बसिया प्रखंड के पोकटा गांव के समीप विनोद जैन कंस्ट्रक्शन द्वारा पुल बनवाया जा रहा है. पुल का काम अधूरा है. सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने 40 लाख रुपये लेवी की मांग की थी. लेवी नहीं मिलने के बाद मंगलवार की सुबह नारेकेला जंगल की ओर से एक दर्जन उग्रवादी पुल निर्माण स्थल के समीप बने कैंप पर पहुंचे और हमला कर दिया. इधर, घटना की सूचना पर बसिया अनुमंडल के एसडीपीओ मो नजीर, इंस्पेक्टर व थानेदार घटना स्थल पहुंचे. फिलहाल घायल कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है. सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों में दहशत का माहौल है.

## सुदेश महतो ने अमित शाह से की मुलाकात, बीजेपी के साथ मिलकर लड़ेंगे विधानसभा चुनाव



रांची, एजेंसी। झारखंड विधानसभा का चुनाव आजसू पार्टी एनडीए गठबंधन के तहत ही लड़ेगी। सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो की हुई मुलाकात में इसपर सहमति बनी।लगभग एक घंटे की बैठक में दोनों नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव तथा झारखंड के राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई।

आजसू प्रमुख ने पार्टी के हालिया कार्यक्रमों से भी उन्हें अवगत कराया। अमित शाह के साथ बैठक के बाद सुदेश ने मीडिया से बात करते हुए एनडीए के साथ चुनाव लड़ने की घोषणा की। बताते चलें कि पिछले विधानसभा चुनाव में सीटों को लेकर भाजपा और आजसू पार्टी के बीच तालमेल नहीं हो सका था। इसका खामियाजा दोनों दलों को उठाना पड़ा था। इस बार दोनों दलों की ओर से साथ चुनाव लड़ने पर जोर दिया जा रहा है। हालांकि सीटों के बंटवारे पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है।संभावना जताई जा रही है कि एनडीए गठबंधन के तहत आजसू को सात से आठ सीटें मिल सकती हैं। इधर, सुदेश से जब चम्पाई सोरेन को लेकर सवाल पूछे गए तो उन्होंने कहा कि अगर चम्पाई एनडीए में आते हैं तो गठबंधन को और मजबूती मिलेगी और उनका स्वागत है।उन्होंने बताया कि झामुमो ने उनके साथ गलत किया है। चम्पाई अच्छा काम कर रहे थे, लेकिन उन्हें हेमंत सोरेन की कुर्सी की ललक का शिकार होना पड़ा। चम्पाई ने भी अपनी भावनाओं में इसे व्यक्त किया है।

# बीसीसीएल को मिला 'सीएसआर टाइम्स अवार्ड'



धनबाद, एजेंसी। देश में कोकिंग कोयला उत्पादन में अग्रणी कंपनी बीसीसीएल के सीएसआर कार्यों की सराहना राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है. हाल ही में बीसीसीएल को प्रतिष्ठित 'सीएसआर टाइम्स अवार्ड, गोल्ड' से सम्मानित किया गया है.

23 अगस्त को गोवा में आयोजित अखिल भारतीय कार्यक्रम में बीसीसीएल के निदेशक कार्मिक मुरलीकृष्ण रमैया ने यह पुरस्कार प्राप्त किया. सोमवार को बीसीसीएल मुख्यालय में डीपी श्री रमैय्या ने सीएमडी समीरन दत्ता को उक्त ट्रॉफी व प्रमाण पत्र सौंपा. इस दौरान महाप्रबंधक (सीएसआर) विद्युत साहा व उनकी पूरी टीम उपस्थित थी. मौके पर सीएमडी श्री दत्ता ने कहा कि बीसीसीएल की प्रगति के साथ ही साल-दर-साल कंपनी के सीएसआर बजट में भी वृद्धि हो रही है. बीसीसीएल कोकिंग कोयले के माध्यम से राष्ट्र के विकास में योगदान दे रहा हो, तो वहीं दूसरी ओर अपने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत समाज के सभी वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की भी सफल कोशिश कर रहा है. धनबाद के विभिन्न विद्यालयों में 129 स्मार्ट क्लास की हुई स्थापना : बीसीसीएल के सीएसआर प्रयासों के तहत धनबाद के विभिन्न विद्यालयों में 129 स्मार्ट क्लास की स्थापना, 500 आंगनबाड़ी को मॉडल केंद्रों में बदलना, दिव्यांग बच्चों के विद्यालयों को विशेष मदद के तहत कई सुविधाएं उपलब्ध कराना, स्कूलों में बुनियादी ढांचे का विकास व पुस्तकालय भवन आदि का निर्माण करना शामिल है. इस के अलावा झारखंड के दूरदराज के क्षेत्रों के युवाओं के लिए कौशल विकास के अवसर और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने जैसे अनेक कार्यों के लिए निर्णायक मंडली द्वारा चयन प्रक्रिया के बाद बीसीसीएल को इस प्रतिष्ठित सीएसआर सम्मान के लिए चुना गया.

## बीबीएमकेयू : मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद भी 15 हजार छात्रों ने नहीं लिया नामांकन

रांची, एजेंसी। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों से स्नातक करने के प्रति छात्रों की रुचि घटती जा रही है. इसका इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मेरिट लिस्ट में शामिल करीब 35.7 प्रतिशत विद्यार्थियों नामांकन नहीं लिया. विवि द्वारा यूजी में नामांकन के लिए अबतक चार बार मेरिट लिस्ट जारी किया जा चुका है. इसमें 41060 विद्यार्थियों का नाम है. लेकिन 26382 विद्यार्थियों ने अपना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करवाया है. इनमें से 23613 विद्यार्थियों ने सोमवार तक नामांकन फीस जमा कर एडमिशन लिया. इस वर्ष बीबीएमकेयू में स्नातक में नामांकन के लिए 43289 आवेदन आये हैं. पिछले दो वर्षों में यह सबसे खराब रुझान है. 2022 में मेरिट लिस्ट में चयनित होने के बाद 83 प्रतिशत छात्रों ने नामांकन लिया था. जबकि 2023 में मेरिट लिस्ट में शामिल 74 प्रतिशत विद्यार्थियों ने नामांकन लिया था. इस वर्ष यह आंकड़ा घट कर 64.3 प्रतिशत रह गया है. बीबीएमकेयू के कॉलेजों में स्नातक करने के लिए एक बार फिर चांसलर पोर्टल खुलेगा. यह पोर्टल जैक द्वारा इंटर सप्लीमेंट्री परीक्षा का रिजल्ट जारी करने के बाद खोला जायेगा. बीबीएमकेयू में यूजी में नामांकन में 65 प्रतिशत विद्यार्थियों ने ने धनबाद व बोकारो के 13 अंगीभूत कॉलेजों में नामांकन लिया है.

## एचयूएल को आयकर विभाग ने 962 करोड़ रुपये का टैक्स नोटिस भेजा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हिंदुस्तान यूनिलीवर को आयकर विभाग से 962.75 करोड़ रुपये का टैक्स नोटिस मिला है। इसमें 329.33 करोड़ रुपये का ब्याज भी शामिल है। एफएमसीजी कंपनी ने सोमवार को एक्सचेंजों को जानकारी दी। यह नोटिस ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन (जीएसके) समूह से इंडिया हेल्थ फूड ड्रिंक (एचएफडी) के बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) के अधिग्रहण के लिए किए गए खर्च 3,045 करोड़ रुपये के स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) न काटने से संबंधित है। एचयूएल ने जीएसके से 3,045 करोड़ रुपये में हॉर्लिक्स ब्रांड का अधिग्रहण किया है। इस विलय के जरिए बूस्ट, माल्टोवा और वीवा जैसे अन्य जीएसकेसीएच ब्रांड भी एचयूएल के पोर्टफोलियो में शामिल हो गए। भारी मांग के बावजूद, कंपनी ने संकेत दिया है कि उसे इस स्तर पर किसी भी महत्वपूर्ण वित्तीय प्रभाव की उम्मीद नहीं है। एचयूएल ने कहा, कंपनी के पास कर न रोके जाने के मामले में मजबूत मामला है, जो उपलब्ध न्यायिक उदाहरणों पर आधारित है, जिसमें माना गया है कि अमूर्त संपत्ति का स्थान अमूर्त संपत्ति के मालिक के स्थान से जुड़ा हुआ है और इसलिए, ऐसी अमूर्त संपत्तियों की बिक्री से होने वाली आय भारत में कर के अधीन नहीं है। मांग के जवाब में, स्वस्ष्टत प्रमुख ने भारतीय कानून के अनुसार सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए, आदेश के खिलाफ अपील करने की योजना बनाई है। इसके अतिरिक्त, एचयूएल ने कहा है कि उसके पास क्षतिपूर्ति का अधिकार है, जो उसे संबंधित पक्षों से आयकर विभाग द्वारा की गई कर मांग को वसूलने की अनुमति देता है। कंपनी से इस अधिकार को लागू करने के लिए और कदम उठाने की उम्मीद है। 26 अगस्त को बीएसई पर एचयूएल के शेयर 2820.70 रुपये पर बंद हुए। 2020 में आवश्यक स्वीकृतियों के बाद, एचयूएल ने ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर लिमिटेड के साथ विलय पूरा कियस था। उपभोक्ता वस्तुओं की दिग्गज कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए 2,538 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ में 3प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की है। रिपोर्ट किए गए तिमाही के लिए एचयूएल का परिचालन से राजस्व 15,166 करोड़ रुपये रहा, जो कि जून 2023 तिमाही में दर्ज 14,931 करोड़ रुपये के मुकाबले 2 प्रतिशत अधिक है।

## ग्रे मार्केट में गदर काट रहा आईपीओ, 100प्रतिशत प्रीमियम पर पहुंच गया भाव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप किसी आईपीओ में पैसे लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए काम की खबर है। इस सप्ताह एक और बड़ी कंपनी का आईपीओ निवेश के लिए ओपन हो रहा है। ग्रे मार्केट में अभी से ही इसके शेयर 100प्रतिशत प्रीमियम पर पहुंच गए हैं। इसका मतलब है कि दांव लगाने पर अगर आपको यह आईपीओ अलॉट होता है तो पहले ही दिन आपका निवेश डबल हो जाएगा। हम बात कर रहे हैं - अर्चित नुवुड इंडस्ट्रीज लिमिटेड आईपीओ की। यह आईपीओ निवेश के लिए 30 अगस्त से ओपन हो रहा है। निवेशक इस इश्यू में 3 सितंबर तक दांव लगा सकेंगे। अर्चित नुवुड इंडस्ट्रीज लिमिटेड आईपीओ का प्राइस बैंड 270 रुपये तय किया गया है। अर्चित नुवुड इंडस्ट्रीज आईपीओ सब्सक्रिप्शन विंडो 30 अगस्त से 3 सितंबर तक खुली रहेगी। अर्चित नुवुड लिमिटेड ने 62.4 लाख शेयरों के फ्रेश इश्यू के जरिए से 168.48 करोड़ जुटाने की योजना बनाई है। अर्चित नुवुड इंडस्ट्रीज के आईपीओ की शेयर आवंटन स्थिति 4 सितंबर तक तय होने की संभावना है। अर्चित नुवुड इंडस्ट्रीज के शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। अर्चित नुवुड इंडस्ट्रीज के शेयरों की अस्थायी लिस्टिंग की तारीख 6 सितंबर है।

# 56 का शेयर पहुंचा 1900 के पार, 1 लाख रुपये को बना दिया करीब 35 लाख

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पांच साल पहले महज 56 रुपये का शेयर आज ऑल टाइम हाई 1954.30 रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान इस कंपनी के शेयर ने अपने निवेशकों को 3,380 प्रतिशत मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। यानी 5 साल में जिस किसी इन्वेस्टर ने जेनटेक के शेयर में एक लाख रुपये लगाए होंगे, उनका एक लाख अब करीब 35 लाख हो गए होंगे।



### क्यों उछल रहा शेयर

एक्सचेंज फाइलिंग में जेन टेक्नोलॉजीज ने कहा कि कंपनी ने क्यूआईबी को 1,601 रुपये प्रति शेयर के इश्यू मूल्य पर 6.25 मिलियन इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। जेन टेक्नोलॉजीज ने 21 अगस्त, 2024 को क्यूआईपी लॉन्च किया था और 23 अगस्त, 2024 को बंद हुआ था। इसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों निवेशकों में होड़ रही और इस इश्यू को लगभग 5 गुना अधिक सब्सक्राइब किया गया। इस क्यूआईपी में भाग लेने वाले प्रमुख निवेशकों में कोटक म्यूचुअल फंड, व्हाइट ओक ऑफशोर फंड, व्हाइट ओक म्यूचुअल फंड, मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड और बंधन म्यूचुअल फंड शामिल थे।

जेन टेक्नोलॉजीज के प्रोडक्ट स्वदेशी रूप से डिजाइन और डेवलप किए गए हैं, जो भारत सरकार की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप हैं। इसका उद्देश्य डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में टैंक, ड्राइविंग, गनरी और फ्लाइट सिमुलेटर जैसे सिमुलेटर की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। इनके साथ ही एंटी-ड्रोन सिस्टम भी हैं जो दुश्मन ड्रोन का पता लगाने, उन्हें ट्रैक करने और बेअसर करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

क्या कह रहे मार्केट एक्सपर्टःशेयर मार्केट विशेषज्ञ सीए मनीष गर्ग ने जेनटेक को लंबी रेस का घोड़ा बताते हुए कहा, भारत में डिफेंस पर अब अधिक फोकस हो रहा है। रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास और इजरायल-लेबनान युद्ध में ड्रोन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जेनटेक एंटी ड्रोन टेक्नॉलजी पर काम रह ही है। ऐसे में आने वाले समय में इसकी डिमांड बढ़ेगी। जेनटेक के पास इंडियन डिफेंस के साथ-साथ दूसरे देशों से भी ऑर्डर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन ऑर्डरों से स्टॉक भी भागेगा।

## सोलर कंपनी को मिला 576 करोड़ रुपये का नया काम, शेयरों में अपर सर्किट, 90 दिन में पैसा डबल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बोंडाडा इंजीनियरिंग लिमिटेड को करोड़ों रुपये का काम मिला है। कंपनी को यह काम महाराष्ट्र में मिला है। बोंडाडा इंजीनियरिंग ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि उन्हें यह सोलर पावर प्रोजेक्ट पीएम कुसुम योजना के तहत महाराष्ट्र में मिला है। आज फिर कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लग गया था। आइए डीटेल्स में जानते हैं इस वर्क ऑर्डर के विषय में सोमवार के बाद मंगलवार को एक बार फिर कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लगा है। अपर सर्किट लगने के बाद शेयरों का भाव 3684.45 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। यह कंपनी का नया 52 वीक हाई है। बता दें, बीते 6 कारोबारी दिनों से लगातार कंपनी के 52 वीक हाई में बदलाव आ रहा था। महज 6 महीने के अंदर कंपनी के शेयरों की कीमतों में 300 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 3 महीने से होल्ड करने वाले निवेशकों को 95 प्रतिशत का रिटर्न मिला है।

## रिलायंस से मिला 100 करोड़ का बड़ा ऑर्डर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** माइक्रोकैप स्टॉक प्रधान लिमिटेड कारोबार के दौरान फोकस में है। कंपनी के शेयर में आज जबरदस्त खरीदारी हो रही है। प्रधान लिमिटेड के शेयर में आज 5प्रतिशत का अपर सर्किट लगा और यह शेयर 60.95 रुपये के हाई पर पहुंच गए। यह इसका 52 वीक का नया हाई भी है। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऑर्डर है। दरअसल, प्रधान लिमिटेड को दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज से बड़ा ऑर्डर मिला है। इस खबर के आते ही कंपनी के शेयर में तगड़ी खरीदारी होने लगी।

प्रधान लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया है कि को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से 1 बिलियन रुपये (100 करोड़ रुपये) तक का ऑर्डर मिला है। ऑर्डर के तहत रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर सुविधा के लिए स्त्रद्व 600 ग्रेड टीएमटी बार्स और बीम्स की सप्लाई शामिल है। बता दें कि प्रधान लिमिटेड ने स्टील और रियल एस्टेट के हाई डेवलपमेंट वाले सेक्टर में अपने कारोबार का विस्तार किया है। यह विविधीकरण उभरते बाजार के अवसरों का लाभ उठाने और इन उद्योगों में अपने पदचिह्न का विस्तार करने की कंपनी की दीर्घकालिक दृष्टि के अनुरूप है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संभावित ऑर्डर से प्रधान लिमिटेड के रेवेन्यू में जबरदस्त बढ़ोतरी होने और स्टील सेक्टर में उसकी बाजार स्थिति मजबूत होने की उम्मीद है।

### क्या है डिटेल

बता दें कि प्रधान लिमिटेड की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में कोई शेयरधारिता नहीं है। कंपनी का मार्केट कैप 22.24 करोड़ रुपये है, फिर भी इसने लगभग 100 करोड़ रुपये का ऑर्डर हासिल किया है, जो इसके बाजार वैल्यू का लगभग पांच गुना है। सोमवार को, प्रधान लिमिटेड के शेयरों में 10 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा था और यह 58.05 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ था। कंपनी 52-सप्ताह के निचले स्तर 33.03 रुपये प्रति शेयर से 80प्रतिशत प्रतिशत अधिक है। बता दें कि 5 दिन में यह शेयर 35प्रतिशत तक चढ़ गया है।

## अडानी ने बनाई नई कंपनी, 100 से भी कम का शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के दूसरे बड़े रईस गौतम अडानी ने एक नहीं कंपनी बनाई है। अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पावर लिमिटेड ने संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बनाई है। इसे अडानी पावर मिडिल ईस्ट लिमिटेड नाम दिया गया है। कंपनी ने आज एक्सचेंजों को इस बारे में जानकारी दी। यह कंपनी पावर, इन्फ्रा और इससे संबंधित क्षेत्रों में निवेश करेगी। अडानी पावर मिडिल ईस्ट लिमिटेड की अधिकृत शेयर पूंजी 27,000 है। इसमें प्रत्येक शेयर का मूल्य .1 है। अडानी पावर लिमिटेड के पास इस कंपनी के 100प्रतिशत शेयर हैं। अडानी पावर लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट थर्मल पावर उत्पादक है। इसकी बिजली उत्पादन क्षमता 15,250 मेगावाट है। कंपनी के गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड में थर्मल पावर प्लांट है। साथ ही यह गुजरात में 40 मेगावाट के सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट को भी ऑपरेट करती है। कंपनी देश और विदेश में थर्मल पावर के क्षेत्र में अपना विस्तार कर रही है। कंपनी का दावा है कि वह क्योटो प्रोटोकॉल के मुताबिक क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म के तहत कोयला आधारित सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने वाली दुनिया की पहली कंपनी है।

### 11,000 करोड़ की डील

हाल में अडानी पावर लिमिटेड ने अपनी सहायक कंपनी महान एनर्जीन लिमिटेड के साथ मिलकर भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड के साथ 11,000 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इसमें तीन सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर परियोजनाओं का विकास शामिल है। इनमें से प्रत्येक प्रोजेक्ट की क्षमता 2×800 मेगावाट होगी और इसमें उन्नत सुपरक्रिटिकल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाएगा। परियोजनाओं को तीन स्थानों पर विकसित किया जाना है।

## त्योहारी सीजन में बढ़ सकती है सोने की मांग ; आयात शुल्क में कटौती से खुदरा उपभोक्ता को मिली राहत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आयात शुल्क में पर्याप्त कटौती से सोने की कीमतें अधिक आकर्षक हो गई हैं। इससे आगामी त्योहारी सीजन में देश में सोने की मांग मजबूत रहने की उम्मीद है। विश्व स्वर्ण परिषद के सीईओ सचिन जैन ने कहा, सोने पर आयात शुल्क को 15 फीसदी से घटाकर 6 फीसदी करने से खुदरा उपभोक्ताओं को राहत मिली है और खरीदारी को बढ़ावा मिला है। मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के भारतीय परिचालन के प्रबंध निदेशक अशर ओ ने कहा, शुल्क कटौती से खुदरा उपभोक्ताओं के बीच धारणा बदल गई है, जो मूल्य वृद्धि के कारण खरीदारी टाल रहे थे। उन्होंने कहा, शुल्क कटौती के बिना सोने की कीमतें 80,000 रुपये से ऊपर नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू सकती थीं, लेकिन अब वे उच्चतम स्तर से नीचे कारोबार कर रही हैं।

अधिक आयात से बढ़ सकता है व्यापार घाटा

भारत में सोने की बढ़ती मांग वैश्विक कीमतों में तेजी को बढ़ावा दे सकती है, जो पिछले सप्ताह रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थी। हालांकि, सोना आयात की बढ़ती मांग भारत के व्यापार घाटे को बढ़ा सकती है और रुपये पर दबाव डाल सकती है। सोने की वैश्विक कीमतें पिछले सप्ताह रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं, लेकिन भारत में घरेलू कीमतें सोमवार को 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास थीं।

## 115 के शेयर पर निवेशक फिदा, बेचने को कोई तैयार नहीं, रमेश दमानी ने खरीदे 8 लाख शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनआईआईटी लिमिटेड के शेयर लगातार फोकस में हैं। सोमवार के कारोबारी सेशन को इसमें 20प्रतिशत का अपर सर्किट लगा था अब मंगलवार को भी एनआईआईटी लिमिटेड के शेयर में 19प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। कंपनी के शेयर आज 182.90 रुपये के 52 वीक हाई पर पहुंच गए। सिर्फ दो कारोबारी दिन में यह शेयर करीबन 40प्रतिशत तक चढ़ गए। वहीं, पिछले पांच कारोबारी दिन में यह शेयर करीबन 60प्रतिशत तक चढ़ गए हैं। पांच दिन पहले इस शेयर की कीमत 115 रुपये थी। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा निवेश है। दरअसल, दिग्गज निवेशक रमेश दमानी ने एनआईआईटी के शेयर में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी है। रमेश दमानी ने बीते शुक्रवार को स्टॉक में हुई एक ब्लॉक डील कं जरिए कंपनी के 8 लाख शेयर खरीदे हैं।

### क्या है डिटेल

एक्सचेंजों पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, रमेश दमानी ने शुक्रवार को ब्लॉक डील के जरिए एनआईआईटी लिमिटेड के 8 लाख शेयर खरीदे हैं। यह कुल इक्विटी का 0.59प्रतिशत हिस्सा है। दमानी ने इस शेयर को 127.5 प्रति शेयर की औसत कीमत पर खरीदा है। जून तिमाही की शेयरधारिता के अनुसार, दमानी की एनआइआइटी में पहले से कोई हिस्सेदारी नहीं थी और अगर होती, तो यह 1प्रतिशत से कम होती क्योंकि उनका नाम शेयरधारकों की सूची में नहीं आता है। दमानी द्वारा हिस्सेदारी खरीदने के बाद से स्टॉक 40प्रतिशत तक चढ़ गया है। रमेश दमानी के साथ-साथ कंपनी के प्रमोटरों ने भी 22 अगस्त को अपनी हिस्सेदारी 35.38 लाख शेयरों तक बढ़ा दी। प्रमोटर्स पवार फैमिली ट्रस्ट और थंडानी फैमिली ट्रस्ट ने गुरुवार को 118 रुपये की औसत कीमत पर 17,69,026 शेयर खरीदे थे। बता दें कि कंपनी में प्रमोटर की हिस्सेदारी अब पहले के 34.65प्रतिशत से बढ़कर 37.26प्रतिशत हो गई है।

## कौन हैं केवन पारेख जिन्हें दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी ने सौंप दी है अपने अकाउंट्स की चाबी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी ऐपल इंक ने भारतीय मूल के इंजीनियर केवन पारेख को अपना नया चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर नियुक्त किया है। वह लुका मैस्ट्री की जगह लेंगे जिन्हें कंपनी ने कॉर्पोरेट सर्विस टीम में भेज दिया है। मार्केट कैप के लिहाज से दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी का पिछले एक सप्ताह में दूसरा बड़ा फेरबदल है। केवन पारेख अभी ऐपल में फाइनेंशियल प्लानिंग एंड एनालिसिस के वाइस-प्रेजिडेंट हैं। वह 1 जनवरी, 2025 से सीएफओ का पदभार संभालेंगे और एग्जीक्यूटिव टीम में शामिल होंगे। पारेख पिछले 11 वर्षों से ऐपल से जुड़े हैं और उन्होंने कंपनी की फाइनेंशियल स्ट्रैटजी और ऑपरेशंस में अहम भूमिका निभाई है।

52 साल के केवन पारेख की इस सफलता का राज उनकी मजबूत तकनीकी और बिजनस एजुकेशन है। उन्होंने मिशिगन विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में साइंस ग्रेजुएट की डिग्री प्राप्त करने के बाद शिकागो विश्वविद्यालय से एमबीए किया। ऐपल में शामिल होने से पहले पारेख ने थॉमसन रॉयटर्स और जनरल मोटर्स में विभिन्न पदों पर काम किया। उन्होंने चार साल तक रॉयटर्स किया। इसके बाद वह जनरल मोटर्स के न्यूयॉर्क ऑफिस में बिजनस डेवलपमेंट के डायरेक्टर रहे। साथ ही उन्होंने ज्यूरिख में यूरोप के रीजनल ट्रेजरर के रूप में भी काम किया है।

### टिम कुक ने क्या कहा

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक केवन पारेख को पिछले कई महीनों से सीएफओ की भूमिका के लिए तैयार किया जा रहा था। इस काम में मैस्ट्री उनकी मदद कर रहे थे। फिलहाल वह कंपनी में फाइनेंशियल प्लानिंग एंड एनालिसिस के वाइस-प्रेजिडेंट हैं। माना जाता है कि वह सीधे कंपनी के सीईओ टिम कुक को रिपोर्ट करते हैं। पारेख ने ऐपल में पिछले 11 साल में कई पदों पर काम किया है। टिम कुक ने पारेख पर भरोसा जताते हुए कहा कि उन्हें कंपनी के कामकाज की गहरी समझ है और वह इस भूमिका के लिए परफेक्ट हैं।

# मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी छोड़ शुरू किया यह काम, अब सालाना 2.5 करोड़ की कमाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अन्नपूर्णा कल्लूरी ने नौकरी छोड़कर मिलेट का बिजनेस शुरू किया। आज वह 2.5 करोड़ रुपये सालाना कमाई कर रही हैं। अन्नपूर्णा एमबीए हैं। एक बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी की नौकरी छोड़कर उन्होंने श्री हरिथा एग्रो फूड की शुरुआत की थी। यह अवस्या ब्रांड के तहत मिलेट से बने नाश्ते के मिश्रण, फ्लेक्स और अन्य उत्पाद बेचती है। साथ ही कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरिंग भी करती है। उनका लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2027-28 तक 25 करोड़ रुपये का कारोबार करने का है। आइए, यहां अन्नपूर्णा कल्लूरी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

अन्नपूर्णा कल्लूरी ने एमबीए पूरा करने के बाद एक बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनी की हार्डवेयर मार्केटिंग टीम में अपनी पहली नौकरी शुरू की। बचपन से ही उनका रुझान उद्यमिता की ओर था। जल्द ही उन्होंने स्टार्टअप आइडिया तलाशने शुरू कर दिए। उन्होंने श्री हरिथा एग्रो फूड प्रोडक्ट्स की नींव रखी। अन्नपूर्णा उद्यमियों के परिवार से आती हैं। उनके पिता की हैदराबाद, तेलंगाना में एक इंजीनियरिंग फैब्रिकेशन यूनिट है। वह उन्हें बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए अपने आइडियाज पर काम करते हुए देखते हुए बड़ी हुईं। अन्नपूर्णा आठवीं कक्षा से ही एक फूड आंत्रप्रेन्योर बनना चाहती थीं। उनकी कंपनी अवस्या ब्रांड के तहत मिलेट से बने उत्पाद बेचती है। इसके अलावा सरकारी संस्थानों को बाजरे का आटा भी सप्लाई करती है। अन्य ब्रांड्स के लिए कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरिंग भी करती है।



साल 2006 में अन्नपूर्णा ने नौकरी छोड़ दी और मिलेट व्यवसाय शुरू करने से पहले अपने उद्यमशीलता कौशल को मजबूत करने के लिए स्त्रक्क सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन में एक कोर्स किया। उनका उद्यम अब अगले तीन से चार वर्षों में 25 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य लेकर चल रहा है। अन्नपूर्णा हैदराबाद में एक नया कारखाना स्थापित कर रही हैं। यहां बाजरे के एनर्जी बाइट्स, नाश्ते के मिश्रण, फ्लेक्स, आटे और अन्य उत्पादों की मौजूदा रेंज के अलावा बाजरे के नूडल्स और पास्ता का भी निर्माण किया जाएगा।

### पिता के सुझाव पर मिलेट को चुना

अन्नपूर्णा कल्लूरी पहले फल और सब्जियों के साथ काम करना चाहती थीं। लेकिन, उनके पिता ने मिलेट का सुझाव दिया, जो स्थानीय जलवायु के लिए अधिक अनुकूल है। तेलंगाना भारत के उन शीर्ष पांच राज्यों में से एक है, जहां मिलेट का निर्यात होता है। राज्य में ज्वार, रागी, बाजरा आदि नौ प्रकार की बाजरे की फसलें उगाई जाती हैं। भारत में बाजरा बाजार का मूल्य 2022 में 5.05 अरब डॉलर था। इसके 2026 तक 16.7 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (ष्टत्रक्र) से बढ़ने की उम्मीद है। कोरोना की महामारी के कारण 2021 में सालाना राजस्व में 20 लाख रुपये की गिरावट के बाद कंपनी और मजबूत होकर उभरी है। अब कंपनी सभी बाजरा, जौ, गेहूं, मेथी और अन्य खाद्य पदार्थों के फ्लेक्स बनाती है। पुराना संयंत्र रोजाना एक टन नाश्ता और स्नैक्स के साथ 600 किलोग्राम इंस्टेंट मिक्स बना सकता है। नए संयंत्र में हर उत्पाद के दो-दो टन का उत्पादन करने की दैनिक क्षमता होगी। अन्नपूर्णा ने वेंचर शुरू करने के लिए 26 लाख रुपये का कर्ज लिया था। इसे मुश्किल से मंजूरी मिली थी। बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कई असफलताएं देखी थीं। अन्नपूर्णा को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय से 7.5 लाख रुपये की सब्सिडी भी मिली। उन्होंने समय पर कर्ज चुका दिया था।

# दिल्ली-एनसीआर में घरों के दाम सबसे अधिक 30 फीसदी बढ़े



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अप्रैल-जून तिमाही में देश के आठ प्रमुख शहरों में औसत आवास कीमतों में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान दिल्ली-एनसीआर में घरों के दाम सबसे ज्यादा 30 प्रतिशत बढ़े हैं। रियल्टी कंपनियों के निकाय क्रेडाई ने घरों की कीमतों की निगरानी करने वाली दूसरी तिमाही की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वार्षिक आधार पर, जून तिमाही के अंत में आठ प्रमुख शहरों में औसत आवास कीमतों में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

दिलचस्प बात यह है कि समीक्षाधीन आठ में से सात शहरों में वार्षिक मूल्यवृद्धि देखी गई, जिसमें दिल्ली-एनसीआर में साल दर साल सबसे अधिक 30 प्रतिशत की कीमत वृद्धि हुई। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि पिछली कुछ तिमाहियों में रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी देखी गई है, जिसकी पुष्टि शीर्ष आठ शहरों में लेनदेन की मात्रा के साथ-साथ आवास के प्रति प्रचलित सकारात्मक भावनाओं से होती है। आवास कीमतों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ा है।

### चार प्रमुख महानगरों शहरों की स्थिति

दिल्ली-एनसीआर में कीमतों में अधिकतम 30 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह 8,652 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 11,279 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई। कोलकाता में दरें 7,315 रुपये से छह प्रतिशत बढ़कर 7,745 रुपये प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गईं। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में आवास कीमतें 19,111 रुपये प्रति वर्ग फुट से छह प्रतिशत बढ़कर 20,275 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं। वहीं, चेन्नई में कीमतें 7,690 रुपये प्रति वर्ग फुट पर स्थिर रहीं।

### अन्य शहरों का हाल

अहमदाबाद में आवास कीमतें अप्रैल-जून, 2024 में 13 प्रतिशत बढ़कर 7,335 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं, जो एक साल पहले की समान अवधि में 6,507 रुपये प्रति वर्ग फुट थीं। बेंगलुरू में यह 8,688 रुपये प्रति वर्ग फुट से 28 प्रतिशत बढ़कर 11,161 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई। हैदराबाद में आवास कीमतें 10,530 रुपये प्रति वर्ग फुट से सात प्रतिशत बढ़कर 11,290 रुपये प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गई। पुणे में, आवासीय संपत्तियों की कीमतें अप्रैल-जून, 2024 में 13 प्रतिशत बढ़ीं। यह 9,656 रुपये प्रति वर्ग फुट रहीं। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 8,540 रुपये प्रति वर्ग फुट था।

# 9 चौके, 7 छक्के, 194.55 का स्ट्राइक रेट, 23 साल के बल्लेबाज ने गेंदबाजों को लिया आड़े हाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रीमियर लीग 2024 का 15वां मैच साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स और दिल्ली 6 की टीमों के बीच खेला गया. अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस मैच में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने दिल्ली 6 को 88 रन से हराया. इस मैच में 23 साल के ओपनर प्रियांश आर्य साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स की जीत के हीरो रहे. प्रियांश आर्य ने इस मुकाबले में शतकीय पारी खेली. इसी के साथ वह इस लीग में शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाजी भी बने. प्रियांश आर्य ने मुकाबले में काफी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की.

### प्रियांश आर्य ने खेली तूफानी पारी

इस मैच में पुरानी दिल्ली 6 की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था, जो गलत साबित हुआ. पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली सुपरस्टार्स ने 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 253 रन बनाए. इस लीग का सबसे बड़ा टोटल भी है. टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में प्रियांश आर्य का सबसे बड़ा हाथ रहा. प्रियांश आर्य ने 55 गेंद में 107 रन की नाबाद पारी खेली, इस पारी में उन्होंने नौ चौके और सात छक्के लगाए. बता दें, प्रियांश आर्य ने ये रन 194.55 की स्ट्राइक रेट से बनाए.



साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के ओपनर प्रियांश आर्य और सार्थक रंजन इस मैच में टीम की अच्छी शुरुआत दिलाने में कामयाब रहे. दोनों बल्लेबाजों के बीच 101 रन की साझेदारी हुई. इस दौरान सार्थक रंजन 37 गेंद में 49 रन बनाकर आउट हुए. इसके अलावा कप्तान आयुष बदोनी ने 20 गेंद पर 56 रन की जोरदारी पारी खेली. साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने अपनी पारी में 35 बाउंड्री लगाई. इनमें 18 छक्के और 17 चौके शामिल रहे.

### गेंदबाजों ने भी मचाया कहर

236 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुरानी दिल्ली-6 की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 147 रन ही बना सकी. जिसके चलते उसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा. पुरानी दिल्ली-6 की टीम की ओर से अर्नव बग्गा ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए, वहीं अर्पित राणा ने 29 रन और वंश बेदी ने 27 रन का योगदान दिया. दूसरी ओर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए दिग्वेश राठी ने चार ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिए, वहीं अंशुमान हुड्डा और विजन पंचाल को दो-दो सफलता मिली.

## डैन लॉरेंस सलामी बल्लेबाज नहीं हैं: जेफ्री बॉयकॉट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज ज्योफ्री बॉयकॉट ने कहा है कि बल्लेबाज डैन लॉरेंस में सलामी बल्लेबाज का कौशल नहीं हैं। मैनचेस्टर में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में जिस तरह से वह आउट हुए, उसका हवाला देते हुए इंग्लिश दिग्गज ने यह बयान दिया है। मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज लॉरेंस को ओपनिंग के लिए बुलाया गया क्योंकि जैक क्रॉली चोटिल होने के कारण श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गए थे।द टेलीग्राफ में अपने कॉलम में बॉयकॉट ने लिखा, काउंटी क्रिकेट में एसेक्स और अब सरे के लिए निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए उन्हें ओपनर बनाना कुछ ज्यादा ही स्मार्ट फैसला था। ओपनिंग में विशेषज्ञ की जरूरत होती है। डैन लॉरेंस ओपनिंग बल्लेबाज नहीं हैं। क्योंकि, ऑफ स्टंप के आसपास उनका जजमेंट खराब है और उनका शॉट सिलेक्शन भी जोखिम भरा है। हालांकि लॉरेंस ने मैनचेस्टर में पहले टेस्ट की दोनों पारियों में 30 और 34 रन बनाए, लेकिन बॉयकॉट अभी भी दाएं हाथ के बल्लेबाज से बहुत प्रभावित नहीं थे।बॉयकॉट ने आगे कहा कि लॉरेंस, इंग्लैंड के लिए टेस्ट मैचों में ओपनिंग करने वाले डोम सिबली की तरह ही हैं। उन्होंने कहा, वह मुझे डोम सिबली की याद दिलाता है, जिसने 22 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड के लिए ओपनिंग की थी। लॉरेंस लेग साइड को तरजीह देते हैं और हर समय वहीं से रन बनाने की कोशिश करना उनके लिए नुकसानदेह हो सकता है। इसी वजह से वह दूसरी पारी में सीधे खेलने के बजाय लाइन के पार खेलते हुए एलबीडब्ल्यू आउट हो गए।अंग्रेज दिग्गज ने कहा कि लॉरेंस एक अच्छे स्ट्रोक प्लेयर हैं जिस वजह से उनको ओपनिंग में कुछ सफलता जरूर मिल सकती है लेकिन वह लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे। उन्होंने आगे कहा, लॉरेंस गेंद को क्लीन स्ट्राइकर के रूप में खेलते हैं और स्पिनरों के खिलाफ उनके पास कई तरह के स्ट्रोक हैं, लेकिन ओपनर के रूप में लंबे समय तक सफलता तभी मिलेगी जब वह ऑफ स्टंप के आसपास अपने जजमेंट को मजबूत करेंगे और स्ट्रेट खेलेंगे।

## राजनीति में भाग्य आजमाएंगी पदक विजेता मनु भाकर? निशानेबाज ने दिया बड़ा बयान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाकर ने पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक हासिल करते हुए इतिहास रच दिया था। वह ओलंपिक खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली आजादी के बाद से पहली भारतीय एथलीट बनीं।पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाली मनु भाकर सोमवार को अपने ननिहाल चरखी दादरी पहुंची। यहां उन्होंने अपनी भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने राजनीति में एंट्री पर भी बात की। भाकर ने बताया कि वह कभी राजनीति में नहीं आएंगी। उनका लक्ष्य देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। भाकर ने पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक हासिल करते हुए इतिहास रच दिया था। वह ओलंपिक खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली आजादी के बाद से पहली भारतीय एथलीट बनीं। मनु को टोक्यो 2020 ओलंपिक में निराशा का सामना करना पड़ा था, जहां वह अपनी तीनों स्पर्धाओं में फाइनल में पहुंचने में विफल रही थीं।मनु ने अपने ननिहाल के सम्मान को ताउम्र याद रखने की बात कही। उन्होंने कहा- मैं राजनीति में नहीं आऊंगी।

# भारत ने महिला टी20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** हरमनप्रीत कौर यूएई में होने वाले आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की स्टार खिलाड़ियों से सजी टीम की अगुआई करेंगी। दाएं हाथ की बल्लेबाज को उप-कप्तान स्मृति मंधाना सहायता करेंगी जो शैफाली वर्मा के साथ ओपनिंग करेंगी। दयालन हेमलता टीम में शीर्ष क्रम का एक और विकल्प हैं। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष मजबूत बल्लेबाजी क्रम को मजबूती देंगी। ऋचा यास्तिका भाटिया के साथ टीम में नामित विकेटकीपर हैं, जिनका चयन श्रेयंका पाटिल के साथ फिटनेस के आधार पर होगा। दोनों खिलाड़ी पिछले कुछ महीनों से चोटों से जूझ रही हैं। भारत के पास यूएई में होने वाले इस आयोजन के लिए तीन रिजर्व खिलाड़ी भी होंगे जिसमें उमा छेत्री (विकेट कीपर), तनुजा कंवर, साइमा ठाकोर शामिल हैं।

गेंदबाजी विकल्पों में रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, राधा यादव, आशा शोभना और सजना सजीवन शामिल हैं। भारत के पास हरमनप्रीत, सजना, शोभना और दीप्ति के रूप में अच्छे-खासे ऑलराउंडर मौजूद हैं। टूर्नामेंट का नौवां संस्करण अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई और शारजाह में 3 से 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा। भारत ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ है।




**महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया* (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल*, सजना सजीवन

## डब्ल्यूबीबीएल: स्मृति मंधाना एडिलेड स्ट्राइकर्स में हुई शामिल

**एडिलेड, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना आगामी महिलाओं की बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल 10) सीजन के लिए एडिलेड स्ट्राइकर्स में शामिल हो गई हैं। गत विजेता स्ट्राइकर्स ने मंधाना को प्री-ड्राफ्ट में शामिल करने की घोषणा की है। भारतीय सलामी बल्लेबाज का इस लीग में यह चौथा कार्यकाल होगा।

मंधाना को प्री ड्राफ्ट साइनिंग के तहत स्ट्राइकर्स ने अपने दल में शामिल किया है। स्ट्राइकर्स उनकी चौथी डब्ल्यूबीबीएल टीम होगी। इससे पहले वह ब्रिस्बेन हीट, होबार्ट हरिकेंस और सिडनी थंडर का हिस्सा रह चुकी हैं। 2021 में सिडनी थंडर के लिए खेलते हुए उन्होंने मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ 64 गेंदों पर नाबाद 114 रनों की पारी खेली थी जो कि टूर्नामेंट के इतिहास में संयुक्त तौर पर दूसरा व्यक्तिगत सर्वोच्च स्कोर है। इस साल की शुरुआत में मंधना की कप्तानी में डब्ल्यूपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत मिली थी।

मांधना ने कहा, मैं हमेशा ऑस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर काफी उत्साहित रहती हूं। जैसा स्ट्राइकर्स का



इतिहास है, उसे देखते हुए मैं टीम के लिए योगदान देने को लेकर काफी उत्साहित हूं। ल्यूक के साथ काम करने में भी मजा आएगा। एक दूसरे के साथ हमारा पिछला अनुभव भी शानदार रहा है तो इसी को आगे जारी रखने की कोशिश होगी। डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की कोच ल्यूक विलियम्स स्ट्राइकर्स के साथ भी उसी भूमिका में हैं।

स्ट्राइकर्स अपने शीर्ष क्रम को और मजबूत कर सकते हैं। 1 सितंबर को ड्राफ्ट में वह दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वुल्फ़ार्ट को दोबारा अपने दल में शामिल करने की कोशिश कर सकते हैं।

स्ट्राइकर्स की टीम काफी समय से मंधाना को अपने साथ जोड़ना चाहती थी लेकिन पिछले सीजन में अपने वर्कलोड को मैनेज करने के लिए खुद को ड्राफ्ट के लिए नॉमिनेट नहीं किया था। टीम के कोच विलियम्स ने कहा, स्मृति मंधाना एक असाधारण प्रतिभा हैं और हम स्ट्राइकर्स में उनका स्वागत करते हैं। उनकी तकनीकी क्षमता, अनुभव और रणनीति हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। टीम के लिए मैदान पर वह जैसा समर्पण और ऊर्जा लाती है, मैं उसकी साक्षी रह चुकी हूं। उनकी योग्यता और नेतृत्व क्षमता अगले सीजन में हमारे लिए काफी काम आएगी। कुल 19 भारतीय महिला क्रिकेटरों ने डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट के लिए खुद को नामांकित किया है, जो रविवार को होने वाला है। मंधाना पहले ही एडिलेड स्ट्राइकर्स में शामिल हो चुकी हैं। हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा भारत से ड्राफ्ट के लिए नामांकित प्रमुख नामों में से हैं।



## डोमिनिक थिएम आखिरी ग्रैंड स्लैम मैच हारे

नई दिल्ली, एजेंसी। करियर का आखिरी ग्रैंड स्लैम खेल रहे ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम यूएस ओपन के पहले दौर में हार गए हैं। उन्हें सोमवार रात अमेरिका के बेन शेल्टन से सीधे सेटों में 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। यह मैच 50 मिनट तक चला।

हार के बाद 30 साल के थिएम ने कहा कि यह अद्भुत क्षण था, लेकिन दूसरी ओर थोड़ा दुखद भी था, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मुझे इस कोर्ट पर अपना अंतिम अमेरिकी ओपन मैच खेलने का मौका मिला। वे अक्टूबर में आखिरी टूर्नामेंट खेलेंगे। वे वियना में एटीपी 500 इवेंट में हिस्सा लेंगे। वे पहले ही रिटायरमेंट की घोषणा कर चुके हैं कि वे सीजन के अंत में संन्यास ले लेंगे। थिएम ने साल 2020 में यह टूर्नामेंट जीता था।

आर्थर ऐश स्टेडियम में वाइल्ड-कार्ड के तौर पर खेल रहे अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने पहले ही सेट से दबदबा बनाया। उन्होंने सेट को 6-4 के अंतर से जीता। फिर दूसरा सेट 6-2 से जीतते हुए अपनी स्थिति और मजबूत की। बाद तीसरे सेट को 6-2 से अपने नाम करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन का अगला मुकाबला स्पेन के रॉबर्टो बाउतिस्ता अगुत से होगा, जिन्होंने कोर्ट 14 पर इटली के लुका नार्डी को सीधे सेटों में हराया।

यहां थिएम ने कहा- मुझे यहां पहली बार खेले हुए 10 साल हो चुके हैं। यह वास्तव में मेरे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण है, क्योंकि मुझे इस कोर्ट पर मेरी सबसे बड़ी सफलता मिली थी। उस अजीब 2020 में, अजीब और अलग परिस्थितियों में। दुर्भाग्य से मुझे यह सफलता आप में से किसी के बिना मिली। मुकाबले के दौरान बॉल प्रतिद्वंदी के पाले में पहुंचाते हुए। वाइल्ड-कार्ड के तौर पर खेल रहे अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने सीधे सेट में जीत हासिल की।

डिफेंडिंग चैंपियन नोवाक जोकोविच और एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी पहले दौर में अपने-अपने जीत लिए। सर्बियाई स्टार जोकोविच ने माल्डोवा के राडू अल्बोट को 6-2, 6-2, 6-4 से हराया। वहीं, 2020 यूएस ओपन के उपविजेता जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने हमवतन मैक्सिमिलन मार्टेनर को 6-2, 6-7 (5-7), 6-3, 6-2 से हराया।

## दलीप ट्रॉफी से बीमार होने के कारण भारतीय टीम के दो खिलाड़ी बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक को सितंबर में होने वाली दलीप ट्रॉफी के पहले दौर की टीमों से रिलीज कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार (27 अगस्त) को जानकारी दी कि सिराज और उमरान दोनों को बीमारी के कारण बाहर हुए हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाज नवदीप सैनी और पुडुचेरी के तेज गेंदबाज गौरव यादव को शामिल किया गया है।गौरव ने मध्य प्रदेश का भी प्रतिनिधित्व किया है। वह पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाजों में से एक थे। इस बीच, स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली चार टीमों में से एक से रिलीज कर दिया गया है।

## बीसीसीआई छोड़ने से पहले जय शाह का बड़ा ऐलान, क्रिकेटरों पर होगी पैसों की बारिश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह जल्द ही इस पद को छोड़ सकते हैं. खबरें है कि बीसीसीआई के कर्ता-धर्ता जय शाह अभ विश्व क्रिकेट के बॉस बनने वाले हैं. इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले का कार्यकाल खत्म हो रहा है और जय शाह का उनकी जगह लेना लगभग तय है. अब इसका फैसला कब होगा, ये तो आने वाले दिनों में साफ हो जाएगा लेकिन जाने से पहले जय शाह ने भारतीय क्रिकेटरों की झोली में और ज्यादा पैसे का इंतजाम कर दिया है. बीसीसीआई सचिव ने घरेलू क्रिकेट में इनाम का ऐलान किया है, जिसका फायदा महिला क्रिकेटरों



से लेकर जूनियर और सीनियर मेंस क्रिकेटरों तक को भी मिलेगा.

बीसीसीआई के सचिव शाह ने सोमवार 26 अगस्त को 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए बोर्ड के नए फैसले की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि बोर्ड की ओर से अब घरेलू क्रिकेट में महिलाओं के सभी टूर्नामेंट और जूनियर क्रिकेट के सभी टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ियों को इनाम में पैसा भी दिया जाएगा. इतना ही नहीं, सीनियर मेंस क्रिकेट के दो सबसे अहम टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में भी ऐसे अवॉर्ड के साथ प्राइज मनी दी जाएगी. रणजी ट्रॉफी में पहले से ही प्राइज मनी दी जाती रही है.जय शाह के इस फैसले से घरेलू क्रिकेटरों की कमाई में कुछ इजाफा जरूर होगा और ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में और भी सुधार की प्रेरणा मिलेगी. बीसीसीआई सचिव ने इस फैसले की वजह भी बताई. उन्होंने बताया कि इस फैसले से बोर्ड घरेलू क्रिकेटरों के अच्छे प्रदर्शन को पहचान और इनाम देना चाहता है. उन्होंने इस फैसले को पास करने के लिए बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल का भी धन्यवाद दिया और देश के क्रिकेटरों के लिए अच्छा माहौल बनाने के प्रयास को जारी रखने की बात भी कही.

# शाकिब अल हसन जा सकते है जेल? बांग्लादेशी स्टार का करियर अब खत्म !

**ढाका, एजेंसी।**बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन इन दिनों पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान दौरे पर हैं. सीरीज का पहला मुकाबला पूरा हो चुका है, जिसमें बांग्लादेश ने जीत दर्ज की थी. इसी मैच के दौरान शाकिब अल हसन पर हत्या का आरोप लगने की खबर सामने आई थी. इस खबर के आते ही क्रिकेट जगत में सनसनी फैल गई. तो आखिर शाकिब पर किसकी हत्या का आरोप लगा? क्या इससे शाकिब का करियर खत्म हो सकता है?

शाकिब अल हसन के साथ बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर भी हत्या का आरोप लगा. कथित तौर पर हत्या का मामला रफीकुल इस्लाम नाम से शख्स ने दर्ज कराया, जिसके 17 वर्षीय बेटे रुबेल की बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान गोली लगने से हत्या हो गई थी. इस मामले की रिपोर्ट ढाका के एडाबार पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई, जिसमें कथित तौर पर 154 लोगों का नाम शामिल है और शाकिब को इसमें 28वें आरोपी के तौर पर नामित किया गया.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रफीकुल इस्लाम के वकीलों ने शाकिब को पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज से हटाने की



मांग की थी. रिपोर्ट्स में बताया गया कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को एक कानूनी नोटिस भेजा गया था, जिसमें शाकिब को क्रिकेट से प्रतिबंधित करने की बात कही गई थी.

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष फारुक अहमद ने शाकिब के मामले पर बात करते हुए कहा था, देखिए, एफआईआर सिर्फ पहला सूचना पत्र है और जहां तक मुझे पता है उन्होंने अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया है. इसलिए उससे पहले कोई भी फैसला लेना मुश्किल है. उन्होंने आगे कहा, ÷दूसरा टेस्ट 30 अगस्त से है. दूसरे टेस्ट से पहले हम सोच सकते हैं कि इस बारे में क्या करना है. बता दें कि शाकिब अल हसन बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की सरकार में मंत्री थे. बांग्लादेश में हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफा देकर देश से फरार हो गई थीं. इसके बाद शाकिब को भी अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था. गौरतलब है कि अभी शाकिब पर सिर्फ आरोप लगा है, ऐसे में उनेक करियर को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता है. अगर उन पर लगा हुआ आरोप सही साबित होता और उन्हें सजा मिलती है, तो इस स्थिति में उनका करियर खत्म हो सकता है.

इश्कबाज फेम नवीना बोले

# 7 साल बाद पति से ले रहीं तलाक

फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में कब रिश्ते बनते और कब बिगड़ते हैं पता ही नहीं चलता। अब तक कई फेमस जोड़ियों के तलाक हो चुके हैं। वहीं, अब टीवी के फेमस शो इश्कबाज में टिया का रोल निभा चुकीं एक्ट्रेस नवीना बोले भी अपने पति से तलाक लेने जा रही हैं। शादी के 7 साल बाद वह पति जीत करनानी से अलग होने जा रही हैं। इस बात का खुलासा एक्ट्रेस ने खुद किया है।

इस खबर ने उनके फैंस को हैरान कर दिया है। नवीना ने बताया कि दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। मीडिया से बातचीत में नवीना ने बताया कि दोनों तीन महीने पहले से ही अलग हो गए थे और अब वे कानूनी कार्यवाही के लिए तैयारी कर रहे हैं।उन्हें एहसास हुआ कि वे एक-दूसरे के साथ नाखुश रहकर जीने से अच्छा है अलग और खुश रहा जाए। नवीना ने ये भी खुलासा किया कि हम अपनी पांच साल की बेटी किमायरा की को-पैरेंटिंग कर रहे हैं।

जीत सप्ताह में दो दिन उसके साथ बिताते हैं। हमारा अलग होने का फैसला आपसी सहमति से हुआ। तलाक के फैसले की वजह पर जवाब देते हुए नवीन ने कहा कि वो दोनों शुरुआत में खुश थे, लेकिन धीरे-धीरे दोनों के बीच दूरियां आती गईं।





# कोहरा सीज़न 2 के कलाकारों में शामिल हुईं मोना सिंह

मोना सिंह, जो अपने असाधारण अभिनय और जादुई प्रेरणा के रूप में अपनी प्रतिष्ठा के लिए जानी जाती हैं, निस्संदेह सीज़न 2 के लिए जादुई औषधि हैं। चाहे वह मेड इन हेवन सीज़न 2 हो या अब कोहरा सीज़न 2, उनकी उपस्थिति सीरीज़ में एक आकर्षक आकर्षण जोड़ने का वादा करती है। बुलबुल जौहरी के अपने किरदार के लिए जानी जाने वाली सिंह की भागीदारी निश्चित रूप से चमक की एक अतिरिक्त परत जोड़ेगी।

सुदीप शर्मा द्वारा निर्मित, क्राइम ड्रामा 'कोहरा' ने अपने पहले सीज़न में देश भर में तहलका मचा दिया, आलोचकों की अपार प्रशंसा प्राप्त की और कई पुरस्कार जीते। इस सीरीज़ ने दर्शकों को अपने अपेक्षाकृत कम चर्चित कलाकारों की उल्लेखनीय प्रतिभाओं से परिचित कराया, अब मोना सिंह के रूप में एक सच्चे आइकन का स्वागत कर रही है, जो अपने द्वारा बनाई गई परियोजनाओं को ध्यान और प्रशंसा दिलाने में जादुई तत्व रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मोना दूसरे सीज़न में नवीनतम जोड़ी हैं, जिसकी शूटिंग पंजाब में की जा रही है।



## प्रभास के बड़े प्रशंसक हैं अमिताभ बच्चन

कल्कि 2898 एडी में प्रभास और अमिताभ बच्चन एक दूसरे से भिड़ते नजर आए थे। फिल्म के निर्देशक नाग अश्विन ने कुछ किस्से साझा करते हुए कहा है कि दोनों एक दूसरे के बड़े प्रशंसक हैं। हाल में ही प्रभास पर अरशद वारसी द्वारा किए गए टिप्पणी पर काफी विवाद हुआ। इस बीच कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन ने प्रभास को लेकर एक बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने यह देखकर काफी आश्चर्य हुआ कि अमिताभ बच्चन, प्रभास के बड़े प्रशंसक हैं। प्रभास और अमिताभ बच्चन के अभिनय वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी हाल में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर विभिन्न भाषाओं में रिलीज हुई है।

कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन ने दोनों अभिनेताओं के मन में एक दूसरे के लिए आदर और सम्मान का जिक्र करते हुए एक किस्सा साझा किया। नाग अश्विन ने कहा, प्रभास गारू अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े प्रशंसक हैं, वे शूटिंग के वक्त काफी ज्यादा गौरवान्वित थे। हमने जब अश्वत्थामा का पहला दृश्य शूट किया, तो भी वो वहां मौजूद थे।



सई मांजरेकर बोलीं-

# औरों में कहां दम था को पूरे दिल से बनाया गया था

## कम कमाई से हुई निराशा

अजय देवगन और तब्बू की मुख्य भूमिका वाली फिल्म औरों में कहां दम था का रिलीज होने के पहले दिन ही दम निकल गया था। फिल्म ने पहले दिन केवल 1.85 करोड़ रुपये के साथ शुरूआत की थी और जब तक सिनेमाघरों में रही, तब तक इसकी हालात पतली ही रही।

इसमें अभिनेत्री सई मांजरेकर ने भी अहम रोल निभाया था। एक हालिया साक्षात्कार में उन्होंने अपनी इस फिल्म की कम कमाई को लेकर बातचीत की। सई मांजरेकर ने फिल्म औरों में कहां दम था में तब्बू के किरदार वसुधा के बचपन का रोल किया था। उन्होंने फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर हुए कम कलेक्शन को लेकर हिंदुस्तान टाइम्स से हुई बातचीत में कहा कि ये वाकई में निराशाजनक था, क्योंकि इस फिल्म को दिल से बनाया गया था। इसे बनाने में काफी मेहनत की गई थी। सई ने कहा कि खून, पसीना और आंसू भी बहाए गए थे। फिल्म से जुड़े लोग चाहते थे कि लोग इसे प्यार दें और औरों में कहां दम था अधिक से अधिक दर्शकों के बीच जा सकें। सई ने औरों में कहां दम था के कम कलेक्शन पर आगे बोलते हुए कहा कि वो समय गलत था। हालांकि, सई ने उम्मीद जताते हुए ये भी कहा कि उन्हें लगता है कि ओटीटी पर औरों में कहां दम था को दर्शक मिल जाएंगे।

बता दें कि इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड केवल 15.79 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसका घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 12.18 करोड़ रुपये था। सई मांजरेकर के फिल्मी करियर की खास बात ये है कि वो मसाला फिल्मों से दूरी बनाकर रखती हैं। यह उनका सोच-समझकर लिया फैसला है। हालांकि, उनका कहना है कि इसमें ऑफर की कमी भी एक कारण है। सई ने कहा कि वो कुछ दमदार काम करके दिखाना चाहती हैं ताकि एक ऐसी जगह पर पहुंच जाएं, जिसके बाद ऐसा कुछ करने की जरूरत ना पड़े।



फिल्म अभिनेता और निर्देशक महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर के करियर की बात करें तो उन्होंने मेजर, कुछ खट्टा हो जाए, घनी, अंतिम, मेजर, दबंग, स्कंद और काकस्पर्श में काम किया है। उनकी उम्र 22 साल है। वो हिंदी के साथ-साथ मराठी और तेलुगु सिनेमा में भी काम करती हैं।

कैंसर से जूझ रही हिना खान ने कहा-

# कश्मीर की बहुत याद आती है

**ब्रेस्ट कैंसर के तीसरे स्टेज का इलाज करा रही टीवी अभिनेत्री हिना खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक फोटो शेयर कर पुरानी यादें ताजा की। हीना ने कहा, उन्हें कश्मीर की बहुत याद आती है। जम्मू- कश्मीर के श्रीनगर में जन्मी हिना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फोटो शेयर की।**

हिना ने अपने पुराने दिनों का याद करते हुए फोटो कैप्शन दिया। यह जगह मेरे दिल के बहुत करीब है। एक कश्मीरी के तौर पर, जो हमेशा इसकी राजसी सुंदरता और शांति से अभिभूत रहती है, मुझे कश्मीर की बहुत याद आती है। बता दें कि हिना ने हाल ही में अपनी मां का जन्मदिन मनाया। हिना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था। हिना की मां ने कहा, मेरी एक ही इच्छा है कि हिना अगली बार इस समय तक पूरी तरह से ठीक हो जाए और फिर हम जश्न मनाएंगे। यही मेरी दिल से इच्छा है।

हिना की मां ने कैप्शन में लिखा था, आपके अच्छे स्वास्थ्य, खुशी और लंबी उम्र की कामना करती हूं..आमीन। 28 जून को हिना खान ने अपने फैंस के सामने अपनी बीमारी के बारे में बताया था। उन्होंने कहा कि कुछ महत्वपूर्ण समाचार साझा करना चाहती हूं, जो मुझे प्यार करते हैं और मेरी परवाह करते हैं। मुझे स्टेज थ्री ब्रेस्ट कैंसर का पता चला है। मैं सभी को आश्वस्त करना चाहती हूं कि मैं ठीक हूं। मैं इस बीमारी पर काबू पाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरा इलाज शुरू हो चुका है, और मैं इससे और भी मजबूत होकर उभरने के लिए हर जरूरी काम करने के लिए तैयार हूं। हिना को सबसे लंबे समय तक चलने वाले पारिवारिक ड्रामा ये रिश्ता क्या कहलाता है में अक्षरा के रूप में जाना जाता है।

हिना के साथ, शो में पहले करण मेहरा, शिवांगी जोशी, मोहसिन खान, प्रणाली राठौड़ और हर्षद चोपड़ा ने अभिनय किया था। 36 वर्षीय अभिनेत्री ने फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी 8, बिग बॉस 11 और बिग बॉस 14 जैसे रियलिटी शो में भी भाग लिया है। वह कसौटी जिंदगी की जैसे शो का हिस्सा रही हैं जिसमें उन्होंने कोमोलिका की भूमिका निभाई थी।





# अगर हम वास्तविक समानता हासिल कर लें तो हर दिन एक उत्सव होगा: काम्या पंजाबी

महिला समानता दिवस पर बात करते हुए अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने कहा कि अगर वास्तविक समानता हासिल कर ली जाए तो हर दिन एक उत्सव होगा।

काम्या ने कहा, हम इसके बारे में बात करते हैं और इसका जश्न मनाते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि अगर हम वास्तविक समानता हासिल कर लें तो हर दिन एक जश्न होगा। यह किसी खास दिन या अवसर तक सीमित नहीं होगा। दुर्भाग्य से हमें समाज में अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है।लोग कहते हैं कि चीजें बदल गई हैं, लेकिन हम जानते हैं कि अभी भी भरोसे और विश्वास की कमी है। मुझे अक्सर लगता है कि समानता का विचार उन लोगों के लिए एक मजाक है, जो असमानताओं को नहीं देख पाते . उन्होंने आगे कहा, मनोरंजन उद्योग में यह और भी मुश्किल है। यहां लोग एक-दूसरे का समर्थन करने के बजाय अपना स्टेटस बनाए रखने पर अधिक ध्यान देते हैं। समर्थन की यह कमी और असुरक्षा हमें पीछे धकेल देती है। अभिनेत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम ऐसे क्षेत्रों में एक-दूसरे का समर्थन करना शुरू करें। मनोरंजन का मतलब दर्शकों का मनोरंजन करना है, लेकिन इसमें सामाजिक संदेश देने की भी शक्ति है। हमें एक-दूसरे का समर्थन करते हुए बेहतरीन चीजें बनाने के लिए एक साथ आने की आवश्यकता है।

टेलीविजन शो में महिलाओं के काम को लेकर काम्या ने कहा, एक समय था जब महिलाओं को अक्सर कमजोर दिखाया जाता था, इसके बावजूद भी वह अपने दम पर दृढ़ रहते हुए अपने परिवार का समर्थन करने में कामयाब रहीं।





# सपोर्टिंग एक्टर्स के लिए मेकर्स के पास नहीं होते पैसे, होता है शोषण:रजित कपूर

हेमा कमेटी रिपोर्ट सामने आने के बाद एक तरफ जहां मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में उथल-पुथल मची हुई है तो वहीं दूसरी तरफ एक सीनियर एक्टर ने बॉलीवुड की पोल खोल दी है। राजी में आलिया भट्ट के पिता हिदायत खान की भूमिका निभाने वाले रजित कपूर ने बॉलीवुड को लेकर कुछ ऐसे खुलासे किए हैं, जो बॉलीवुड की हकीकत बयां करते हैं। अभिनेता ने बॉलीवुड में एक्टर्स को शोषित किए जाने और पे पैरिटी पर बड़ा खुलासा किया है।

रजित कपूर के अनुसार, इंडस्ट्री में सपोर्टिंग या साइड एक्टर्स को कम पैसे या फिर बिना पेमेंट के काम करने के लिए मजबूर किया जाता है और पेमेंट दी भी जाती है तो कभी समय पर नहीं दी जाती। अनफिल्टर्ड बाय समदीश में बातचीत के दौरान रजित कपूर ने इंडस्ट्री के स्ट्रक्चर्ड सिस्टम की कमी को संबोधित किया और इसे पे डिसपैरिटी का सबसे बड़ा कारण बताया। उन्होंने बताया कि कास्टिंग एजेंसियां, जो लगभग पांच साल से मौजूद हैं

ने भी इसमें कोई खास फर्क नहीं डाला है। कास्टिंग एजेंसियों से पहले डायरेक्टर और असिस्टेंट डायरेक्टर्स पर एक्टर्स के चुनाव की जिम्मेदारी थी। ऐसे में अक्सर उन्हें अधर में छोड़ दिया जाता था, पेमेंट के किसी आश्वासन के बिना कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता था। रजित कपूर ने यह भी कहा कि एक्टर्स को लंबे समय तक अपने वेतन के भुगतान का इंतजार करना पड़ता है, इसके बाद भी उनके मुआवजे की वकालत करने वाला कोई नहीं था, जिसके कारण शोषण से भरी व्यवस्था कायम हो गई। वह कहते हैं- आज भी शोषण हो रहा है। भले ही आप 20,000

रुपये के लायक हों, वे कहेंगे, अगर आप ये करना चाहते हैं, तो 10,000 रुपये में करें। नहीं तो ऐसे बहुत सारे लोग हैं, जो एक अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ऐसा आज भी होता है। ये पूछे जाने पर कि क्या कास्टिंग एजेंसियों के के आने से इंडस्ट्री में कोई सुधार हुआ है?

तो जवाब में रजित कपूर ने कहा कि प्रोफेशनलिज्म के दिखावे के बावजूद, स्थिति काफी हद तक जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जहां कॉर्पोरेट कर्मचारियों को 7 से 15 दिनों के अंदर पे कर दिया जाता है, वहीं अभिनेता अक्सर अपने पेमेंट के लिए 90 दिनों तक इंतजार करते रहते हैं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि अगर वह इसे लेकर किसी निर्माता के खिलाफ खड़े होने की कोशिश भी करें तो भविष्य में काम गंवाना पड़ सकता है। दिग्गज अभिनेता ने इंडस्ट्री के अंदर फाइनेंस वित्तीय असमानताओं के बारे में भी बात की।

# स्त्री 3 में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय कुमार?



स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़ रही है। यह पहली हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जो इतनी शानदार कमाई कर रही है। अमर कौशिक की इस फिल्म को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय कुमार के कैमियो की भी खूब चर्चा हुई थी। अब हाल ही में, अक्षय कुमार के कैमियो पर लेखक निरेन भट्ट ने कुछ दिलचस्प खुलासे किए हैं। इस फिल्म की सबसे खास बात यह है कि न सिर्फ मुख्य कलाकार ही सबका ध्यान अपनी ओर नहीं खींच रहे हैं, बल्कि कैमियो भी सभी को पसंद आ रहे हैं।

साभार-एजेंसी